वर्ष- 13 अंक - 255
लखनऊ, सोमवार 18 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



चोरी करने आये बदमाशों को पकड़ने के दौरान चली गोली से अधिवक्ता के दो भतीजे घायल 10
श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य व सम्मान सर्वोपरि : केशव 03

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार लगातार कर रही प्रयास

## उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए नए शिक्षक एवं अनुदेशकों की नियुक्ति की जाएगी : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- बेसिक शिक्षा विभाग के 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने बढ़े मानदेय व स्वास्थ्य सुरक्षा सुविधा का किया शुभारम्भ
- 10,000 नए शिक्षकों का अधियाचन शिक्षा सेवा चयन आयोग को भेजा गया : सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद की कायाकल्प यात्रा को और अधिक मजबूती देने के लिए प्रदेश सरकार 20 हजार नए शिक्षक और अनुदेशकों की नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में शिक्षा आयोग का गठन किया गया है, जो विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों का चयन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि 10 हजार नए शिक्षकों का अधियाचन भेजा जा चुका है, जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नए अनुदेशकों की नियुक्ति भी की जाएगी। इससे छात्र-शिक्षक अनुपात भी बेहतर होगा। मुख्यमंत्री रविवार को लोकभवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24 हजार 717 अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान समारोह एवं बढ़े हुए मानदेय के चेक वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2011-12 में बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अंशकालिक अनुदेशकों की नियुक्ति शुरू की गई थी। उस समय उन्हें सात हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाता था। वर्तमान में कला शिक्षा के आठ हजार 469, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के नौ हजार 645 तथा कार्यानुभव शिक्षा के छह हजार 192 अनुदेशक कार्यरत हैं और कुल संख्या 24 हजार 296 रह गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2011-12 से लेकर 2022 तक इनके मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई थी। वर्ष 2019 में अनुदेशक महासंघ के साथ बैठक में उन्होंने स्वयं प्रस्ताव मांगा था, लेकिन चुनाव अधिसूचना के कारण निर्णय नहीं हो सका। वर्ष 2022 में सरकार ने दो हजार रुपये की वृद्धि की, लेकिन सरकार स्वयं भी इससे संतुष्ट नहीं थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब उनकी सरकार बनी, उस समय बेसिक शिक्षा परिषद की स्थिति बेहद खराब थी। 100 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों में अनुदेशकों की सेवाएं समाप्त करने तक के प्रस्ताव आए थे। सरकार ने उन्हें अस्वीकार करते हुए 'स्कूल चलो अभियान' और 'ऑपरेशन कायाकल्प' की शुरुआत की। आज परिणाम यह है कि 96 प्रतिशत बेसिक विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं और विद्यालयों की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि ड्रॉपआउट दर, जो पहले 17-18 फीसदी थी, अब घटकर लगभग तीन फीसदी रह गई है और सरकार का लक्ष्य इसे शून्य तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन कायाकल्प' को नीति आयोग ने देश के सामने एक सफलता की कहानी सरकार की साफ नीयत और स्पष्ट नीति के कारण आज प्रदेश में लगभग एक करोड़ 60 लाख बच्चे बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बच्चों के लिए जूते-मोजे, यूनिफॉर्म, स्वेटर और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की है। अभिभावकों के बैंक खातों में सीधे धनराशि भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें समय पर उपलब्ध करा दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिकों और निराश्रित बच्चों के लिए 18 अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं जहां 18 हजार बच्चे एक साथ रहकर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इन विद्यालयों में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया गया है और भोजन एवं आवास की पूरी व्यवस्था सरकार कर रही है। इसी तर्ज पर प्रत्येक जनपद में दो-दो मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय विकसित किए जा रहे हैं, जहां प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की शिक्षा, खेलकूद, स्किल डेवलपमेंट और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडे, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, सदस्य विधान परिषद इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह, डॉक्टर लालजी प्रसाद निर्मल, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा और अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा उपस्थित रहे।

### सभी अनुदेशक पोर्टल पर कराएं पंजीकरण, जल्द मिलेगा स्वास्थ्य कार्ड

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मानना है कि अनुदेशक, शिक्षामित्र और बेसिक शिक्षा से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी का सम्मान और मानदेय गरिमापूर्ण होना चाहिए। लंबे समय से चली आ रही मांगों को स्वीकार करते हुए सरकार ने अब अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया है। साथ ही उन्हें और उनके परिवारों को पांच लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अनुदेशक बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा तैयार पोर्टल पर तत्काल पंजीकरण कराएं ताकि अगले सप्ताह बड़े समारोह में स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों, 24,296 अनुदेशकों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भारत की शिक्षा की नींव मजबूत करने के लिए निरंतर योगदान दे रहा है, उसे सामाजिक सुरक्षा की गारंटी अवश्य मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ा हुआ मानदेय सीधे बैंक खाते में भेजा जाएगा और कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी इससे जुड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2019 में अनुदेशक बहनों को छह माह का पूर्ण मानदेय सहित मातृत्व अवकाश दिया था। वर्ष 2023 में स्वेच्छा से विद्यालय परिवर्तन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिसके तहत चार हजार से अधिक अनुदेशकों को अपनी पसंद का विद्यालय चुनने का अवसर मिला।

# भारत-नीदरलैंड ने आपसी संबंधों को मजबूत करने पर व्यक्त की सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रोब जेटेन के साथ आधिकारिक वार्ता में दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की। साझा मूल्यों और आपसी विश्वास के साथ-साथ दोनों देशों के बीच बढ़ते सामंजस्य और सहयोग को देखते हुए, नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया।

उन्होंने व्यापार और निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, समुद्री क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा और शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए एक महत्वाकांक्षी सामरिक साझेदारी रोडमैप अपनाने पर भी सहमति व्यक्त की। बढ़ते व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार साझेदारी पर ध्यान देते हुए, नेताओं ने कहा कि भारत की विकास गाथा द्वारा प्रस्तुत अवसर डच कंपनियों के लिए बेहतर व्यावसायिक संभावनाएं प्रदान करते हैं। दोनों नेताओं ने निरंतर उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। जल, कृषि और स्वास्थ्य में सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने बड़े पैमाने की जल परियोजनाओं पर सहयोग के माध्यम से जल पर रणनीतिक साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ करने पर करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान, डिजिटल स्वास्थ्य, कृषि और खाद्य सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग का भी स्वागत किया।

## सीएनजी कीमतों में फिर एक रुपए की बढ़ोतरी

### दिल्ली में 80.09 रुपये प्रति किलो

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमतों में तीन दिन के भीतर दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। नई दरें रविवार से लागू हो गई हैं। ताजा बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में सीएनजी एक रुपये प्रति किलोग्राम महंगी होकर 80.09 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले 15 मई को गैस कंपनियों ने सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की थी। लगातार दूसरी बढ़ोतरी के साथ तीन दिनों में सीएनजी कुल तीन रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो चुकी है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा जारी नई दरों के अनुसार नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमत बढ़कर 88.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं, मुंबई में सीएनजी लगभग 84 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी तीन रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि हुई थी।

## ट्रक-कार की भिड़ंत में चार की मौत, एक घायल

- बागेश्वरधाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार के उड़े परखच्चे

**एजेंसी, हमीरपुर।**



उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव के निकट रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत से आम लोग खफा हो गये हैं। हादसा इतना वीभत्स था कि कार के परखच्चे उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति करीब 90 से 100 किमी प्रति घंटा थी। टक्कर के बाद कार के एयरबैग भी खुल गए, लेकिन गति इतनी तेज थी कि वे भी सवारियों की जान नहीं बचा सके। हादसे की सूचना पाते ही परिजन मौके पर पहुंचे और अपनों के शव देख बिलख-बिलख कर रो पड़े। उधर हादसे में घायल एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि कार (संख्या यूपी 78 जेटी 6352) में सवार सभी लोग कानपुर और लखनऊ के रहने वाले थे। मृतकों में कानपुर के नवाबगंज निवासी 55 वर्षीय नरेन्द्र कुमार, कानपुर निवासी 57 वर्षीय राजकपूर, सिग्नेचर सिटी चौराहा नवाबगंज की 54 वर्षीय मीना पत्नी रमेशचंद्र दुबे शामिल हैं। इसके अलावा, कार चला रहे लखनऊ निवासी 25 वर्षीय युवक आयुष चौहान की भी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई 52 वर्षीय रेखा पत्नी नरेन्द्र कुमार को जिला अस्पताल से कानपुर भेजा गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मौदहा और आसपास के क्षेत्रों में गहरा शोक छा गया है।

# ईद-उल-अजहा के चांद के दीदार नहीं हुए 28 मई को मनाई जाएगी बकरीद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारत में जिलहिज्जा का चांद दिखाई नहीं देने के कारण बकरीद (ईद-उल-अजहा) 28 मई 2026 को मनाई जाएगी। चूंकि इस्लामी कैलेंडर चांद के दर्शन पर आधारित होता है, इसलिए देश भर की मरकजी चांद कमेटियों द्वारा आधिकारिक पुष्टि के बाद इस तारीख की घोषणा की गई है।

राजधानी समेत देश में कहीं पर भी रविवार को ईद उल अजहा का चांद नजर नहीं आया। लिहाजा बकरीद का त्यौहार अब 28 मई को मनाया जाएगा। ईदगाह के शाही इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने मीडिया से कहा, भारत में कहीं भी चांद नजर नहीं आया है। बकरीद 28 मई को मनाई जाएगी। उन्होंने कहा, चांद नहीं दिखा है। वहीं मौलाना सैफअब्बास ने भी ऐलान किया कि ईद उल अजहा या जुहा का त्यौहार 28 मई को मनाया जाएगा। मौलाना सैफ अब्बास ने एक बयान में कहा देश के किसी हिस्से से चांद नजर आने की कोई खबर है। मौलाना सैफ अब्बास ने कहा बकरीद का त्यौहार चांद दिखने के 10वें दिन मनाया जाता है। मौलाना खालिद रशीद ने मुस्लिम समुदाय के जिन लोगों के पास करीब 612 ग्राम चांदी है या इसके बराबर के पैसे हैं, उन पर कुर्बानी वाजिब है। मौलाना ने कहा, यह जरूरी नहीं है कि कुर्बानी अपने घर या शहर में ही की जाए।



# बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह का हुआ भव्य आयोजन

▶ जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अनुदेशकों के बढ़े हुए मानदेय के डेमो चेक का मंत्री ने किया वितरण



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री उत्तर प्रदेश, दानिश आजाद अंसारी, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक तरबगंज प्रेम नारायन, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी, सांसद गोण्डा के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र, सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को भी सामूहिक रूप से सुना, जिसमें अनुदेशकों के योगदान और उनके मानदेय वृद्धि से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में उपस्थित अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के डेमो चेक वितरित किए गए। इस दौरान अतिथियों ने अनुदेशकों के समर्पण, निष्ठा और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अनुदेशकों के सम्मान से जुड़ा यह पहल उनके मनोबल को बढ़ाने वाला बताया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रयासों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयासों से संपन्न हुआ, जो शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।

कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदर गोण्डा जितेंद्र गौतम, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में अनुदेशकगण उपस्थित रहे।

# चोरी की घटना का खुलासा, एक गिरफ्तार

▶ गोण्डा रेलवे स्टेशन पर चोरी का एक मोबाइल व एक टेबलेट बरामद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक रेलवे महोदय अनुभाग गोरखपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्राधिकारी अनुभाग गोरखपुर के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी गोण्डा के नेतृत्व में थाना जीआरपी गोण्डा पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वस्तुओ की चेकिंग की जा रही थी कि प्लेटफार्म नं0-4/5 के पूर्वी अन्तिम छोर के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया तथा मु0अ0सं0-49/26 धारा 317 (2) बीएनएस थाना जीआरपी गोण्डा पंजीकृत कर अभियुक्त के कब्जे से एक अदद चोरी का टेबलेट सैमसंग कम्पनी का व मु0अ0सं0 17/26 से सम्बन्धित चोरी का एक अदद मोबाइल मोट्रोरोला कम्पनी का बरामद हुआ। पूर्व मे थाना स्थानीय पर पंजीकृत चोरी की घटना का सफल अनावरण कर अभियुक्त की गिरफ्तारी करते हुए अभियोग में धारा 317 (2) बीएनएस की बढोत्तरी किया गया तथा पूछताछ में जानकारी हुई कि रेलवे स्टेशन गोण्डा के आसपास ट्रेन के अन्दर तथा प्लेटफार्म पर सो रहे व्यक्तियो का मोबाइल व सामान चोरी कर बेचने के लिए आया था। उक्त चोरी हुये मोबाइल के साथ जीआरपी पुलिस गोण्डा द्वारा आज दि0-07-05-2026 को रेलवे स्टेशन गोण्डा के पीएफ नं0 04/05 के पूर्वी अन्तिम छोर से गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### तपती धूप में गांव-गांव पहुंचकर जमीन की पैमाइश



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** संपूर्ण समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण को लेकर क्षेत्रीय राजस्व लेखपाल शिवनाथ पांडेय रविवार को भी क्षेत्र में सक्रिय रहे। छुट्टी के दिन उन्होंने ग्राम पुरैना, राजा पुरवा, बरानिजाम और सिसहना पंडित पुरवा पहुंचकर जमीन की पैमाइश की। तेज धूप और गर्मी के बीच सरकारी जमीनों का सीमांकन कराया गया तथा भूमि विवादों से जुड़े मामलों की मौके पर जांच की गई। कई स्थानों पर संबंधित पक्षों की मौजूदगी में नापजोख कर स्थिति स्पष्ट की गई।ग्रामीणों ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व टीम मौके पर पहुंची, जिससे लोगों को राहत मिली। क्षेत्र में की गई पैमाइश और जांच की चर्चा पूरे दिन होती रही।

### पैसे न देने पर बेटे ने मां को पीटा



▶ शराब की लत बनी वजह, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा इलाके में शराब के लिए पैसे न देने पर एक बेटे ने अपनी मां की बेल्ट और लात-घूंसों से पिटाई कर दी। यह घटना शनिवार शाम ईटहा गांव में हुई। घायल बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। ईटहा गांव निवासी सोना देवी अपने बेटे सुशील और बहुओं के साथ रहती हैं। शनिवार शाम को बेटे सुशील ने उनसे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब सोना देवी ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो सुशील नाराज हो गया और उसने अपनी मां पर हमला कर दिया। सुशील ने बेल्ट और लात-घूंसों से सोना देवी की पिटाई की। उनकी चीख-पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाया। बहू सावित्री देवी ने बताया कि सुशील अक्सर शराब के लिए पैसे मांगता रहता है और पैसे न मिलने पर घर में झगड़ा करता है। घायल सोना देवी को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, उनकी हालत अब स्थिर है।

### नानपारा सीएचसी में कुल्हे का ट्रांसप्लांट



▶ गिरकर घायल बुजुर्ग महिला का किया सफल ऑपरेशन

▶ कई डॉक्टरों ने खड़े कर दिए थे हाथ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा सीएचसी में पहली बार कुल्हे के पार्टियल ट्रांसप्लांट का सफल ऑपरेशन किया गया। सीएचसी करीब पांच दशकों में इस तरह की सर्जरी पहली बार सफलतापूर्वक किया गया है। सीएचसी में तैनात ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने खैरीघाट निवासी 65 वर्षीय जयदेवी के कुल्हे का पार्टियल ट्रांसप्लांट किया। परिजनों ने बताया कि पिछले महीने जयदेवी घर के आंगन में गिर गई थीं, जिससे उनके कुल्हे में गंभीर चोट आ गई थी। इलाज के लिए परिजन उन्हें बहराइच के कई अस्पतालों और डॉक्टरों के पास लेकर गए, लेकिन कहीं भी ऑपरेशन नहीं हो सका। इसके बाद परिचित की सलाह पर उन्हें नानपारा सीएचसी लाया गया। यहां जांच के बाद डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने ऑपरेशन की सलाह देते हुए सफल सर्जरी का भरोसा दिलाया। परिजनों की सहमति के बाद डॉक्टरों की टीम ने शनिवार को ऑपरेशन कर कुल्हे का पार्टियल ट्रांसप्लांट किया। सर्जरी सफल होने के बाद परिजनों ने राहत जताई और डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया।

### विवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव

▶ पिता ने पति और सास पर हत्या का आरोप लगाया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** दरगाह थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका की पहचान चांदमारी इलाके की रहने वाली सुप्रिया के रूप में हुई है। उसका विवाह एक वर्ष पूर्व बख्शीपुरा इलाके के कृष्ण कश्यप से हुआ था। शनिवार शाम को उसका शव घर के कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका के पिता ने उसके पति और सास के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए एक शिकायती पत्र दिया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, 30 वाहनों का हुआ ई-चालान



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** यातायात पुलिस बलरामपुर सभी नागरिकों से अनुशासित होकर यातायात नियमों का पालन करने और शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील करती है पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे एवं क्षेत्राधिकारी यातायात वीरसेन सिंह* के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री उमेश सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, गलत दिशा में वाहन चलाने तथा तीन सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध चालान/समन की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त ड्रंक एंड ड्राइव अभियान के अंतर्गत नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों एवं मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों के विरुद्ध भी सघन चेकिंग कर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 30 वाहनों का ई-चालान करते हुए रु. 2,21,000 का समन शुल्क लगाया गया। यातायात पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग तथा सुरक्षित वाहन संचालन हेतु प्रेरित किया जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यातायात पुलिस बलरामपुर सभी नागरिकों से अनुशासित होकर यातायात नियमों का पालन करने और शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील करती है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु इस प्रकार के औचक निरीक्षण और चेकिंग अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# थर्ड शिफ्ट समाप्त किए जाने के विरोध में निजी आईटीआई प्रबंधकों ने सौंपा ज्ञापन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



देवीपाटन मंडल में संचालित निजी आईटीआई संस्थानों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों ने डीजीटी द्वारा थर्ड शिफ्ट समाप्त किए जाने के विरोध में देवीपाटन मंडल के प्रभारी संयुक्त निदेशक श्री राम सिंह को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से निजी आईटीआई संचालकों ने अवगत कराया कि थर्ड शिफ्ट समाप्त होने से संस्थानों में प्रवेश हेतु सीटों की संख्या में भारी कमी आएगी, जिससे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित हो सकते हैं। साथ ही अनेक अनुदेशकों के बेरोजगार होने की समस्या भी उत्पन्न होगी।

इस दौरान प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों ने NIMS पोर्टल पर इंस्ट्रक्टर डाटा फीडिंग में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर करने, प्रक्रिया को सरल बनाए जाने तथा अतिरिक्त समय दिए जाने की मांग भी उठाई। इसके अतिरिक्त निजी आईटीआई की फीस को शासन की गाइडलाइन के अनुरूप बढ़ाए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। प्रभारी संयुक्त निदेशक श्री राम सिंह ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु सक्षम स्तर पर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर देवीपाटन मंडल के विभिन्न जनपदों से आए निजी आईटीआई संस्थानों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। उपस्थित प्रमुख लोगों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आईटीआई विष्णुपुरी कॉलोनी गोंडा के प्रबंधक हरीश गुप्ता, मॉडर्न आईटीआई के योगेंद्र सैनी, सविता आईटीआई के दीनदयाल, हनुमंत लाल पांडे, अजय कुमार, श्री मां आईटीआई के हरीश पटेल, डीपी पांडे आईटीआई के राजीव पांडे, जनता आईटीआई के जगदंबा शरण, नरेंद्र मेमोरियल आईटीआई के नितेश श्रीवास्तव, आरबीटीएम आईटीआई के विनय कुमार त्रिपाठी, ठाकुर दिलीप सिंह आईटीआई, श्रीमती केवला देवी आईटीआई के नरेंद्र, हरिराम चौहान आईटीआई के जितेंद्र कुमार, सविता आईटीआई के अरविंद श्रीवास्तव तथा साधना आईटीआई के गौरव श्रीवास्तव सहित अन्य प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने सौर ऊर्जा संयंत्र व कर्तव्य वाटिका का किया उद्घाटन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**



रविवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय तरबगंज, जनपद गोण्डा में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय गोण्डा के सौजन्य से स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र (05 किलोवॉट) एवं कर्तव्य वाटिका (101 औषधीय एवं फलदार वृक्ष) का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं हरित वातावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में सौर ऊर्जा एवं वृक्षारोपण जैसी पहलें न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने फ्रकर्तव्य वाटिकाफ्र में लगाए गए औषधीय एवं फलदार पौधों की सराहना करते हुए सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं उनकी देखभाल करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में लगाए गए 101 औषधीय एवं फलदार पौधों का अवलोकन किया गया तथा सौर ऊर्जा संयंत्र की कार्यप्रणाली की जानकारी भी प्राप्त की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा संवर्धन हेतु सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) अजीत कुमार रजक, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश प्रभात सिंह, क्षेत्रीय प्रमुख उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक गोण्डा राजकुमार द्विवेदी, मुख्य प्रबन्धक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा अमदही गोण्डा देवव्रत गुप्ता सहित पुलिस विभाग एवं बैंक के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 10 फीट गहरे सेप्टिक टैंक में मिला मासूम का शव



**खेलते-खेलते गायब हुआ था मासूम, अगले दिन गांव के बच्चे ने देखा**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** नानपारा तहसील क्षेत्र के ग्राम महोली शेर खां में शनिवार को खेलते-खेलते लापता हुए 5 वर्षीय मासूम का शव रविवार की सुबह में गांव के एक सेप्टिक में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ताजुद्दीन (5) पुत्र राजू शनिवार शाम करीब 4 बजे गांव के बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। ग्रामीणों ने देर रात तक आसपास खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने कोतवाली नानपारा में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई। रविवार की सुबह में करीब 8 बजे गांव में बने लगभग 10 फीट गहरे सेप्टिक में बच्चे का शव उतराता दिखाई दिया। गांव के एक बच्चे की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक अनिल सिंह और शशांक गौड़ ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्वाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के मुताबिक ताजुद्दीन पांच भाइयों में सबसे छोटा था। मासूम की मौत के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

# एक मां का दान, दे रहा कई मासूमों को मुस्कान

▶ बहराइच मेडिकल कॉलेज का 'मदर मिल्क बैंक' बना नवजातों के लिए जीवनरक्षक सहारा

**राहुल सोनी**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन चुनौतियां एक जैसी। एक तरफ प्री-एक्लेम्पसिया से जूझती मां का नवजात था, तो दूसरी तरफ कटे हुए होंठ के साथ दुनिया में आया एक और मासूम। दोनों ही सीधे मां का दूध पीने में असमर्थ थे। ऐसे नाजुक मामलों में बहराइच मेडिकल कॉलेज का मदर मिल्क बैंक कई मासूमों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। यहां दान किए गए मां के दूध से नवजातों को जरूरी पोषण और संक्रमण से सुरक्षा मिल रही है। वर्ष 2022 में शुरू हुए इस मिल्क बैंक को शुरुआती दौर में दूसरी मां का दूध पिलाने को लेकर सामाजिक भ्रांतियों और झिझक का सामना करना पड़ा। लेकिन डॉक्टरों और काउंसलर्स की लगातार जागरूकता से लोगों का भरोसा बढ़ा। एक नवजात की दादी, जो पहले संकोच में थीं, बच्चे की सेहत में सुधार देखने के बाद खुद इस मुहिम की पैरोकार बन गईं। लगातार जागरूकता का ही परिणाम है कि पिछले एक महीने में जरूरतमंद नवजातों को 780 बार डोनर मिल्क उपलब्ध कराया गया।

**हर महीने 57 माताएं करती हैं अमृत दान**

प्रसव के बाद दर्द और कमजोरी के बावजूद हर महीने औसतन 57 माताएं यहां स्वेच्छा से दूध दान कर रही हैं। दूध दान करने वाली एक मां कहती हैं कि शुरुआत में डर था कि कहीं मेरे बच्चे के लिए दूध कम न पड़ जाए लेकिन डॉक्टरों ने समझाया कि दूध निकालने से सप्लाई कम नहीं होती। बल्कि मेरा यह दान किसी दूसरे बच्चे की जिंदगी बचा सकता है तो यह फैसला आसान हो गया।

**संक्रमण से बचाता है मां का दूध**

एसएनसीयू इंचार्ज डॉ. असद अली के अनुसार संक्रमण, निमोनिया और मेनिनजाइटिस नवजात मृत्यु के प्रमुख कारणों में शामिल हैं, जिनका खतरा कम वजन और समय से पहले जन्मे शिशुओं में अधिक रहता है। ऐसे बच्चों के लिए मां का दूध प्राकृतिक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। लेकिन करीब 15 से 40 प्रतिशत नवजात विभिन्न कारणों से शुरुआत में अपनी मां का दूध नहीं पा पाते। ऐसे में 'मदर मिल्क बैंक' उनके लिए जीवनरक्षक साबित होता है।

**इनको होती है डोनर मिल्क की जरूरत**

मां की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति, संक्रमण, प्री-एक्लेम्पसिया या आईसीयू में भर्ती होने के कारण नवजात को तुरंत स्तनपान नहीं मिल पाता। वहीं समय से पहले जन्मे, कम वजन वाले या कटे होंठ एवं तालु जैसी समस्याओं वाले शिशु भी सीधे स्तनपान नहीं कर पाते। ऐसे मामलों में डोनर मिल्क उनके लिए सुरक्षित और जरूरी पोषण का सहारा बनता है।

**डिब्बाबंद दूध पर खत्म हो रही निर्भरता**

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजय खत्री के अनुसार, मिल्क बैंक शुरू होने के बाद अस्पताल में डिब्बाबंद दूध पर निर्भरता लगभग खत्म हो गई है, जिससे गरीब परिवारों को आर्थिक राहत भी मिली है।

दूध की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डोनर माताओं की स्वास्थ्य जांच, सुरक्षित संग्रहण और मोबाइल ऐप और क्यूआर कोड आधारित निगरानी जैसी सख्त व्यवस्थाएं अपनाई जाती हैं।

**यही है असली सुकून**

डॉ. असद अली कहते हैं, जब गंभीर स्थिति में भर्ती नवजात स्वस्थ होकर घर लौटते हैं, वही हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि और संतोष होता है।

# भीषण गर्मी में आयुर्वेद अपनाने की सलाह, छात्राओं ने किया जागरूक

▶ खानपान और दिनचर्या में सावधानी बरतने की दी सलाह

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**




भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सबलापुर, बहराइच की बीएएमएस छात्राओं ने लोगों को आयुर्वेदिक उपायों के प्रति जागरूक किया।

कॉलेज की छात्रा रिचा सिंह एवं दिव्यांशी वर्मा ने लोगों को गर्मी से बचाव के लिए खानपान और दिनचर्या में सावधानी बरतने की सलाह दी। छात्राओं ने बताया कि तेज धूप और लू से बचने के लिए अधिक मात्रा में पानी, छाछ, बेल का शरबत, नारियल पानी और सत्तू जैसे पेयों का सेवन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में गर्मी से बचाव के लिए कई प्रभावी औषधियां एवं घरेलू उपाय बताए गए हैं, जिनका नियमित प्रयोग शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। उन्होंने लोगों को दोपहर में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा तली-भुनी व मसालेदार चीजों से परहेज करने की सलाह दी। छात्राओं ने कहा कि आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाकर लोग गर्मी जनित बीमारियों से काफी हद तक बच सकते हैं।

**रिचा सिंह ने दिए ये सुझाव**

बीएएमएस छात्रा रिचा सिंह ने बताया कि गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों को अधिक पानी पीने, मौसमी फलों का सेवन करने तथा धूप में निकलते समय सिर ढककर चलने की सलाह दी।

**दिव्यांशी वर्मा ने आयुर्वेदिक दिनचर्या पर दिया जोर**

बीएएमएस छात्रा दिव्यांशी वर्मा ने कहा कि आयुर्वेदिक पेय पदार्थ एवं संतुलित आहार शरीर को गर्मी से बचाने में सहायक होते हैं। उन्होंने लोगों को ताजे भोजन का सेवन करने और लू से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की।

# बलरामपुर की बेटियों ने रचा इतिहास, एवरेस्ट बेस कैंप पहुंच बढ़ाया जिले का मान




**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं बेटियों को आगे बढ़ाने की सकारात्मक सोच के परिणामस्वरूप जनपद बलरामपुर की तीन बेटियों ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 16 मई 2026 को विश्व के सबसे कठिन ट्रेकिंग स्थलों में से एक एवरेस्ट बेस कैंप तक सफलतापूर्वक पहुंचकर पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है।

कम उम्र की इन बालिकाओं ने कठिन परिस्थितियों, बर्फीले रास्तों, तेज हवाओं और हजारों फीट की ऊँचाई जैसी चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करते हुए यह सिद्ध कर दिया कि यदि बेटियों को अवसर, विश्वास और सही मार्गदर्शन मिले तो वे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकती हैं।

यह उपलब्धि केवल एक ट्रेकिंग अभियान नहीं, बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास, साहस, संकल्प एवं नए भारत की बदलती तस्वीर का प्रतीक बन गई है। इन बालिकाओं ने अपने अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति से समाज को यह संदेश दिया है कि- अब बेटियाँ रुकती नहीं, इतिहास बनाती हैं।

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने बालिकाओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद प्रशासन बेटियों के सर्वांगीण विकास, खेल, शिक्षा एवं साहसिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए प्रेरणादायी है तथा अन्य बालिकाओं को भी अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी।

आज बलरामपुर की ये बेटियाँ हर उस बच्ची के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं जो अपने जीवन में बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस रखती है। उनकी यह सफलता जनपद के लिए गर्व का विषय होने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश भी है।

# अनुदेशकों के बढ़े मानदेय पर सम्मान समारोह व चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित

▶ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश सरकार द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि किए जाने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मान समारोह एवं चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शासन द्वारा 01 अप्रैल 2026 से अनुदेशकों का मानदेय रु. 9,000 प्रतिमाह से बढ़ाकर रु. 17,000 प्रतिमाह किए जाने के निर्णय पर अनुदेशकों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण रहा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के वर्चुअल संबोधन का सजीव प्रसारण सुना गया। इस अवसर पर माननीय विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सदर पल्टूराम ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुदेशकों के मानदेय में की गई वृद्धि उनके परिश्रम, समर्पण एवं शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इससे अनुदेशकों का मनोबल बढ़ेगा तथा विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

इस दौरान विधायक बलरामपुर सदर, विधायक तुलसीपुर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अनुदेशकों ने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, अनुदेशकगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सबकी समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता : योगी

**जनता दर्शन में सीएम ने सुनीं लोगों की समस्यायें, अफसरों को शीघ्र निस्तारण के दिये निर्देश**



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्रतिबद्धता है।

मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे तत्परता और संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डेढ़ सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। एक महिला ने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति का जिक्र कर बिटिया के विवाह में सहायता का अनुरोध किया। सीएम योगी ने महिला को प्रति जोड़ा एक लाख रुपये आवंटन वाली मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में बताया तो वह खुश हो गई। महिला ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि योजना का लाभ बिटिया को भी दिला दीजिए। सीएम योगी ने अधिकारियों को जरूरी प्रक्रिया पूर्ण करने को निर्देशित किया। गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार धन उपलब्ध कराएगी। राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए।

## राष्ट्रवाद ही बीजेपी के कार्यकर्ताओं का मूल संस्कार : सीएम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता की पहचान है। श्री योगी रविवार को गोरखपुर के सहजनवा विधानसभा क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी के संस्थापकों के मूल्यों और आदर्शों पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए शुचिता और पारदर्शिता से आचरण और तदनुरूप कार्य करता है। उन्होंने कहा कि समाज कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), डीएमके या ऐसे ही भ्रष्टाचार में डूबे अन्य दलों के आचरण को सम्मान नहीं देता है, भाजपा कार्यकर्ता को समाज में सम्मान इसलिए मिलता है कि इस पार्टी कार्यकर्ता के आचरण में राष्ट्रवाद और भारतीयता का आचरण मिलता। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत पार्टी की जिला इकाई की तरफसे आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल प्रतिभागियों को' राष्ट्र प्रथमशके भाव से अनवरत आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा, संस्कृति, सुशासन और समृद्धि को जोड़ने का काम करने वाली भाजपा इकलौती पार्टी है। केंद्र और भाजपा की राज्य सरकारों ने इसी को अपने कार्यक्रमों का आधार बनाया है। उन्होंने भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर केंद्रित जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में कहा कि स्थापना के 50 वर्ष से भी कम समय में भाजपा ने दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में केंद्र और देश के 22 राज्यों में राष्ट्रवाद की विचारधारा को लागू करने के अभियान को आगे बढ़ाया है। भाजपा देश ही नहीं दुनिया का एकमात्र राजनीतिक दल है जिसने हमेशा और मजबूती से यह घोषणा की है कि राष्ट्र प्रथम, दल द्वितीय और व्यक्ति का हित अंतिम होना चाहिए।

# यूपी में 'ऑपरेशन-4' से डेयरी सेक्टर को नई रफ्तार

## स्वदेशी गाय पालन पर 50 फीसदी तक सब्सिडी



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने स्वदेशी गायों के संरक्षण और डेयरी सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए बड़ा मास्टर प्लान तैयार किया है। सरकार ने ऑपरेशन-4 के तहत चार महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू की हैं, जिनके जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था, दुग्ध उत्पादन और स्वरोजगार को नई ताकत देने की तैयारी है। सरकार की इस रणनीति के केंद्र में मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना, नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के तहत दो गाय से लेकर 25 गाय तक की डेयरी इकाइयों को लाखों रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि सरकार उच्च गुणवत्ता और अधिक दूध देने वाली स्वदेशी नस्ल की गायों को बढ़ावा देने के लिए 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है।

योजना के वित्तीय मॉडल में 15 प्रतिशत लाभार्थी निवेश, 35 प्रतिशत बैंक ऋण और 50 प्रतिशत सरकारी अनुदान का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना के तहत दो गायों की इकाई पर अधिकतम 80 हजार रुपये तक अनुदान दिया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना में बेहतर नस्ल की गाय पालने वाले पशुपालकों को 10 हजार से 15 हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

सरकार का विशेष फोकस गिर गाय, साहीवाल गाय, गंगातिरी गाय और सिंधी नस्ल की गायों के संरक्षण और संवर्धन पर है। सरकार का मानना है कि इन नस्लों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। प्रदेश सरकार महिलाओं और युवाओं को डेयरी सेक्टर से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति पर भी तेजी से काम कर रही है। गांवों में डेयरी नेटवर्क विस्तार के जरिए स्वरोजगार और ग्रामीण आय बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। पशुपालन विभाग के अनुसार योजनाओं का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना के तहत डेढ़ हजार से अधिक इकाइयां स्थापित हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सवा सात हजार से अधिक पुरस्कार वितरित किए जा चुके हैं। वहीं नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत 72 और मिनी नंदिनी योजना के तहत 245 डेयरी इकाइयों की स्थापना की जा चुकी है।

## खबरें एक नजर में

### पानी की टंकी पर चढ़ी युवती, चार घंटे बाद उतरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के गोमती नगर इलाके में एक युवती पानी की टंकी पर चढ़ गई। आसपास के लोगों ने उसे देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद समझा-बुझाकर उसे नीचे उतारा। इंस्पेक्टर गोमती नगर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, अयोध्या निवासी युवती ने लखीमपुर के युवक से लव मैरिज की थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। जिसके कारण युवती रविवार सुबह करीब 9 बजे विनीत खंड- 5 स्थित पानी टंकी पर चढ़ गई। युवती टंकी से कूदने की धमकी देने लगी। इस पर वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन नीचे नहीं उतरी। इसके बाद चौकी प्रभारी गुरप्रीत कौर, दीपक, सूर्या, विपिन और फायर ब्रिगेड की टीम टंकी के ऊपर चढ़ी। ऊपर ही युवती को समझने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नीचे उतरने के लिए नहीं तैयार हुई। कई घंटे बीतने पर उसे वहीं पर खाना और पानी दिया गया। इस दौरान उसे काफी समझाया गया। करीब 4 घंटे बाद युवती पुलिसकर्मियों की बात मानकर नीचे उतरी। उसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। युवती जब नीचे उतरी, तो वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। करीब डेढ़ सौ लोग युवती को देखने के लिए जुट गए। पुलिस को उन्हें हटाते हुए युवती को गाड़ी में बैठाना पड़ा। युवती को गाड़ी में बैठाकर पुलिस रवाना हुई।

### युवक से लूट, बाइक-मोबाइल व नकदी छीनी, आयुक्त ने दिए जांच के आदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहा थाना क्षेत्र में ड्यूटी से लौट रहे एक युवक से लूट की वारदात सामने आई है। बदमाशों ने युवक को रोककर मारपीट की और उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नकदी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना शनिवार तड़के करीब 3.20 बजे हुई, जब रायबरेली जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र निवासी अजीत सिंह अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। निगोहां क्षेत्र के ग्राम लालपुर दखिना टावर के पास एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया।बदमाशों ने अजीत सिंह के साथ मारपीट की और उनकी बाइक, मोबाइल फोन और 500 रुपए नकद छीन लिए। पीड़ित की तहरीर पर निगोहां थाने में तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों का गठन किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस तकनीकी और स्थानीय इनपुट के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना की सूचना मिलने पर मोहनलालगंज के सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञानेंद्र सिंह ने भी मौके का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं।

### बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां थाना क्षेत्र में शनिवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा ग्राम लालपुर के पास हुआ, जहां सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, लालपुर निवासी रामचरन शनिवार शाम सड़क पार कर रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन घायल अवस्था में रामचरन को मोहनलालगंज स्थित सिग्मा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार वाहन और चालक की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि परिजनों से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

### बाइक सवार बदमाशों ने ढाबा संचालक को मारी गोली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बाइक सवार बदमाशों ने एक ढाबा संचालक को गोली मार दी। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना मड़ियांव थानाक्षेत्र में रविवार शाम को हुई। तरहिया सैरपुर निवासी विजय यादव (28) पुत्र हनुमान प्रसाद यादव का भिटौली तिराहे के पास स्थित यादव ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट है। शाम करीब 4.30 बजे अपने ढाबे के पास मौजूद थे। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही विजय यादव गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल विजय को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। मौके पर पुलिस के उच्चाधिकारी, स्थानीय थाना पुलिस और फील्ड यूनिट टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की तलाश में जुटी है। फिलहाल घटना के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। विजय यादव के ढाबे के बाहर कुछ लड़के लड़ाई कर रहे थे। इसका विजय ने विरोध किया। न मानने पर झगड़ा कर रहे लड़कों का वीडियो बनाने लगा। तभी एक लड़का उसकी तरफबढ़ा और वीडियो बनाने को मना किया। फिर सब वहां से चले गए। कथिततौर पर झगड़ा कर रहे लड़कों में से ही एक लड़के ने वापस आकर विजय को गोली मार दी। ढाबे पर काम करने वाले कर्मचारी मौसम ने बताया वह नहाकर बाहर आया था। जीने पर खड़ा था। तभी अचानक से गोली चलने की आवाज आई। नीचे जाकर देखा तो मालिक विजय बेहोश होकर जमीन पर पड़े थे।

# श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य व सम्मान सर्वोपरि : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज ग्राम विकास विभाग के उच्च स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान सर्वोपरि है।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में कार्यरत श्रमिकों को बढ़ते तापमान और लू के प्रभाव से बचाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

वर्तमान समय में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण श्रमिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी श्रमिक को कार्यस्थल पर असुविधा या स्वास्थ्य संबंधी जोखिम का सामना न करना पड़े। जी राम जी योजना के अंतर्गत संचालित कार्यस्थलों पर श्रमिकों के कार्य समय में आवश्यक संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। श्रमिकों से कार्य प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक तथा सायं 3 बजे से 6 बजे तक कराए जाने का सुझाव दिया गया है, ताकि दिन के अत्यधिक गर्म समय में श्रमिकों को कार्य न करना पड़े और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्रमिक प्रदेश की विकास यात्रा के महत्वपूर्ण सहभागी हैं और उनके परिश्रम से ही गांवों में विकास कार्य गति प्राप्त करते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना सरकार का कर्तव्य है।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का दर्शन बीजेपी की वैचारिक नींव : उप-मुख्यमंत्री

उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में भाजपा महानगर द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का दर्शन हमारी पार्टी की वैचारिक नींव है। प्रशिक्षण वर्गकार्यकर्ताओं की वैचारिक क्षमता को मजबूत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यकर्ताओं से पूरी ऊर्जा के साथ संगठन के महाअभियान से जुड़ने का आह्वान किया। सभी ने प्रशिक्षण महाअभियान को सफल बनाने और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर पार्टी नेता, जनप्रतिनिधि संजय गुप्ता महानगर जिलाध्यक्ष भाजपा, प्रवीण पटेल सांसद, सिद्धार्थ नाथ सिंह पूर्व मंत्री, विधायक डॉ.केपी श्रीवास्तव सदस्य विधान परिषद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग में खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर



**पुरस्कार देकर बढ़ाया मनोबल**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सरोजनीनगर विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत आज खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों का उत्साह, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक खेल भावना देखने योग्य रही। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर उत्साहवर्धन प्राप्त किया।

इंटर-स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप के अंतर्गत आज का पहला मुकाबला एलपीएस वृंदावन सेक्टर-9 एवं एपीएस अकादमी के मध्य प्रस्तावित था। किन्तु एपीएस अकादमी टीम के निर्धारित समय पर मैदान में उपस्थित न हो पाने के कारण एलपीएस वृंदावन सेक्टर-9 को वॉकओवर प्रदान किया गया। इसके साथ ही टीम ने प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में सफलतापूर्वक प्रवेश कर लिया।

इंटर स्पोर्ट्स क्लब चैम्पियनशिप के अंतर्गत खेले गए दूसरे मुकाबले में लखनऊ नवाब क्रिकेट क्लब एवं चौहान क्रिकेट क्लब आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए चौहान क्रिकेट क्लब ने निर्धारित आठ ओवरों में 53 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ नवाब क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। आज के तीसरे मुकाबले में एमके-11 क्रिकेट क्लब एवं नाइट फाल्कन क्रिकेट क्लब के बीच रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमके-11 क्रिकेट क्लब ने निर्धारित आठ ओवरों में 99 रन बनाकर 100 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइट फाल्कन क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित स्कोर हासिल नहीं कर सकी और एमके-11 क्रिकेट क्लब ने 29 रनों से शानदार विजय दर्ज की।

मैच में इब्राहम फारूकी ने उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 3 छक्के, 25 रन एवं 5 विकेट हासिल किए, जिसके लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों को क्रिकेट किट, खिलाड़ियों को कैप, टीशर्ट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कोर्ट के बाहर चैंबर पर बुलडोजर चलता देख भड़के वकीलों पर लाठीचार्ज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ जिला कोर्ट के बाहर रविवार दोपहर हंगामा हो गया। बुलडोजर से चैंबर तोड़े जाने के विरोध में वकील भड़क गए। कई वकील बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। पुलिस अफसरों ने हटाने की कोशिश की तो मामला बिगड़ गया। बहस बढ़ी तो पुलिस ने वकीलों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया।

पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर लाठियां बरसाई। इस दौरान भीड़ में भागते हुए कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसकर्मी भी पत्थर उठाते नजर आए। दरअसल, हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के बाहर अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था। नगर निगम ने 240 अवैध निर्माण चिह्नित किए। इसमें ज्यादातर वकीलों के चौंबर और दुकानें हैं। रविवार सुबह 9 बजे नगर निगम की टीम 10 बुलडोजर लेकर 300 पुलिसवालों के साथ पहुंची। टीम ने करीब 90 चौंबर तोड़े हैं। नगर निगम की टीम चौंबर में लगीं चटाइयां और कुर्सियां को गाड़ियों में भरकर ले गई। कार्रवाई के दौरान ही एक वकील ने चौंबर बंद कर फांसी लगाने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने बगल का चौंबर तोड़कर उसे बाहर निकाला। एक अन्य वकील पुलिस के सामने हाथ जोड़कर चौंबर न तोड़ने की गुहार लगाता रहा। उसने कहा 36 साल से मेरा यही चौंबर है। यह अवैध नहीं है। अगर मेरे चौंबर पर बुलडोजर चला



तो मैं जिंदा नहीं रहूंगा। साल 2020 में सदर तहसील इलाके में वकीलों के कुछ चौंबर तोड़े गए थे। मामले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी सरकार से जवाब मांगा था। पूछा था वकीलों के लिए पुनर्वास की क्या व्यवस्था की गई। इसके बाद अक्टूबर 2025 में लखनऊ सिविल कोर्ट परिसर में सेंट्रल बार एसोसिएशन से जुड़े कुछ वकीलों के अस्थायी चैंबर प्रशासन ने तोड़ दिए। इसका वकीलों ने विरोध किया। जनवरी, 2026 में कोर्ट परिसर के बाहर अवैध कब्जों को लेकर लगातार शिकायतें आने लगीं। इसी दौरान, वकील सुनीता सिंह समेत अन्य लोगों ने चौंबरों और अतिक्रमण को लेकर कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं। 7 मई को हाईकोर्ट ने अतिक्रमण तोड़ने का आदेश दिया। 12 मई को नगर निगम की टीम ने अवैध चौंबरों और ढांचों पर लाल रंग का निशान (क्रॉस) लगाया। नोटिस जारी कर 16 मई तक अवैध अतिक्रमण खाली करने का निर्देश दिया। इसके बाद आज नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंच गई।

# स्टूडेंट्स का नीट के खिलाफ पैदल मार्च, पुलिस ने रोका

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में रविवार को परिवर्तन चौक पर विरोध प्रदर्शन हुआ। नीट परीक्षा रद्द होने और पेपर लीक से नाराज नेशनल स्टूडेंट्स एंड यूथस फ्रंट (एनएसवाईएफ) ने परिवर्तन चौक से कलेक्ट्रेट तक विरोध मार्च निकालने का प्रयास किया, मगर पुलिस कर्मियों ने परिवर्तन चौक पर ही रोक दिया।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने नीट (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने नीट को ब्लैक लिस्ट करके मुकदमा दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल अनिल राज कोरी ने कहा कि परीक्षा रद्द होने से और पेपर लीक की वजह से छात्रों का भविष्य खतरे में है। इसके लिए सीधे तौर पर नीट जिम्मेदार है।

सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों के लिए यह कह देना कि पेपर रद्द करते हैं, बहुत आसान है। यह खबर सुनकर छात्रों के ऊपर जो प्रभाव पड़ता है इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

अनिल राज ने कहा कि जब नीट सफल और पारदर्शी परीक्षा कराने में विफल है तो उसे बार बार ये जिम्मेदारी क्यों दी जा रही है। पिछली बार पेपर लीक हुआ था तो उस समय नीट को क्यों नहीं ब्लैक लिस्ट किया गया था? दोबारा इस एजेंसी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी क्यों सौंपी गई? हमारी मांग है कि तत्काल नीट को बंद किया जाए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा दे देना चाहिए।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने से छात्र मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं। हम भी एक छात्र हैं और छात्रों का दर्द समझते हैं। पेपर लीक और पेपर रद्द होने से आहत होकर लखीमपुर के एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली यह बेहद दुखद मामला है।

अब तक 89 बार पेपर लीक हो चुका है। छात्रों के अंदर सहनशक्ति खत्म होती जा रही है आत्मविश्वास टूट रहा है। उन्हें लग रहा है कि भविष्य अंधकार में जा रहा है।

### देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के राजाजीपुरम स्थित देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज में रविवार को वार्षिकोत्सव, मेधावी सम्मान समारोह और मातृ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया और भारतीय संस्कृति से जुड़ी झलकियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक नीरज बोरा, विधायक योगेश शुक्ला और एमएलसी अवनीश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों ने छात्रों की प्रतिभा और विद्यालय के शैक्षिक-सांस्कृतिक प्रयासों की प्रशंसा की और छात्रों को सम्मानित किया।

**सराहनीय** | पूर्वांचल से पश्चिमी यूपी तक मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क

# देश का नया सप्लाई चेन हब बन रहा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक तेजी से विकसित हो रहा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क प्रदेश की नई आर्थिक ताकत बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में एक्सप्रेसवे, डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब, एयरपोर्ट और वेयरहाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का ऐसा व्यापक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जिसने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स, कनेक्टिविटी हब में शामिल कर दिया है।

प्रतिष्ठित लीड्स 2025 रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को एग्जम्पलर श्रेणी में स्थान मिला है। रिपोर्ट के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स सेवाओं, रेगुलेटरी वातावरण और डिजिटल सिस्टम जैसे प्रमुख मानकों पर उत्तर

**एक्सप्रेसवे, फ्रंट कॉरिडोर, एयरपोर्ट और लॉजिस्टिक्स पार्क बदल रहे तस्वीर**

प्रदेश का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत और अन्य लैंडलॉक राज्यों से बेहतर रहा है। सड़क, रेल, एयरपोर्ट, टर्मिनल इंफ्रास्ट्रक्चर और फर्स्ट एवं लास्ट माइल कनेक्टिविटी में हुए सुधारों ने प्रदेश को निवेश और औद्योगिक विकास का नया केंद्र बना दिया है। योगी सरकार द्वारा विकसित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेसवे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पूर्वी, मध्य और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और प्रमुख औद्योगिक शहरों से जोड़ रहे हैं। प्रदेश की रणनीतिक स्थिति को ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर ने और मजबूत किया है। ग्रेटर नोएडा के दादरी में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत से विकसित हो रहा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब उत्तर भारत में कार्गो, कंटेनर मूवमेंट और वेयरहाउसिंग का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है।

बोराकी रेलवे स्टेशन पर मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब तथा कानपुर, गोरखपुर और टप्पल-बजना में नए लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किए जा रहे हैं। गंगा एक्सप्रेसवे कॉरिडोर के किनारे मेरठ, हापुड़, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर्स विकसित करने की योजना है। इससे मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिंग और सप्लाई चेन नेटवर्क को मजबूती मिलेगी।

प्रदेश में एग्री-लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर का तेजी से विस्तार हो रहा है। मल्टी-कमोडिटी कूलिंग सेंटर, कोल्ड स्टोरेज यूनिट्स और आधुनिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं कृषि उत्पादों की स्टोरेज और वितरण व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं।

ई-कॉमर्स, रिटेल, फूड प्रोसेसिंग और एक्सपोर्ट आधारित उद्योगों के लिए समर्पित वेयरहाउसिंग सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर भी उत्तर भारत के सबसे बड़े एविएशन और कार्गो गेटवे के रूप में उभर रहा है। वाराणसी मल्टीमॉडल टर्मिनल और इनलैंड वाटरवे नेटवर्क के जरिए नदी आधारित लॉजिस्टिक्स को भी मजबूत किया जा रहा है, जिससे कम लागत वाले कार्गो परिवहन और मल्टीमॉडल फ्रंट इंटीग्रेशन को बढ़ावा मिलेगा।

प्रदेश सरकार ने लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कई सुधार लागू किए हैं। 'निवेश मित्र' सिंगल विंडो सिस्टम और जीआईएस आधारित डिजिटल प्लानिंग टूल्स के जरिए अनुमोदन प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया गया है।

राज्य में लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर में हजारों करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत किए जा चुके हैं। लीड्स 2025 में मिली उपलब्धि प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश केवल लैंडलॉक राज्य नहीं बल्कि भारत की भविष्य की सप्लाई चेन, मैन्युफैक्चरिंग, आर्थिक विकास का प्रमुख केंद्र बन रहा है।

# लखनऊ-कानपुर रोड कट विवाद, विरोध पदयात्रा स्थगित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी के सरोजनी नगर क्षेत्र में कानपुर रोड पर बंद किए गए कटों के विरोध में रविवार को प्रस्तावित पदयात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गई है। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के नेतृत्व में यह पदयात्रा होनी थी, जिसे पुलिस अधिकारियों द्वारा दो दिन का समय मांगने और विधायक के आश्वासन के बाद टाला गया। हालांकि, रविवार को शांति नगर स्थित साई स्टेडियम के पास उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी, अभिभावक और विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक इकट्ठा हुए थे।

बैठक को संबोधित करते हुए ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने फोन पर संबंधित विभागों से जल्द समस्या का



समाधान कराने का आश्वासन दिया है। वहीं, एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा और सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने भी दो दिन का समय मांगते हुए संयुक्त बैठक बुलाकर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया है। इसी के चलते संगठन ने प्रस्तावित पैदल मार्च स्थगित करने का निर्णय लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि संगठन द्वारा पूर्व में विभिन्न अधिकारियों को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट चिल्लावां, शांति नगर और दरोगा खेड़ा के मुख्य बाजारों के कट बंद होने से हजारों लोग प्रभावित हैं। स्कूली बच्चों को गलत दिशा से आने-जाने की मजबूरी है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। व्यापारियों का कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ओम प्रकाश शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर मांगों पर सहमति नहीं बनी तो संगठन 21 मई 2026 को बड़ा आंदोलन करेगा। इस घोषणा का मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर समर्थन किया और संघर्ष में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

कांट हाईवे पर मौत बनकर दौड़ा कंटेनर

# ऑटो के उड़े परखच्चे, तीन की दर्दनाक मौत, चार घायल

▶ पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**कांट-जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कांट हाईवे पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने इलाके को दहला दिया। तेज रफ्तार पत्थर से भरे कंटेनर ने सवारियों से भरे ऑटो को पीछे से ऐसी टक्कर मारी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक मासूम बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा कांट थाना क्षेत्र के कमलनैनपुर मोड तिराहे के पास हुआ। ऑटो जलालाबाद की ओर से आ रहा था और उसमें करीब छह लोग सवार थे। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कंटेनर ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही कांट पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। गंभीर हालत को देखते हुए कुछ घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ऑटो और कंटेनर को कब्जे में लेकर यातायात सुचारु कराया। बताया जा रहा है कि कंटेनर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। मृतकों की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। पुलिस के अनुसार सभी मृतक जलालाबाद क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, पति-बेटी घायल

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**






थाना क्षेत्र के खुटार-पूरनपुर मार्ग पर रविवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। लौहगांपुर जंगल स्थित गुरुद्वारे के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी के गांव जलालपुर पकड़िया निवासी रामप्रकाश अपनी पत्नी सुमन देवी (35) और बेटी काजल के साथ बाइक से जा रहे थे। सुबह करीब पांच बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों सड़क पर जा गिरे। घटना में सुमन देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामप्रकाश और उनकी बेटी काजल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर खुटार पुलिस मौके पर पहुंची। मुरादपुर टोल प्लाजा की 1033 एंबुलेंस के पायलट निर्देश कुमार और ईएमटी डी.आर. शकील अहमद ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## तेज हवा के बीच लगी आग में दो छप्परदार घरों की गृहस्थी राख



▶ दो लाख की नकदी भी स्वाहा

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रविवार दुपहर लगभग साढ़े बारह बजे मिर्जापुर ग्राम पंचायत के मजरा भट्ठा मड़ैयां के दो छप्परदार घरों में चूल्हे पर खाना बनाते समय अचानक आग से गृहस्थी का समान,चार मुर्गी के बच्चे सहित दो लाख की नकदी जलकर राख हो गई। अग्निपीड़ित सूरजपाल और अवधेश ने बताया कि वे लोग परिवार सहित बृहस्पतिवार को ही गुजरात के ईंट भट्ठे से मजदूरी करके घर आए थे। उनके छप्परदार घरों में घर गृहस्थी के सामान के अलावा मजदूरी करके लाए गए दो लाख रुपए की नकदी भी रही थी।रविवार दुपहर उनके घर की महिलाएं चूल्हे पर खाना बना रहीं थी। इसी बीच तेज हवा के झोंके में जल रहे चूल्हे से उड़ी चिंगारी से छप्पर में आग लग गई। तेज हवा के बीच लगी आग ने उग्र रूप धारण करके पड़ोस में रह रहे उसके पुत्र अवधेश के छप्परदार घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के ग्रामीणों ने खुद आग बुझाने का प्रयास करते हुए अग्नि शमन विभाग को सूचना दी। अग्नि शमन विभाग की टीम आग बुझाने के उपकरणों के साथ जब तक मौके पर आई,तबतक उनके दोनों घर जलकर राख हो गए थे। अग्नि शमन विभाग ने तेज हवा में अन्य घरों की ओर बढ़ रही आग को फैलने से रोक लिया। अन्यथा पूरा मजरा ही आग में जलकर राख हो जाता। अग्नि दुर्घटना की सूचना ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर के प्रधान प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह रघुवंशी ने तहसील प्रशासन को दे दी है। प्रधान प्रतिनिधि ने तहसील प्रशासन से अग्नि पीड़ित परिवारों को शीघ्र पुनर्वास की सहायता दिए जाने की मांग की है। जिससे इस भीषण गर्मी में दाने दाने को मोहताज हुए परिवारों को सिर छिपाने और पेट भरने की व्यवस्था हो सके।

## खबरें एक नजर में

### जान से मारने की नीयत से किया फायर

**बंडा, शाहजहांपुर।** खेत की मेड विवाद को लेकर काफी दिनों से दो समुदायों के बीच चल रही रंजिश मे बीती रात लघु शंका को निकले वृद्धि के ऊपर दो लोगों ने फायर कर दिया जिससे वह बाल बाल बच गया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव बौठा जमालपुर के राम गुलाम 55 वर्ष ने पुलिस को बताया कि उसकी गांव के इबरार खां व अमीर खा का मेरे भाई करन सिंह से खेत की मेड का विवाद काफी दिनों से चल रहा था 14 मई को उक्त लोगों ने मेरे पुत्र और भतीजे प्रमोद व अनुराग को मारा पीटा था जिसकी तहरीर पुलिस को दी गई थी लेकिन उस समय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जिससे आरोपियों के हौसले बढ़ गए और 17 मई की रात 11:00 बजे जैसे ही वह लघु शंका को निकले पहले से घात लगाए दोनों लोगों ने उनके ऊपर फायर कर दिया जिससे वह बाल बाल बच गए और फायर दरवाजे के किबाड़े में जा घुसा सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची सुबह थाने में तहरीर दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### स्व-गणना को जोर

**शाहजहांपुर।** जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व्‍गणना अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में सुपरवाइजरों व प्रगणकों द्वारा डोर टू डोर स्व्‍गणना की जा रही है। यह स्व्‍गणना 7 मई से शुरू होकर 21 मई तक चलेगी। स्व-गणना को लेकर नगर पालिका परिषद पुवायां की ईओ कल्पना शर्मा ने कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनगणना से ही जनकल्याण है, जनगणना से जो भी आंकडे एकत्रित होगे, वह राष्ट्र निर्माण की नीतियों में सहायक होता है। 22 मई से 20 जून तक मकानों की गणना प्रारम्भ हो जाएगी। हिंदी खबर से स्व्‍गणना को लेकर अधिशासी अधिकारी ने बिन्दुवार जानकारी साझा करते हुए नगरवासियों से अपील कि वह स्व्‍गणना कर जनगणना में सहभागिता कर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वहन करे। स्व- गणना होने से आपके दरवाजे पर आने वाले प्रगणकों को गणना करने में मदद मिलेगी और जनगणना करने में उनके समय की बचत होगी।

### दंपती की पिटाई कर घायल करने वाले चार नामजद

**तिलहर-शाहजहाँपुर।** गेहूं के लेन देन के विवाद में दंपति के साथ हुई मारपीट में पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव बंथरा निवासी वृजेश पुत्र रामदीन ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उनके चचेरे भाई प्रवीन पुत्र परशुराम से गेहूं के लेन देन का विवाद हो गया था । जिसका लोगों ने फैसला करवा दिया था । जिसमें तय हुआ कि प्रवीन 12 मई तक साढ़े तीन हजार रुपए देंगे । प्रवीन ने उसे रुपया नही दिया । तो उसने समझौता कराने वाले के पास फोन किया जब पंचायतकर्ता ने प्रवीन को फोन करके मेरा पैसा देने को कहा तो प्रवीन बहुत नाराज हो गया। आरोप है कि 15 मई को प्रवीन व उसकी पत्नी सुदामा , उसके भाई अशोक और मां शकुन्तला ने सुबह करीब आठ बजे उसके दरवाजे पर आकर गालियां देते हुये लात घूसो व डण्डो से मारना पीटना शुरू कर दिया । जिसमें उसकी पत्नी मनीषा बचाने आयी तो उसे भी लात घूसो से मारा पीटा जिससे वह पति पत्नी घायल हो गए । और हमलावर जान से मार डालने की धमकी देते हुये चले गये।

## फायरिंग मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज, आरोपी गिरफ्तार, बंदूक बरामद

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

दुकान पर बाइक ठीक करने के दौरान एक युवक ने बाइक स्वामी से गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी । लोगों ने बचाव कर दिया । कुछ देर बाद ही युवक ने पिता की लाइसेंसी बंदूक से उक्त युवक पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



कोतवाली क्षेत्र के गांव खिरियामल निवासी सौरभ सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह 16 मई को दोपहर करीब 12 बजे राजनपुर मे सड़क पर ही बृजेश की दुकान पर अपनी मोटर साइकिल ठीक करा रहा था । इसी दौरान राजनपुर निवासी शिवम गंगवार पुत्र दन्नू गंगवार उसके पास आया और गाली गलौज करने लगा । मन करने पर शिवम गंगवार ने उसके साथ मारपीट की। जिसका लोगों ने बीच बचाव कर दिया । आरोप है कि कुछ देर बाद शिवम अपने पिता दन्नू गंगवार की लाइसेंसी बंदूक लेकर आया । और फिर गाली गलौज करने लगा । विरोध करने पर शिवन ने उस पर जान से मारने की नियत से दो फायर कर दिये । जैसे तैसे उसने अरुण बीज भण्डार की दुकान मे भागकर अपनी जान बचाई । इस दौरान शिवम गंगवार उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया । पुलिस ने आरोपी शिवम गंगवार को गिरफ्तार कर लिया है।

## बिरिया बाबा मेला में तैनात पुलिस बल को उचक्कों ने दी चुनौती

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बिरियाबाबा मेले में भारी पुलिस पर लगे होने के बावजूद रविवार को उचक्कों ने जमकर आतंक मचाया। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर बदमाशों ने तीन महिलाओं के लाखों रुपए के सोने के कुंडल वालियां नोच ले गए। इन वारदातो से मेले में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने संदिग्ध दो महिलाओं को हिरासत में लिया है। गौरतलब है मेले में एक पखवाड़ा पूर्व उचक्कों ने चार महिलाओं के कुंडलों को नोच लिया था । उक्त घटना को लेकर नवागत सीओ इशिका सिंह ने मंदिर के पास बैरिकेडिंग करवा कर एकल रास्ता सुचारू कराया था । साथ ही भारी पुलिस बल लग वाने के साथ ही प्रत्येक रविवार व गुरुवार को आयोजित होने वाले मेले में तैनात

▶ कई महिलाओं के उचक्कों ने नोचे सोने के कुंडल

करने के कोतवाल प्रिंस शर्मा को निर्देश दिए थे। रविवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद उचक्कों ने पिस प्रशासन को चुनौती देते हुए महिलाओं को निशाना बनाते हुए उनके कानों से सोने के कुंडल खींच लिए। इसमें हरदोई के शाहाबाद के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी निर्मला देवी का सोने का एक कुंडल , कासगंज के गुलाल नगला निवासी प्रियंका सिंह का सोने का एक कुंडल तथा बदायूं के वजीरगंज के गांव धीमरपुरा निवासी धनपति के सोने के दोनों कुंडल उचक्के निकाल ले गए। मेला में आस्थावान अपने बेटे की करधनी या फिर बेटी की चूड़ी पहनाउन करने के लिए मेले में आए थे। अचानक हुई वारदात से महिलाएं बदहवास हो बिलखनती नजर आईं । इस दौरान मेला में आए लोगों में खासा हड़कंप मचा रहा। भीड़ ने दो संदिग्ध महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने मेले में पहुंचकर घटनाओं का जायजा लिया।

## मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

▶ पांच नामजद व सात अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**

मामूली विवाद के चलते तीन भाइयों को दर्जन भर लोगों ने जमकर पीट कर घायल कर दिया । जिसमें पांच नामजद व सात अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव दोषपुर हवेली उर्फ़ बलेमा निवासी सौरभ पुत्र लक्ष्मण दास ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती दो मई को शाम करीब 6 बजे उसके चचेरे भाई मुनीश का उसकी पत्नी से झगड़ा हो रहा था । इस दौरान मुनीश की पत्नी भाग कर पड़ोसी बब्लू के घर पर चली गयी । मुनीश बब्लू के घर से उसे बुलाने गया तो बब्लू व उसकी पत्नी कुसमा , राजकुमार व शोभित के अलावा तिलहर के मोहल्ला दातागंज निवासी ओमवीर पुत्र रामनिवास व बाईकों से आए अज्ञात सात लोगों ने मुनीश को पकड़ लाठी व डंडे से मारने पीटने लगे । जिससे मुनीश गम्भीर रूप से घायल हो गया । बचाने पर उसके भाई सत्यपाल व उसे लोहे कि राड व डंडे से काफी मारा पीटा । जिससे उसका सर फट गया और गंभीर चोटें आयीं। उक्त लोग जान से मारने कि धमकी देकर भाग गए।

## विधायक ने किया दो सड़कों का शिलान्यास

**पुवायां, शाहजहांपुर।** तहसील क्षेत्र की दो सड़कों का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक चेतराम द्वारा किया गया सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आपकाबले की सुविधा प्राप्त हुई जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। विधायक चेतराम ने विकास खण्ड के ग्राम उमरसंडा से बुझिया तक 2 किमी. व ग्राम नगरीय बुजुर्ग से ऊँचागांव कनपारा तक 1.73 किमी. मार्ग के नवनिर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक ने ग्रामवासियो को सौगात दी है, जो हमारे लिए बहुत आवश्यक थी। ग्रामीणों ने बताया कि इन सड़कों के बन जाने से आवागमन में सुगमता प्राप्त होगी। जिसके बाद विधायक ने कहा कि क्षेत्रीय विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। जनता कि



मांग के अनुसार अच्छी सड़क, भरपूर बजली, पानी ही हमारे गाँवो का सपना था जिसे हमारी भाजपा सरकार ने धरातल पर उतारा है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रदुमन शुक्ला, राजेंद्र सिंह चौहान, बेबी सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, नगरीय प्रधान सुधीर सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्त्ता ओमप्रकाश आर्य, बदल भोजवाल, रमणीक सिंह, रामनिवास सिंह, रिंकू सिंह चौहान, राजेश तिवारी, अमित सिंह, दिवाकर सिंह, प्रेम सिंह, निखिल सिंह, रोहित, मनेन्द्र सिंह, नन्हे सिंह, सुरजीत, सुरेंद्र सिंह, पवन सिंह, रविंद्र सिंह, पुनीत सिंह, विवेक मौर्या सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद में ताबड़तोड़ फायरिंग, चार लोग गोली लगने से घायल

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव प्रीतमपुर में शनिवार को जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत में खड़ी उड़द की फसल जोतने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि डायल 112 पुलिस टीम के सामने ही कई राउंड फायरिंग हुई, जिसमें एक पक्ष के चार लोग गोली लगने से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर किया गया है। बताया गया कि गांव निवासी रामेश्वर, रामौतार और सुरेंद्र कुमार का अपने रिश्तेदार पक्ष की शिवरानी देवी पत्नी श्रीकृष्ण से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। मामला सिविल कोर्ट पुवायां और उच्च





न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है। कुछ माह पहले अदालत के आदेश पर पुलिस और राजस्व टीम ने संबंधित भूमि पर शिवरानी पक्ष को कब्जा दिलाया था। इसके बाद खेत में उड़द की फसल बोई गई थी। आरोप है कि शनिवार को दूसरे पक्ष के लोग ट्रैक्टर और असलहों के साथ खेत पर पहुंचे और फसल जोतने लगे। इसकी जानकारी मिलने पर शिवरानी पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और विरोध करते हुए डायल 112 को सूचना दे दी। सूचना पर पीआरबी टीम गांव पहुंची, लेकिन इसी दौरान दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और फायरिंग शुरू हो गई। फायरिंग में शिवरानी पक्ष के पंकज कुमार (19), शिशुपाल (21), रवि कुमार (25) और विक्रम (55) गोली लगने से घायल हो गए। अचानक हुई गोलीबारी से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल जमीन पर गिर पड़े, जबकि मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर सभी को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके से रामौतार और सुरेंद्र कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उनके पास से एक बंदूक, तमंचा और कारतूस बरामद होने की भी जानकारी मिली है। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक और कोतवाली प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत ने भी गांव पहुंचकर जांच पड़ताल की। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## टॉपर गांव के समीप गोली लगने से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जलालाबाद क्षेत्र में बीते 6 मई दिन बुधवार की शाम एक युवक को हमलावर ने गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा था। वही बीती रात अमित ने ईलाज के दौरान अस्पताल मे दम तोड़ दिया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिसके बाद थाना जलालाबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले खुलासा करते हुए एक आरोपी को बीते 8 मई को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि पुलिस का एक सिपाही भी घायल हो गया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन, नकदी और बाइक बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, छह मई को थाना जलालाबाद में एक युवक को जान से मारने की नीयत से गोली मारने का मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी की पहचान कांट थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी

▶ बरेली के एक निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

अवनीश सिंह के रूप में हुई। बता दे की अमित की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया। और गांव मे मातम सा छा गया। अमित की शादी हो चुकी थी और उसकी पत्नी का नाम पूनम है। अमित के तीन बच्चे हैं जिनमें दो लड़के व एक लड़की है। बड़े लड़के का नाम प्रतीक उम्र (7)बर्ष, छोटे लड़के का नाम रुद्राक्ष उम्र 5 वर्ष, एक छोटी दो वर्ष की लड़की है। ÷थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया की बीते 6 तारीख को एक युवक की गोली लगी थी जिसकी रात मौत हो चुकी है। युवक का पोस्टमार्टम कराया गया है। आगे की जांच प्रचलित है।

# भारत विकास परिषद ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद सरस्वती शाखा ने अपनी सेवा गतिविधि अंतर्गत गतिविधि संयोजक सेवा निलय शुक्ला के संयोजन में उनके कार्यालय टाउन हॉल निकट आर्य समाज ग्राउंड शाहजहांपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। सर्व प्रथम शाखा सचिव जसवंत जयसिंह द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह का स्वागत अंग वस्त्र एवं पौधा भेंट कर किया गया। शाखा के पूर्व सचिव एवं वर्तमान में गुरूवंदन छात्र अभिनंदन गतिविधि के प्रांतीय संयोजक राकेश कुमार पांडेय के संचालन में हुए




कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सामाजिक संस्थाएं समाज में हर क्षेत्र में सेवा के द्वारा जागरूकता ला रही है। भारत विकास परिषद अपनी पांच गतिविधियों, संपर्क, सहयोग, संस्कार सेवा एवं समर्पण के माध्यम से समाज में बहुत अच्छा और प्रेरणादाई कार्य कर रही है आज का स्वास्थ्य शिविर परिषद की निष्काम सेवा का प्रत्यक्ष प्रमाण है, उन्होंने भारत विकास परिषद के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम आयोजकों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि परिषद समाज में सेवा के माध्यम से समाज को संस्कारित और जागरूक करने का कार्य कर रही है।

स्वास्थ्य शिविर में अस्थमा, बी पी, शुगर सहित 70 पुरुष तथा 45 महिला सामान्य रोगियों का पंजीकरण कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही निःशुल्क जांच एवं औषधियों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर कांट ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ल, वर्तमान में खाद्य विभाग के उत्तर प्रदेश के डायरेक्टर एवं पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक प्रदीप पांडे, संरक्षक ज्ञानेश बाजपेई आदि ने भी अपने विचार रखे। निलय शुक्ल के संयोजन एवं राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आशुतोष शुक्ल, उमा पांडेय, राकेश कुमार पांडेय, मधुरेश गुप्ता, महेंद्र दुवे, डॉ गौरव मिश्रा, हरीश बजाज, ज्योति गुप्ता, चित्रा गुप्ता, शीला रस्तोगी, सुरेन्द्र सेठी, शमशेर सिंह, गौरव पांडेय आदि का शिविर व्यवस्था में विशेष योगदान रहा।

# अनुदेशक व शिक्षामित्र सम्मान एवं चेक वितरण समारोह का सजीव प्रसारण

**गन्ना शोध परिषद में जनपद स्तरीय कार्यक्रम संपन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। इसके तहत प्रदेश के 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 1 अप्रैल 2026 से 9,000 से बढ़ाकर 17,000 प्रति माह करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इसी अभूतपूर्व मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में आज दिनांक 17 मई 2026 को लोक भवन सभागार, लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अंशकलिक अनुदेशक सम्मान समारोह तथा चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बेसिक शिक्षा विभाग, शाहजहाँपुर द्वारा इस राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का सीधा (सजीव) प्रसारण स्थानीय गन्ना शोध परिषद के सभागार में दिखाया गया, जहाँ जनपद स्तर पर भी अतिथियों द्वारा प्रतीकात्मक चेक और सम्मान पत्र वितरित किए गए। इस जनपद स्तरीय भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य सुरेश कुमार खन्ना , जनपद के सांसद अरुण कुमार सागर , राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, बीजेपी के जिले के अध्यक्ष के सी मिश्रा , महानगर कि बीजेपी अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, बेसिक शिक्षा विभाग कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। अनुदेशकों के हित में वित्त मंत्री का संबोधन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं वित्त एवं सांसदय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा शिक्षक समाज की दिशा तय करते हैं। बच्चों के भविष्य को संवारने और उन्हें आदर्श नागरिक बनाने की मुख्य जिम्मेदारी इन्हीं के कंधों पर है। उन्होंने आगे कहा कि योगी सरकार ने अनुदेशको का मानदेय 9000 से बढ़ा के 17000 कर दिया है साथ ही शिक्षामित्रों का मानदेय 18,000 करके उनकी सेवाओं को और अधिक मजबूती दी है। सरकार ने हमेशा संवेदनशीलता दिखाई है और भविष्य में भी इनके कल्याण के रास्ते बंद नहीं हैं। उन्होंने सभी शिक्षामित्रों और अनुदेशकों से पूरी कर्तव्यनिष्ठा और ऊर्जा के साथ प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का आह्वान किया कार्यक्रम के अंत में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

## सड़क हादसे में युवक गंभीर घायल

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर निवासी लगभग 40 वर्षीय सरोज खान आर.के. ब्रिक फील्ड पर मुनीम का कार्य करते हैं। रविवार दोपहर करीब एक बजे वह मुड़िया मोड़ पर राशन लेने के लिए साइकिल से आए थे। इसी दौरान एक चार पहिया वाहन ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सरोज खान सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तुरंत सहायता के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सीएचसी सिधौली ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएचसी सिधौली के डॉ. मसूद ने बताया कि घायल की स्थिति गंभीर थी, इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ ने फूंका राजकुमार भाटी का पुतला

**तिलहर-शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने नगर के भक्शी तिराहे पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी का पुतला फूंकते हुए जोरदार नारेबाजी कर आक्रोश जताया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने राजकुमार भाटी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सखूत कार्यवाही की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने आक्रोश जताते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव देश के विकास और शिक्षा क्षेत्र में अपना योगदान दिया साथ ही जब भी देश और समाज के लिए बलिदान देने का अवसर आया तो सबसे पहले ब्राह्मण ने स्वयं को प्रस्तुत किया। आज उसी ब्राह्मण समाज के खिलाफ सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी के द्वारा दूषित मानसिकता का परिचय देते हुए बयानबाजी की गई जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथी उन्होंने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष



अखिलेश यादव की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें अपने प्रवक्ता के खिलाफ समाज में जहर फैलाने जैसा बयान देने के लिए कार्यवाही कर समाज को समरसता का भरोसा देना चाहिए। इस दौरान मानव जीवन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेश शर्मा पप्पू, राज दीपक शर्मा, वीर दीक्षित, चंद्रकांता त्रिवेदी, गायत्री देवी, अभिजीत सिंह, कृष्णा गंगवार, अखिलेश मिश्रा, अनुज द्विवेदी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## बसपा नेता शाने अली ने अखिलेश यादव से की मुलाकात, घर वापसी की हो रही चर्चा

**पीलीभीत।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पीलीभीत नेता शाने अली ने समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में शाने अली की सपा में 'घर वापसी' की चर्चाएं जोर पकड़ गई हैं। उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से तेज हो गई है। इसी बीच पीलीभीत से एक महत्वपूर्ण खबर आई है। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय हाजी रियाज अहमद के पुत्र शाने अली का बसपा से मोहभंग होता दिख रहा है। हाल ही में लखनऊ में अखिलेश यादव से हुई उनकी मुलाकात ने सियासी हलचल बढ़ा दी है।शाने अली मूल रूप से समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता रहे हाजी रियाज अहमद के बेटे हैं। हाजी रियाज अहमद सपा सरकार में कई बार मंत्री रह चुके थे। कोरोना काल में उनके निधन के बाद शाने अली ने पिता की राजनीतिक विरासत संभालने की जिम्मेदारी ली। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने शाने अली को टिकट देने से इनकार कर दिया था। इससे नाराज होकर उन्होंने बसपा का दामन थामा और हाथी के प्रतीक पर चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें भारी हार का सामना करना पड़ा।अब अखिलेश यादव से लखनऊ में हुई मुलाकात को सपा में उनकी वापसी का संकेत माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, शाने अली अपनी मूल पार्टी में वापस लौटने के इच्छुक हैं और 2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए सपा के साथ तालमेल बिठाने की कोशिश कर रहे हैं।यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब सपा 2027 के चुनाव के लिए पहले से ही रणनीति बनाने में जुट गई है। शाने अली जैसे नेताओं की घर वापसी सपा के लिए पीलीभीत सहित आसपास के क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका दे सकती है।अभी तक न तो शाने अली और न ही सपा की ओर से इस मुलाकात पर कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है, लेकिन राजनीतिक जानकार इसे बसपा से सपा की ओर एक और बड़े शिफ्ट के रूप में देख रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### अकबरी प्रीमियम लीग का शानदार आगाज, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**खुदागंज,शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र में आयोजित अकबरी प्रीमियम लीग का रविवार को बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य जगदीश गंगवार ने फीता काटकर किया। इस दौरान अरशद भी मौजूद रहे। टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. इजहार अली और तारिक अली ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला अकबरी इलेवन तौहीद और अकबरी किंग रुखसार के बीच खेला गया। रुखसार टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तौहीद की टीम ने 123 रन बनाए, जिसमें इमरान ने शानदार 73 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए अकबरी किंग रुखसार की टीम ने 11.5 ओवर में 124 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में मुनाफ को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 3 ओवर में 3 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं दूसरा मुकाबला अकबरी टाइगर और अकबरी फाइटर्स के बीच खेला गया। अकबरी टाइगर टीम की ओर से डॉ. इझार ने 58 रन और रेहान खान ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में शोइल खान ने 4 विकेट और इज़मामुल खान ने 3 विकेट हासिल किए। अकबरी टाइगर टीम की कप्तानी मुनाजिर अली ने की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकबरी फाइटर्स टीम की ओर से कामरान ने शानदार 45 रन और मोनीस ने 20 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में गुफरान लल्ला ने 4 विकेट और मोनीस ने 2 विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए कामरान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबले में अकबरी फाइटर्स टीम ने जीत हासिल की। टीम के कप्तान नदीम रहे। मैदान पर बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया।

### एमए पब्लिक स्कूल की टीम ने सिंधौली वॉरियर्स को नौ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** एमए पब्लिक स्कूल की टीम ने सिंधौली वॉरियर्स को नौ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, पहले खेलते हुए सिनौली वॉरियर्स ने निर्धारित 16 ओवर में सभी विकेट खोकर 65 रन बनाए वहीं मा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने किसी भी बल्लेबाज को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। स्कूल के गेंदबाजों रेहान खान ने 13 रन देकर तीन विकेट, रफ़्फ़न खान ने 2 ओवर में 5 रन देकर 2 विकेट लिए, कप्तान राकिब खान ने 4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट लिए, धाकड़ गेंदबाजी के चलते 15 ओवर में कुल 65 रन बना सके। लगातार तीन मैचों में अच्छी गेंदबाजी और बल्लेबाजी करने वाले रेहान खान को आज भी मैन ऑफ द मैच दिया गया। वहीं एम ए पब्लिक स्कूल की ओपनिंग जोड़ी ने पहले ही ओवर में इंजमाम ने चार चक्के की बदौलत 25 रन जोड़ डाले और चार ओवर एक गेंद में 66 रन बनाकर मैच को खत्म कर दिया। इस तरह एम ए पब्लिक स्कूल की टीम ने लगातार तीनों मैचों को जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया मुख्य अतिथि के रूप में टीम के स्पॉन्सर अब्दुल रहमान खान ने रेहान खान को मैन ऑफ द मैच दिया उन्होंने कहा की खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि मन भी स्वस्थ रहता है एवं अच्छे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है टीम के मैनेजर मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने सभी खिलाड़ियों को अच्छे खेल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यदि आप लोग इसी तरह मैच खेलते रहे और जीतते रहे तो निश्चित रूप से क्रिकेट में आपका भविष्य बहुत उज्ज्वल होने जा रहा है विपक्षी टीम को जिस तरीके से आपने बैक फुट पर खड़ा किया उससे हमारी टीम फाइनल में अवश्य जीतेगी टीम के कप्तान राकिब खान ने सभी खिलाड़ियों के सहयोग के लिए बधाई दी एवं कहा कि हमारा लक्ष्य टूर्नामेंट को जीतकर ट्रॉफी कबजाने को है इस दौरान जैद मंसूरी कृष्ण पाल रोहित कुमार सर्वेश सिंह चौहान स्पॉन्सर शिवम वर्मा स्कोरर की भूमिका अखिलेश उर्फ अनु ने निभाई कमेंट्री सुनील कुमार सिंह एवं रहमान खान ने की वहीं सिंधौली वॉरियर्स के कप्तान अनिल कुमार एवं इदरीश सर ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## ज्योति कलश रथयात्रा का होगा नगर आगमन

**तिलहर - शाहजहांपुर।** गायत्री परिवार के तत्वावधान में जनपद में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से ज्योति कलश रथयात्रा के दर्शन होंगे। यह रथयात्रा 17 मई को पीलीभीत के बीसलपुर से प्रस्थान कर शाहजहांपुर स्थित गायत्री शक्तिपीठ, चिनौर पहुंचेगी जहां यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा । यह जानकारी जिला समन्वयक सूरज वर्मा ने देते हुए बताया कि रथ यात्रा 35 दिनों तक जनपद शाहजहांपुर के विभिन्न तहसीलों और विकास खंडों में भ्रमण करेगी। यात्रा का उद्देश्य समाज में जनजागरण, नैतिक मूल्यों का प्रसार, आध्यात्मिक चेतना का विकास और सकारात्मक सामाजिक संदेशों का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में गोष्ठियां, जनसंपर्क अभियान, पूजन दीपमहायज्ञ एवं सदसहित्य, ज्ञानप्रसाद स्वरूप दिया

**35 दिनों तक जनपद में जगाएगी अलख**

जाएगा।जिनके माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति, संस्कार और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। यात्रा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 एवं 19 मई को तिलहर, 20 मई को जैतीपुर, 21 मई को खुदागंज, 22 एवं 23 मई को निगोही, 24 एवं 25 मई को पुवायां, 26 से 28 मई तक बंडा, 29 एवं 30 मई को खुटार, 31 मई को बड़ा गांव सकुलिया, 1 एवं 2 जून को सिधौली, 3 एवं 4 जून को गायत्री शक्तिपीठ चिनौर, 5 से 14 जून तक नगर क्षेत्र सदर, 15 से 17 जून तक ब्लॉक कांट, 17 एवं 18 जून को मदनापुर, 19 जून को जलालाबाद, 20 जून को अल्लाहगंज, 21 जून को मिर्जापुर तथा 22 जून को कलान क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रथयात्रा के समापन के उपरांत जनपद बदायूं के लिए विदा किया जाएगा। तिलहर में कार्यक्रम आयोजन आचार्य भानु प्रताप मिश्र और संजीव सक्सेना के निर्देशन में होंगे।

## सड़क चौड़ीकरण कार्य का वित्त मंत्री ने पुनः किया निरीक्षण, मंगलवार तक नाला निर्माण पूर्ण करने के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर में लोहारों वाले चौराहे पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के साथ रविवार सुबह पुनः स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। मंत्री ने लोहार वाले चौराहे पर चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि हर हाल में मंगलवार तक नाला निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि आमजन को हो रही असुविधा से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कार्य की दैनिक प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य शहर की यातायात व्यवस्था एवं जल निकासी के दृष्टिगत अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए कार्य में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सड़क चौड़ीकरण कार्य की धीमी प्रगति पर वित्त मंत्री ने दिए सख्त निर्देश

**वित्त मंत्री ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को लगाई फटकार**

**शाहजहांपुर।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शनिवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के साथ लोहार वाले चौराहे पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।साथ ही मंत्री ने ककरा स्थित नव निर्मित नगर निगम कार्यालय एवं ककरा स्थित सड़क का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। मंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य में देरी के कारण आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद एई, जेई एवं एक्सईएन से कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई। साथ ही संबंधित ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके उपरांत मंत्री ने ककरा स्थित नवनिर्मित नगर निगम कार्यालय एवं वहां निर्माणाधीन सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम कार्यालय का निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कर हस्तांतरण की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रोजा में कृषि विभाग के अधिकारियों की बड़ी कार्रवाई

**खाद की दुकान पर छापेमारी करते दुकान की सील**

**रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार की देर रात कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक खाद की दुकान में छापेमारी कर सील कर दी हैं। विभाग ने कृषि में प्रयोग होने वाली यूरिया को लेकर प्रशासन सतर्क है। कृषि विभाग द्वारा इस पर लगातार नजर रखी जा रही कि अपने जिले से खाद्य दूसरे जिले में न जाए। इसी के चलते शनिवार को कृषि विभाग ने एक जगह से यूरिया को पड़ोसी जिले में ले जाते हुए पकड़ लिया। जिसके बाद जांच पड़ताल कर रोजा में एक दुकान को सील कर दिया।

शनिवार को विभाग को सूचना मिली कि कुछ लोग अपने जिले की दुकानों से यूरिया खरीद कर पड़ोसी जिले ले जा रहे है और कुछ पड़ोसी जिले किसान भी यहां से यूरिया खरीद कर ले जा रहे है। इसी क्रम कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम जांच पड़ताल करने निकल पड़ी। बताते है टीम ने पहले एक जगह पर ई रिक्शे से पांच बोरी लखीमपुर ले जाते हुए पकड़ लिया। उसकी जांच पड़ताल की तो उसमें आधार कार्ड शाहजहांपुर के ही किसान का निकला। उसके बाद एक ट्राली में लगभग 65 से 70 बोरी यूरिया जो लखीमपुर जिले में ले जाई जा रही थी। उसको पकड़ लिया पूछताछ करने पर पता चला रोजा मंडी के सामने एक दुकान से वह यूरिया खरीदी गई थी। टीम उस दुकान पहुंची अपनी जांच पड़ताल की। स्टॉक आदि का भी मिलान किया। देर रात कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने दुकान को सील कर दिया।

## शिक्षा ओर संस्कार समन्वित केंद्र बनेगा स्वामी शुकदेवानंद विविः वीरेंद्र मौर्य



**समयबद्ध, शुचितापूर्ण परीक्षा और रोजगारोन्मुख शिक्षा व्यवस्था पहली प्राथमिकता**

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के प्रथम कुलसचिव वीरेंद्र कुमार मौर्य ने विश्वास व्यक्त किया है कि मुमुक्षु शिक्षा संकुल का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक वातावरण भविष्य में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श एवं मॉडल विश्वविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठित करेगा। विश्वविद्यालय में एक भेंट के दौरान कुल सचिव श्री मौर्य ने अपने शैक्षिक जीवन एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उनका मूल निवास उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जनपद में है तथा इंटरमीडिएट तक की शिक्षा उन्होंने वहीं से प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा अर्जित की।

श्री मौर्य ने बताया कि इससे पूर्व वे चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। प्रशासनिक अनुभव, शैक्षिक अनुशासन और पारदर्शिता को अपनी कार्यशैली का मूल आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में समयबद्ध प्रवेश प्रक्रिया, स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण तथा शुचितापूर्ण, नकलविहीन परीक्षाओं का सफल संचालन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संचालित सभी पाठ्यक्रम जारी रहेंगे। साथ ही कुलपति, वरिष्ठ शिक्षकों एवं शिक्षाविदों के साथ विमर्श कर रोजगारपरक एवं कौशल-आधारित नवीन पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किए जाएंगे, ताकि यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में सशक्त अवसर प्राप्त हो सकें। कुल सचिव श्री मौर्य ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश का ऐसा विशिष्ट विश्वविद्यालय है, जहां केजी से लेकर पीजी तक की समग्र शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने इसे भारतीय शिक्षा दर्शन की समन्वित परंपरा का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि ऐसे संस्थान का संचालन अपने आप में एक अद्वितीय एवं प्रेरणादायी अनुभव है। श्री मौर्य ने विश्वास व्यक्त किया कि आध्यात्मिक मूल्यों, नैतिक संस्कारों और आधुनिक शिक्षा के समन्वय से यह विश्वविद्यालय आने वाले समय में राष्ट्रनिर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार टीम भावना के साथ कार्य करते हुए संत परंपरा के महान विभूति स्वामी शुकदेवानंद जी के शिक्षा-संकल्प को साकार करने तथा स्वामी चिन्मयानंद जी की दूरदर्शी परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए सतत प्रयासरत रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीदों की धरा और आध्यात्मिक नगरी शाहजहांपुर के युवाओं के लिए यह सौभाग्य की बात है कि यहां पर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी के अथक प्रयासों और उप्र के माननीय मुख्यमंत्री जी के आशीर्वाद से यहां पर विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। अब यहां के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों की दौड़ नहीं लगानी होगी। उन्हें अपने ही शहर में शिक्षा के तमाम साधन उपलब्ध रहेंगे

## प्रेमिका को अपने साथ ले जाने की जिद को लेकर युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा

**शादीशुदा प्रेमिका के आश्वासन के बाद पांच घंटे बाद युवक नीचे उतरा, पुलिस ने लिया हिरासत में**

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





रोजा थाना क्षेत्र के बनतारा इलाके में रविवार की सुबह फिल्म शोले के वीरू की तर्ज पर एक युवक सुसाइड की धमकी देते हुए मोबाइल टावर पर चढ़ गया। विवाहित प्रेमिका को अपने साथ रखने की जिद करके युवक करीब पांच घंटे तक टावर के ऊपरी हिस्से पर बैठा रहा। पुलिस ने तत्काल उसकी प्रेमिका बुलाकर उससे बात कराई। इसके बाद युवक नीचे उतरा। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया हैं।

थाना पिहानी के गांव हरदईया निवासी सुंदरम पुत्र ईश्वरी गाजियाबाद में एक प्लास्टिक की फैक्ट्री में काम करता था। करीब डेढ़ वर्ष थाना रोजा क्षेत्र की रहने वाली शादीशुदा युवती से सम्पर्क हो गया। जो उसके साथ फैक्ट्री में काम करती थी। कुछ दिनों बाद दोनों में प्यार हो गया। दोनों ने साथ जीने मरने की कसम खा ली। लेकिन उसके प्यार की भनक युवती के पति को लग गई। बताते हैं कि युवती के पति ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। तीन दिन पहले उसे पता चला कि उसकी प्रेमिका अपने मायके आई हुई हैं तो वह भी उससे मिलने शनिवार को शाहजहांपुर आ गया। प्रेमिका से किसी बात से कहासुनी होने के रविवार की सुबह वह बनतारा स्थित एक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टाबर पर चढ़ने के बाद उसने डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक से उसके मोबाइल पर बात की तो उसने पुलिस को बताया कि वह अपनी प्रेमिका और उसके दोनों बच्चों को अपनाना चाहता हैं, जब तक उसकी प्रेमिका उसके साथ नहीं जायेगी, तब तक वह नीचे नहीं उतरेगा। पुलिस ने तत्काल उसकी प्रेमिका से बात कर उसे मौके पर बुलवाया और उससे मोबाइल पर बात भी कराई। काफी मशक्कत के बाद वह जब टावर से नीचे उतरा तो पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर प्रेमिका के साथ थाने ले आई।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री भी पहुंची मौके पर

**रोजा।** सीतापुर मार्ग पर लगी भीड़ को देखकर सीतापुर की ओर जा रही पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णा राज भी मौके पर पहुंच गई और उन्होंने थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र से बात कर युवक को किसी तरह नीचे उतरवाने को कहा। इस दौरान उन्होंने उसकी प्रेमिका से भी बातचीत की।

## कैदियों की फरारी चिंताजनक!

भारतीय जेलें आज घोर अव्यवस्था का शिकार होने के कारण 'सुधार घर' की बजाय 'बिगाड़ घर' बन कर रह गई हैं। जेलों में हिंसा, मारपीट और पुलिस की हिरासत से हवालातियों की फरारी एक आम बात हो गई है जिसकी इसी वर्ष लगभग 4 महीनों की घटनाएं निम्न में दर्ज हैं 15 जनवरी को 'सिवनी' (मध्य प्रदेश) में बलात्कार के आरोप में बंद 3 कैदी मैडीकल जांच के बाद अस्पताल से वापस जेल में लाए जाने के दौरान फरार हो गए। 28 जनवरी को 'अयोध्या' (उत्तर प्रदेश) में हत्या के प्रयास और बलात्कार के गंभीर आरोपों में जिला जेल की 'तन्हाई बैरक' में बंद 2 शातिर कैदी 'गोलू अग्रहरि' तथा 'शेर अली' जेल की दीवार तोड़ने के बाद जेल की बाऊंड्री वॉल से कूदकर फरार हो गए। 5 फरवरी को 'सदिया जेल' (असम) से 4 कैदी रस्सी के सहारे ऊंची दीवार फांदकर भाग निकले। 6 फरवरी को 'लुधियाना' (पंजाब) में मर्डर केस का एक विचाराधीन आरोपी पुलिस कस्टडी से उस समय फरार हो गया जब उसे इलाज के लिए लुधियाना के सिविल अस्पताल लाया गया था।' 9 मार्च को 'सिद्धार्थ नगर' (उत्तर प्रदेश) के एक पुलिस थाने में बंद 2 ईनामी अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। अभियुक्तों ने पेट दर्द का बहाना बनाया और लॉकअप रूम का दरवाजा खुलवा कर भाग निकले, हालांकि उन्हें बाद में पकड़ लिया गया।' 27 मार्च को 'रेवाड़ी' (हरियाणा) की हाई टैक जेल में साइबर फ्राड के आरोप में बंद उत्तर प्रदेश के 2 विचाराधीन कैदी जेल की दीवार से सीढ़ी लगाकर फरार हो गए जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। 18 अप्रैल को 'यरवदा' ओपन जेल (पुणे, महाराष्ट्र) से 'समीर शेख' नामक एक उम्रकैदी फरार हो गया। 8 मई को 'संतोष लक्ष्मण भिंगारे' नामक उम्रकैदी अपनी बेटी की सगाई में शामिल होने के लिए जेल से भाग गया। 12 मई को 'अहमदाबाद' (गुजरात) की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली 'साबरमती सैंट्रल जेल' में मर्डर और पोक्सो एक्ट के तहत उम्रकैद की सजा काट रहा 'रामाभाई परमार' नामक कैदी सुबह के समय मेन गेट से सीधा बाहर निकल कर फरार हो गया। शाम को गिनती के दौरान सी.सी.टी.वी. देखने पर उसके भागने का खुलासा हुआ। 13 मई को 'यरवदा' ओपन जेल (पुणे, महाराष्ट्र) में मर्डर के केस में उम्रकैद की सजा काट रहा 'जनार्दन शंकर अडसूले' जेल से गायब हो गया। 13 मई को ही 'गोलाघाट' (असम) जिले में चोरी और डकैती के मुख्य आरोपी 'दिलीप सहनी उर्फ 'लगन' ने पुलिस द्वारा पूछताछ के सिलसिले में 'देरगांव' ले जाए जाते समय अचानक पुलिस कर्मियों को धक्का देकर भागने की कोशिश की। पुलिस की चेतावनी के बाद भी जब वह नहीं रुका, तो पुलिस को गोली चलानी पड़ी, जिससे उसकी मौत हो गई। 15 मई को 'पटियाला' (पंजाब) की हाई-सिक्योरिटी सैंट्रल जेल से तीन कैदी दीवार फांदकर भाग निकले। भागने के कुछ ही घंटों के भीतर तीनों को पकड़ लिया गया। भारतीय जेलों की सुरक्षा व्यवस्था में चूकों के ये तो चंद उदाहरण मात्र हैं। हर बड़ी घटना के बाद प्रशासन द्वारा व्यवस्था को चाक चौबंद करने की बात कही जाती है परंतु हालात वही रहते हैं। देश में जेलों की क्षमता से ज्यादा कैदी इसका एक बड़ा कारण है। देश में जेलों में 4.54 लाख कैदियों की क्षमता है परंतु इस समय इनमें 5.11 लाख कैदी बंद हैं। क्षमता से अधिक कैदियों के जेल में बंद होने तथा स्टाफ की कमी के कारण इसका प्रभाव जेलों के प्रबंधन पर पड़ रहा है। न्यायिक प्रक्रिया सुस्त होने के कारण विचाराधीन कैदी लम्बे समय तक जेलों में बंद रहते हैं जिससे जेलों पर बोझ बढ़ रहा है। अतः कैदियों की फरारी पर रोक के लिए जेलों का प्रबंधन ठीक करने, कैदियों की संख्या कम करने और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत है।

# यूपी सेमीकंडक्टर नीति-2024 चुनौतियों से समाधान तक

*अभिषेक सक्सेना*

उत्तर प्रदेश सेमीकण्डक्टर नीति-2024 का उद्देश्य प्रदेश को पूरे देश में सेमीकण्डक्टर निर्माण के क्षेत्र में प्रमुख हब के रूप में स्थापित करना है। भारत को सेमीकण्डक्टर और डिस्प्ले इकोसिस्टम को मजबूती प्रदान करते हुए तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। आज के डिजिटल युग में सेमीकंडक्टर केवल एक तकनीकी उत्पाद नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की आधारशिला बन चुके हैं। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य उपकरण और रक्षा प्रणाली हर क्षेत्र सेमीकण्डक्टर पर निर्भर है। इसके बावजूद, लंबे समय तक भारत सेमीकंडक्टर के लिए आयात पर अत्यधिक निर्भर रहा। कोविड-19 महामारी के दौरान उत्पन्न वैश्विक चिप संकट ने इस निर्भरता की कमजोरियों को उजागर किया था। ऑटोमोबाइल उत्पादन ठप हुआ, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग प्रभावित हुआ और आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई थी।

उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और जनसंख्या बहुल राज्य के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण थी, जहाँ रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित करना और औद्योगिक विकास को गति देना एक निरंतर आवश्यकता है। तकनीकी क्षेत्र में सीमित निवेश, उच्च-स्तरीय अनुसंधान संस्थानों की कमी, और वैश्विक कंपनियों के लिए अनुकूल इकोसिस्टम का अभाव सभी बाधाएँ राज्य को इस उभरते क्षेत्र में पीछे रखती थीं। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 को बनाकर लागू किया। यह नीति केवल एक औद्योगिक दस्तावेज नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान के लिए एक समग्र रणनीति के रूप में तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य राज्य को सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना है। सेमीकण्डक्टर विनिर्माण में निवेश आकर्षित करने हेतु भारत सरकार की पहल के अनुरूप सेमीकण्डक्टर क्षेत्र में वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह एक स्वतन्त्र सेमीकण्डक्टर नीति प्रख्यापित की गई है।

सेमीकण्डक्टर इकाइयों के लिए डेडीकेटेड प्रावधान आरम्भ करने वाला उत्तर प्रदेश चौथा राज्य है। नीति प्रख्यापन के प्रथम वर्ष में ही मेसर्स टॉर्क सेमीकण्डक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड की रु 28,440 करोड़ तथा मेसर्स वामासुन्दरी इन्वेस्टमेण्ट्स (दिल्ली) प्रा0लि0 की रु 3,706.12 करोड़ के निवेश वाली दो वृहद परियोजनाओं को निवेश हेतु अनुमोदन प्रदान कर लेटर ऑफ कम्फर्ट निर्गत कर दिया गया है। लगभग रु0 506 करोड़ के निवेश वाला एक अन्य परियोजना-प्रस्ताव भी अनुमोदन की प्रक्रिया के अधीन हैं।



*उ.प्र. सेमीकंडक्टर नीति आम नागरिकों के जीवन को भी सीधे प्रभावित करती है। सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की क्षमता होती है। उच्च-कुशल इंजीनियरों से लेकर तकनीशियनों और श्रमिकों तक विभिन्न स्तरों पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। इससे युवाओं को अपने ही राज्य में बेहतर रोजगार मिलेगा और अन्य राज्यों या देशों की ओर पलायन में कमी आएगी। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर उद्योगों के विकास से छोटे व्यवसायों और एमएसएमई को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। यह नीति उत्तर प्रदेश सरकार के व्यापक आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राज्य सरकार ने जो 01 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, इसके लिए उच्च-प्रौद्योगिकी उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देना आवश्यक है। सेमीकंडक्टर उद्योग, जो उच्च मूल्यवर्धन और निर्यात क्षमता वाला क्षेत्र है, इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक प्रमुख साधन बन रहा है। उ.प्र. सेमीकण्डक्टर यह नीति मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों को सुदृढ़ कर रही है। देश में सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा मिलने से आयात पर निर्भरता कम होगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी और भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति को मजबूत कर सकेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 राज्य की औद्योगिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण ठोस कदम है। यह नीति न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करती है, बल्कि भविष्य की संभावनाओं के लिए एक मजबूत आधार भी तैयार कर रही है। रोजगार सृजन, तकनीकी आत्मनिर्भरता, वैश्विक निवेश और आर्थिक विकास इन सभी पहलुओं को समाहित करते हुए यह नीति उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी तकनीकी केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हो रही है।*

प्रदेश में निवेशकों के सामने उच्च लागत और जटिल प्रक्रियाओं को दूर करने एवं उनके समाधान के रूप में प्रदेश सरकार के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने पूंजीगत सब्सिडी, भूमि पर रियायत, स्टाम्प ड्यूटी में छूट और बिजली दरों में राहत जैसी सुविधाएँ प्रदान की है।

इसके साथ ही, एकीकृत सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे उद्योगों को स्वीकृति प्राप्त करने में कम समय लगे और अनावश्यक बाधाएँ समाप्त हों। उन्नत बुनियादी ढाँचे के अभाव को दूर करने के लिए सेमीकंडक्टर उद्योग को अत्यधिक पूंजी गहन और तकनीकी अत्याधुनिक सुविधाओं की आवश्यकता को दूर किया गया। इस दिशा में प्रदेश सरकार ने ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-6 क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किया है। यह क्लस्टर वैश्विक कंपनियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है और इसके आसपास सहायक उद्योगों के विकास की भी संभावनाएँ पैदा करता है। कुशल मानव संसाधन की भी व्यवस्था की गई है। इस नीति के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग और अनुसंधान संगठनों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की योजना के माध्यम से युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्राप्त कर रोजगार से लगे।

उ.प्र. सेमीकंडक्टर नीति आम नागरिकों के जीवन को भी सीधे प्रभावित करती है। सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की क्षमता होती है। उच्च-कुशल इंजीनियरों से लेकर तकनीशियनों और श्रमिकों तक विभिन्न स्तरों पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। इससे युवाओं को अपने ही राज्य में बेहतर रोजगार मिलेगा और अन्य राज्यों या देशों की ओर पलायन में कमी आएगी। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर उद्योगों के विकास से छोटे व्यवसायों और एमएसएमई को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

इस नीति में सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन के सभी महत्वपूर्ण घटकों को शामिल किया गया है। इसमें फैब्रिकेशन यूनिट्स (Fab) डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग, ATMP, Assembly Testing, (Marking and Packaging)- डिजाइन यूनिट्स और सप्लाई चेन से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल एक क्षेत्र में विकास करना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण इकोसिस्टम तैयार करना है, जहाँ सभी गतिविधियाँ एक-दूसरे से जुड़ी हों और सामूहिक रूप से विकास को गति दें।

वर्तमान में इस नीति के तहत निवेश आकर्षित करने के प्रयास तेज हो चुके हैं। विभिन्न निवेश सम्मेलनों के माध्यम से राज्य सरकार वैश्विक कंपनियों के साथ संवाद स्थापित कर रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2020, डेटा सेंटर नीति-2021 और स्टार्टअप नीति-2020 के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एक मजबूत डिजिटल और औद्योगिक आधार तैयार किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा और नोएडा क्षेत्र पहले से ही इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के हब के रूप में विकसित हो रहे हैं, और अब सेमीकंडक्टर नीति के माध्यम से इस विकास को नई दिशा मिल रही है।

यह नीति उत्तर प्रदेश सरकार के व्यापक आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राज्य सरकार ने जो 01 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, इसके लिए उच्च-प्रौद्योगिकी उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देना आवश्यक है। सेमीकंडक्टर उद्योग, जो उच्च मूल्यवर्धन और निर्यात क्षमता वाला क्षेत्र है, इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक प्रमुख साधन बन रहा है ।

उ0प्र0 सेमीकण्डक्टर यह नीति मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों को सुदृढ़ कर रही है। देश में सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा मिलने से आयात पर निर्भरता कम होगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी और भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति को मजबूत कर सकेगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 राज्य की औद्योगिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण ठोस कदम है। यह नीति न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करती है, बल्कि भविष्य की संभावनाओं के लिए एक मजबूत आधार भी तैयार कर रही है। रोजगार सृजन, तकनीकी आत्मनिर्भरता, वैश्विक निवेश और आर्थिक विकास इन सभी पहलुओं को समाहित करते हुए यह नीति उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी तकनीकी केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हो रही है।

## विचार

# निराश्रित गोवंश का संरक्षण व पशुपालन में कई आयामों पर आगे बढ़ रहा लखनऊ

*डॉ. अजीत रानाडे*

उत्तर प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों के अंतर्गत जनपद लखनऊ में निराश्रित और बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए एक अत्यंत सुव्यवस्थित ढांचा विकसित किया गया है। वर्तमान में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में हजारों की संख्या में आश्रय स्थल संचालित हैं, जो न केवल गोवंश को सुरक्षित आवास प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उनके आहार, पेयजल और स्वास्थ्य की भी निरंतर निगरानी कर रहे हैं।

इन प्रयासों के केंद्र में प्रदेश सरकार की वह संकल्पना है, जिसमें पशुधन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना गया है। जनपद में संचालित कान्हा उपवन जैसे विशाल केंद्रों ने निराश्रित, बीमार और दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को नया जीवन प्रदान किया है। 53 बीघा जैसी विस्तृत भूमि पर स्थापित ये केंद्र आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं।

जहाँ गोवंश की देखरेख के लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है। सरकार की दूरदर्शी नीतियों का ही परिणाम है कि आज लखनऊ में गोवंश सहभागिता योजना के माध्यम से आम नागरिकों और किसानों को सीधे इस पवित्र अभियान से जोड़ा गया है। इस योजना के अंतर्गत पशुपालकों को न केवल गोवंश सौंपे जाते हैं, बल्कि उनके भरण-पोषण के लिए मासिक आर्थिक अनुदान भी सुनिश्चित किया जाता है, जिससे सामाजिक सहभागिता और आर्थिक सहयोग का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत हुआ है। पशु चिकित्सा के क्षेत्र में हुए क्रांतिकारी बदलावों ने जनपद के पशुधन की सुरक्षा को नया विस्तार दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण



और डिवर्मिंग जैसे अभियानों ने लंपी वायरस जैसे संक्रामक रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाने में सफलता प्राप्त की है। जिला प्रशासन के माध्यम से सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक आश्रय स्थल पर पशुओं के लिए उचित उपचार कक्ष और गंभीर रूप से बीमार पशुओं के लिए पृथक वार्ड उपलब्ध हों। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए संचालित मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स ने चिकित्सा सेवाओं को पशुपालकों के द्वार तक पहुँचा दिया है, जिससे समय पर इलाज मिलने से पशुहानि में भारी कमी आई है।

पिछले नौ वर्षों के आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो लखनऊ जनपद में लगभग 31,343 गोवंशों का संरक्षण 101 गो आश्रय स्थलों में किया गया है, जो पशु कल्याण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु 16.11 करोड़ रुपये की लागत से 14 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का निर्माण कराया गया है, जो गोवंश संरक्षण के लिए एक स्थायी और दीर्घकालिक आधारभूत संरचना के रूप में उभरे हैं। प्रदेश सरकार की योजनाएं केवल उपचार और संरक्षण तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ये पशुपालकों की आय में वृद्धि और ग्रामीण समृद्धि का भी बड़ा आधार बनी हैं। नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और मिनी नंदिनी जैसी पहलों ने लखनऊ के डेयरी क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया है। इन योजनाओं के माध्यम से स्थानीय लाभार्थियों को लाभान्वित कर स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता के मार्ग खोले गए हैं। इसी प्रकार नेशनल लाइव स्टॉक मिशन के तहत पशुधन आधारित आजीविका, नस्ल सुधार और उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण नवाचार किए गए हैं। कुक्कुट विकास योजना ने छोटे और सीमांत किसानों के लिए आय का एक वैकल्पिक और सशक्त स्रोत प्रदान किया है, जिससे विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तीकरण को बल मिला है। आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे पशुपालकों की कार्यक्षमता और दुग्ध उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। नस्ल सुधार के कार्यक्रमों ने जनपद के पशुपालन परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। कृत्रिम गर्भाधान और उच्च गुणवत्ता वाली स्वदेशी नस्लों जैसे गिर और साहीवाल को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे मिशनों ने डेयरी क्षेत्र को व्यावसायिक रूप से लाभकारी बनाया है। प्रदेश सरकार की इन विकासपरक योजनाओं ने विशेष रूप से महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो रही हैं, जिससे उनके सामाजिक स्तर में सुधार आया है। चारा विकास और पशु पोषण पर विशेष ध्यान देने के कारण पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादकता का संतुलन बना हुआ है। सरकार की सक्रिय कार्यप्रणाली, पारदर्शी क्रियान्वयन और निरंतर मॉनिटरिंग ने यह सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुँचे। आज लखनऊ जनपद पशुधन संरक्षण, डेयरी विकास और ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो चुका है, जहाँ सरकार की योजनाएं और जिला प्रशासन का कुशल प्रबंधन प्रदेश के चहुंमुखी विकास और ग्रामीण समृद्धि के संकल्प को निरंतर सिद्ध कर रहा है।

साहित्य



## मिलने लगे इनाम...!

**संजय एम तराणेकर**

*तीसरे-चौथे बच्चे पर, अब मिलने लगे इनाम,*
*यूं जनसंख्या की चर्चा में, बदल रहा है काम।*
*कल तक जो कहते थे–छोटा रखो परिवार,*
*ये बढ़ती उम्र की चिंता ने बदला पूरा विचार।*

*बच्चे सिर्फ बोझ नहीं, भविष्य की हैं पहचान,*
*उनसे तो चलता रहता, देश व समाज महान।*
*जब घटती जनसंख्या से, अर्थव्यवस्था डोले,*
*तब नई सोच के दीप, शासन के मन के बोले।*

*हर नन्हा जीवन लाता है, खुशियों की सौगात,*
*ममता, सपने, उम्मीदों की, जगती नई बारात।*
*नीति चाहे जो भी बदले, समय बदलता जाए,*
*बच्चों की मुस्कानों से, हर आँगन खिल जाए।*
*(संदर्भ - आंध्र में तीसरे-चौथे बच्चे के जन्म पर पैसे मिलेंगे)*





## राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# शेखचिल्ली हैं भारत के भाग्य विधाता

*अरविंद कांत त्रिपाठी*

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी द्वारा जनादेश को अपनी जूती मानकर पद से इस्तीफा न देने का ऐलान रहा हो या इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जेल जाने पर इस्तीफा न देने की नाकारात्मक शुरुआत; दोनों राष्ट्र के खिलाफ जनता को अराजक बनाने और संवैधानिक व्यवस्था को तहस-नहस कर देने की कोशिश थी। या फिर देश को अस्थिर कर देने को विदेशी ताकतों के इशारे पर किया गया षडयंत्र। जनसंख्या विस्फोट के कारण भारत में जनसंख्या बिलबिला रही है। इसलिए यहां जयकारा लगाने वालों की कोई कमी नहीं है। सज्जन हों या दुर्जन, सफेदपोश लफंगे हों, निकम्मे हों, भ्रष्टाचारी हों या बलात्कारी सबके पास लाखों जयकाराबाज समर्थक हैं। जो न्यायालयों (अर्थात स्थापित संवैधानिक व्यवस्था) को नहीं बल्कि, अपने आका की बातों को ही न्याय मानते हैं। वह मानते हैं कि उनका राजनीतिक या धार्मिक नेता (राजनेता, कथित संत, बाबा, मुल्ला या मौलाना) मर्यादा पुरुषोत्तम है। उसका हर कथन वेद-वाक्य (ध्रुव सत्य) है। वह मानते हैं कि निर्मल हृदय उनका नेता किसानों, मजदूरों, मजलूमों और बेरोजगारों की पीड़ा देखकर अपने वातानुकूलित बंगले में भी मोम की तरह पिघल जाता है।

भ्रष्टाचार या अपराध की पोल खुलते ही माननीयों की माननीयगर्दी गायब हो जाती है। अब रसमलाई भी गले में अटकने लगती है। तब बचाव में उन्हें अपनी जाति, बिरादरी, वर्ग, धर्म और संप्रदाय याद आता है। बयान होता है- एक ब्राह्मण को, दलित बेटे को, पिछड़े को, किसान बेटे को, हिंदू या मुसलमान को राजनीतिक षडयंत्र के तहत फंसाया जा रहा है।... फिर क्या, बुद्धि को ताख पर रख चुकी जनता फड़कने लगती है। वह मानती है कि रामसुमेर, तीरथ, गोनई, इकबाल और सुलेमान दर्जी चोर, डांकू, टपोरी, बलात्कारी और भ्रष्टाचारी हो सकते हैं। लेकिन गंगा की तरह पावन-पवित्र उनका नेता नहीं। वह चारा चोर, कोयला चोर, भवन चोर, जमीन चोर, राशन चोर, शराब चोर नहीं हो सकता।... सारा दोष कलमुंहे ईडी, सीबीआई और इंकमटैक्स का है। सरकार, असाधारण क्रांतिकारी, निष्ठावान देशभक्त, नैतिकता की खान और कट्टर ईमानदार धरतीपुत्र या पुत्री को राजनीतिक विद्वेष से फंसा रही है। सरकार ब्राह्मण, दलित, किसान, वनवासी, अल्लवासी, बल्लवासी विरोधी है।

परिपक्व नेता अपने समर्थकों की उक्त बौद्धिक विकलांगता को रत्ती-रत्ती जानते हैं। क्योंकि जनता को नजरबंद रखने वाले इस मनोविज्ञान के वही रचनाकार हैं। यह मनोविज्ञान कमजोर न पड़े लिहाजा समय-समय पर वह, इसमें जाति, बिरादरी और धरम-करम का पैबंद लगाते रहते हैं... भारतीय प्रजा लटाव लेते इसी प्रजातंत्र की झंडाबरदार है। यही प्रजातंत्र खतरे में पड़ता है। जिसे बचाने के लिए जनता से अपील की जाती है। जहां तक संविधान के खतरे में पड़ने की बात है तो कितने माननीय लोग संविधान पढ़े हैं? लिहाजा संविधान बेचारा तो हमेशा खतरे में है।

अपने नेता के एक-एक शब्द को गुरुमंत्र मानने वाली जनता- इज्जत की रोटी के लिए, बूढ़े मां-बाप की दवाई के लिए, बेटे की फीस और पढ़ाई के लिए, ठंड में ओढ़ने को कुछ अदद रजाई के लिए अपने मुफलिस जीवन के दिन-रात संघर्ष को भूलकर, पल भर में उन्मादी हो जाती है। सड़कों पर आ जाती है। घरों, बसों और दफ्तरों में आग लगाती है। जो पकड़े जाते हैं, उनके पिछवाड़े लाल किए जाते हैं। जेल जाते हैं।... हाल पूछने माननीय नहीं आते हैं। मुंह से गाज फेंकते, हांफते-डांफते घर वाले किसी तरह जमानत के लिए वकील की फीस जुटाते हैं। वो लपूझन्ने बाहर आते हैं। कुछ का नशा उतर जाता है। ठंडे हो जाते हैं। कुछ बाहर आने पर फूलमाला और समर्थकों के जयकारा संग आगे बढ़ जाते हैं। क्षेत्रीय नेता बन जाते हैं।

फिर सियासी भोंपू बजते ही, मानसिक गुलाम जनता, रैली में रेला लगाने चल पड़ती है। पड़ोसियों के साथ सुख-शांति से हिलमिल कर बीत रहे जीवन को भूलकर पूरे जुनूनी ब्राह्मण, ठाकुर, दलित, पिछड़ा, हिंदू और मुसलमान बन जाती है। पार्टी का झंडा सबसे ऊपर बांधने की प्रतिस्पर्धा में कोई छत की ऊंची मुंडेर पर चढ़ जाता है तो कोई नीम के पेड़ पर। ईश्वर कृपा से टपकने के बाद कोई इस अस्पताल में टंगा मिलता है। कोई जबड़ा सिलवाए उस अस्पताल में।

अमेरिका और चीन आदि के डीप स्टेट विभिन्न देशों (इराक, लीबिया, श्रीलंका, नेपाल, बेंजुएला तथा बांग्लादेश) में भारी हिंसा और उपद्रव करवा कर सरकारों का तख्ता पलट करवा चुके हैं। अब इसी प्रयास का खूनी मंजर ईरान में जारी है। डीप स्टेट (भारत विदेशी ताकतों) की षडयंत्रकारी निगाहों में भारत हमेशा रहा है। मोदी काल में ज्यादा है। गत मार्च में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने कोलकाता हवाई अड्डे से अमेरिकी नागरिक और सीआईए एजेंट मैथ्यू वैनडाइक को उसके अन्य छह यूक्रेनी मददगारों के साथ दबोचा है। मैथ्यू वैनडाइक इराक, बांग्लादेश, बेंजुएला और नेपाल में तख्ता पलट करवाने के लिए जनता को उकसाने और गोला-बारूद चलाने की ट्रेनिंग देने का जिम्मेदार है। वैनडाइक पूर्वोत्तर भारत में आतंकी साजिश रचने और विद्रोहियों को प्रशिक्षित करने में जुटा था। यह तो रही बाहरी एजेंटों की बात।

अब भारत के अंदर नजर डालिए। टीएमसी का एक बेअंदाज नेता कोलकाता के एक इलाके को खुलेआम मिनी-पाकिस्तान घोषित कर चुका है। कोई बाबरी मस्जिद बनवाकर बहुसंख्यकों की भावनाओं को रौंदते हुए देश को आग के हवाले करना चाहता है। भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह, इंशा अल्लाह देश सुन चुका है। गलवान झड़प के दौरान रात के अंधियारे में चीनी राजदूत से गुपचुप मुलाकात। भारतीय संविधान खतरे में है, लोकतंत्र खतरे में है। अल्पसंख्यक खतरे में हैं। सिखों की पगड़ी खतरे में है। वोट चोरी। चुनाव चोरी। भारतीय संवैधानिक संस्थाओं (उच्चतम न्यायालय, चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी आदि) पर सरकारी दबाव में काम करने का वैश्विक प्रचार। विश्व मंचों पर भारत सरकार को तानाशाह बताना। जेन-जी को भड़काकर सड़क पर उतारने की कोशिश।

फेहरिस्त लंबी है। कुल मिलाकर जनविद्रोह और उपद्रव करवाकर विदेशी ताकतों की मदद से सरकार का तख्ता पलट करने की कोशिश जारी है। इन मनहूस कुसंभावनाओं को नकारना आसान नहीं है।

आजादी के बाद से ही भारत, अमेरिका और पाकिस्तान की आंखों में, खटकता रहा है। चीन की आंखों में भारत कभी खास था ही नहीं। लेकिन दोकलाम और गलवान घाटी में भारतीय पौरुष प्रदर्शन के बाद, अब भारत, चीन की आंखों में किरकिरी बन चुका है। खबरें स्पष्ट कर चुकी हैं कि चीन, अमेरिका और पाकिस्तान के ढेरों सफेदपोश भारतीय एजेंट, देश में सक्रिय हैं। कुछ पकड़े गए हैं बाकी राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता या बुद्धिजीवी आदि के वेश में सुरक्षित और सक्रिय हैं।

अंत में पुनः जनता जनार्दन है यह लुभावन जुमला भर है। वस्तुतः वह, चकरघिन्नी में पड़ी शेखचिल्ली मात्र है। नेताओं का लपूझन्ना है। जो अल्पसंख्यक जनता लपूझन्ना नहीं है, देश उन्हीं के सहारे चल रहा है और सुरक्षित है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मड़ौली की शानदार जीत, निखिल बने मैन ऑफ द मैच



विजयीपुर, फतेहपुर। विजयीपुर जय गुरुदेव टूर्नामेंट प्रीमियम लीग क्षेत्र में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में मड़ौली टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किशनपुर टीम को हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला मैच की शुरुआत में मड़ौली टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी किशनपुर टीम मड़ौली के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी और पूरी टीम 11 ओवर में मात्र 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मड़ौली टीम के गेंदबाजों ने शुरू से ही दबाव बनाए रखा और लगातार विकेट हासिल किए 81 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मड़ौली टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए केवल 7 ओवर में ही 81 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम के बल्लेबाजों ने शानदार चौके लगाते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और टीम को आसान जीत दिलाई मड़ौली टीम के खिलाड़ी निखिल ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए मैच में शानदार 14 रन बनाए और घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट हासिल किए। उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफद मैच चुना गया प्रतियोगिता समिति के संचालक उमेश कुमार ने निखिल को मैन ऑफद मैच देकर सम्मानित किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष विनय कुमार निषाद, सचिव राम प्रसाद निषाद, प्रदीप निषाद, सोनू निषाद, संदीप निषाद, लोकेश, संजू बाबा, विकाश निषाद, रोहित निषाद सहित क्षेत्र के भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने 45 क्वार्टर देशी शराब सहित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम एवं बरामदगी/गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के कुशल नेतृत्व में थाना श्रीनगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 45 देशी शराब के क्वार्टर सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष श्रीनगर जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित टीम के उनि प्रशान्त दीक्षित, उनि संदीप विमल एवं का. सुरेन्द्र कुमार द्वारा अभियुक्त शारूख पुत्र पप्पू, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी बजरंग कॉलोनी, कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को कुंजर मंदिर तिगैला के पास, मु. दाऊपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। बताया है कि अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नीली बोरी में कुल 45 अदद क्वार्टर अवैध देशी शराब (ब्रांड झुम्पा) बरामद की गई। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना श्रीनगर में अभियुक्त के विरुद्ध मु.अ.सं. 73/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

### खन्ना के किसानों की डीएम के दरबार में दस्तक, बोले गौशाला की गायों ने फसल की बर्बाद



उरई (जालौन)। गांवों में संचालित हो रही गौशालाओं की बदहाली अब किसानों पर भारी पड़ रही है। कालपी तहसील के ग्राम खन्ना के दर्जनों किसान शनिवार को उरई तहसील दिवस में जिलाधिकारी के सामने पहुंचे और अपनी पीड़ा बयां की। किसानों ने साफ आरोप लगाया कि गौशाला की लापरवाही के चलते उनकी खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। ज्ञापन देने पहुंचे किसानों में जयवीर सिंह, गम्भीर सिंह, उत्तम सिंह, त्रिलोकी सिंह, हिमांशु परिहार, शिवपूजन, संदीप विश्वकर्मा समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे। इन किसानों का कहना है कि गांव में बनी गौशाला का रखरखाव पूरी तरह से लचर है। कई दिनों से गौवंश रात में गौशाला से निकलकर खेतों में घुस रहे हैं और फसलों को चर रहे हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि बीती रात उनके खेत में घुसी गायों ने एक बीघा चरी और दो बीघा मूंग की फसल पूरी तरह चर ली, जिससे करीब 70 प्रतिशत नुकसान हो गया। उन्होंने बताया कि यह जमीन उन्होंने पेशगी पर ली थी और इसी फसल से पूरे परिवार का गुजर-बसर होना था। अब हमारे पास कुछ नहीं बचा, यह कहते हुए वह भावुक हो उठे। गम्भीर सिंह और उत्तम सिंह ने भी आरोप लगाया कि यह कोई एक दिन की घटना नहीं है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि गौशाला का तत्काल औचक निरीक्षण कराया जाए और वहां पशुओं की उचित देखरेख सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिन किसानों का नुकसान हुआ है, उन्हें मुआवजा दिया जाए। किसानों ने सवाल उठाया कि गौशालाओं के नाम पर सरकार लाखों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि न तो पशु सुरक्षित हैं और न ही किसानों की फसल। यह सीधे-सीधे लापरवाही और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वह बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### रात भर चला सड़क सुरक्षा अभियान, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई



उरई (जालौन)। एडीजी यातायात उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जनपद जालौन में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कल रात्रि विशेष सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस बैरियर टोल प्लाजा पर देर रात तक सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। जो चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए, उनके वाहनों को तत्काल साइड में खड़ा कराते हुए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि स्वयं एवं अन्य लोगों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। यातायात पुलिस ने लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालकों को विशेष रूप से जागरूक करते हुए कहा कि लगातार वाहन चलाने के बजाय बीच-बीच में विश्राम अवश्य करें। नींद, थकान या अस्वस्थता की स्थिति में वाहन को सुरक्षित स्थान पर रोककर आराम करने के बाद ही आगे की यात्रा करें। अभियान के दौरान सीट बेल्ट एवं हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस दौरान मुख्य आरक्षी सुभाष कुमार, मुख्य आरक्षी अजीत कुमार, आरक्षी विवेकानंद सहित यातायात पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में जुटी: मूलचंद्र निरंजन

उरई (जालौन)। विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान अंशकालिक अनुदेशकों को बढ़े हुए रु.17,000 मानदेय के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रदेश सरकार द्वारा अनुदेशकों के हित में लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा अनुदेशकों का मनोबल बढ़ेगा। विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि सरकार की संवेदनशीलता एवं शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि अनुदेशक शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने सभी अनुदेशकों से पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित अतिथियों एवं अनुदेशकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। इस अवसर पर माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र निरंजन, कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, एमएलसी बाबूलाल तिवारी के प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, विधायक सदर प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक संतोष कुमार देव पाण्डेय, डीसी मनरेगा रामेंद्र कुशवाहा तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में अनुदेशक उपस्थित रहे।

# रिंद नदी में नहाते समय छह दोस्त डूबे, चार की मौत

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।





ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम कुनुहा का डेरा के समीप रविवार की दोपहर छह दोस्त रिंद नदी में नहाते समय डूब गये। गोता खोरो की मदद से सभी को बाहर निकाला गया। जिसमें चार को सीएचसी में मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुनुहा का डेरा गांव के समीप रिंद नदी का। रविवार को रिंद नदी में स्नान करते समय छह युवक डूब गए। जिसमें चार युवको हसीब उम्र 22 वर्ष पुत्र फरीद खान, शान मोहम्मद उमर 20 वर्ष पुत्र नफीस, साहिल उम्र 20 वर्ष पुत्र सन्ने तथा अंश कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र धर्मेंद्र उर्फगोरे सभी निवासी ग्राम तपनी थाना ललौली जनपद फतेहपुर की मौत हो गई जबकि उन्हीं के साथ नदी में डूबे युवक नितिन तथा मोनू को प्रयास करके बचा लिया गया। हालांकि जीवित रहने की आशा पर हसीब, शान मोहम्मद, साहिल तथा अंश कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की लेकर पुलिस पहुंची जहां पर चिकित्सक ने चारों को मृत घोषित कर दिया। युवको की मौत की पुष्टि होने के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया परिजन रो रो कर बेहाल हो रहे थे। बताया जाता है कि गांव के 9 युवक नदी स्नान करने गए थे जिसमें छह लोग स्नान कर रहे थे जिसमें सभी डूब गए दो लोगों को बचा लिया गया। चार की मौत हो गई।

## राज्यमंत्री का सरकंडी प्रधान प्रतिनिधि ने किया स्वागत



फतेहपुर। असोथर विकासखंड के सरकंडी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष द्विवेदी ने राज्य मंत्री कृष्णा पासवान का बुकें देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान संतोष द्विवेदी ने सरकंडी ग्राम के साथ-साथ असोथर विकासखंड के विकास के लिए राज्य मंत्री से चर्चा किया। वहीं राज्य मंत्री कृष्णा पासवान ने कहा कि वह आम जनमानस के हित को देखते हुए जहां जरूरत पड़ेगी वहां वह हमेशा तत्पर रहेंगी। वहीं भाजपा नेता संतोष द्विवेदी ने बताया कि राज्य मंत्री कृष्णा पासवान जमीनी नेता है और उन्हें इंसान की पहचान है। लिहाजा वह हर व्यक्ति के सुख-दुख में काम आने वाली है। निश्चित है समय आने पर वह असोथर विकासखंड के साथ-साथ फतेहपुर जनपद के चौमुखी विकास के लिए तत्पर रहेंगी। इस अवसर पर उनके साथ राजेश मिश्रा भी मौजूद रहे।

## यादव महासभा के युवा प्रभारी चौ. राजेश यादव का हुआ सम्मान

खागा, प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़।



समाजसेवक एवं पत्रकार आचार्य सूरजपाल यादव ने अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व युवा प्रभारी तथा कृष्णा वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी राजेश यादव का अंगवस्त्र एवं यादव समाज की सामाजिक पत्रिका यदु यादव कोश भेंट कर सम्मान किया। बतादें कि मुंबई महानगर एवं उपनगरों में समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय आचार्य सूरजपाल यादव प्रयागराज से मुंबई जाते समय खागा महामार्ग स्थित महासभा उत्तर प्रदेश के खागा नगर अध्यक्ष भूपसिंह यादव के आवास पहुंचे। इस दौरान सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई तथा आचार्य सूरजपाल यादव ने चौधरी राजेश यादव एवं भूपसिंह यादव को यदु यादव कोश पत्रिका भेंट कर उनका सत्कार किया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन प्रयागराज मंडल अध्यक्ष संजय यादव (गांधी), खेडुआ ग्राम प्रधान तीरथ सिंह यादव, बृजमोहन यादव, सुधीर यादव, कुंभकर्ण यादव, राजकुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज की एकता, संगठन और युवाओं की भागीदारी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

## यमुना स्नान के दौरान किन्नर गहरे पानी में बही, तलाश जारी



किशनपुर, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर कस्बे में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब यमुना घाट पर स्नान करने गई एक किन्नर गहरे पानी में बह गई। घटना के बाद घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय मछुआरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई सफलता नहीं मिल सकी थीजानकारी के अनुसार, गाजियाबाद निवासी अंजू किन्नर अपनी गुरु रीना किन्नर निवासी किशनपुर से मिलने कस्बे आई हुई थी। रविवार को अंजू अपने पांच साथियों के साथ किशनपुर स्थित यमुना घाट पर स्नान करने पहुंची थी। बताया जा रहा है कि स्नान करते समय अंजू अचानक गहरे पानी की ओर चली गई और तेज बहाव में बहने लगी। साथियों ने शोर मचाया तो घाट पर मौजूद लोग मौके पर दौड़ पड़े घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और मछुआरों ने यमुना नदी में उसकी तलाश शुरू कर दी। करीब दो घंटे से लगातार खोजबीन जारी है, लेकिन अभी तक अंजू का कोई पता नहीं चल सका है। घटना के बाद साथ आए साथियों का रो-रोकर बुरा हाल है सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थानीय गोताखोरों एवं मछुआरों की मदद से तलाश अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा आसपास के घाटों पर भी नजर रखी जा रही है। घटना से पूरे कस्बे में चिंता और मायूसी का माहौल है।

## न्याय पाने को दर-दर भटकने को मजबूर है मृतक डम्पर चालक की पत्नी

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जनपद के डहर्रा पहाड़ पर आयंत्रित होकर डम्पर पलटने से हुई चालक की मौत के बाद मृतक की पत्नी न्याय पाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। अब उसने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मृतक डम्फर चालक की पत्नी अनीता देवी ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका पति भीषम उम्र 24 वर्ष मालिक महोबा निवासी का डम्फर चलाने का काम करता था, 16/17 मई 2026 की रात्रि को

> कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर लगाई रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गुहार

डम्पर मालिक के कहने पर डहर्रा पहाड़ पर पत्थर लेने गया था। रास्ता खतरनाक होने के बाद भी उसे जबरन भेजा गया जिससे चढ़ाई के कारण अनियंत्रित होकर डम्पर पलटने से चालक भीषम नीचे दब गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई । पीड़िता ने कहा है कि पहाड़ संचालक द्वारा घटना को छुपाने के उद्देश्य से रात्रि में ही मृतक के शव को मर्चुरी हाउस जिला महोबा में रखवा दिया और घटना स्थल से डम्पर को हटवा दिया गया। पीड़िता का कहना है कि इस घटना की सूचना सुबह 5 बजे मजदूरों द्वारा दी गई। पीड़िता अनीता देवी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## राजकीय इण्टर कालेज की चहारदीवारी निर्माण में किया गया पुरानी ईंटों उपयोग

> लोगों ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर टीएससी जांच कराने की मांग

महोबा, समृद्धि न्यूज।



विकास खण्ड जैतपुर स्थित राजकीय इण्टर कालेज में चहारदीवारी के निर्माण में पुरानी ईंट लगाकर धनराशि को ठिकाने लगाने का मामला प्रकाश में आया है इतना ही नहीं आपत्ति करने पर ठेकेदार के गुर्गे अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं, अब मामले की शिकायत मुख्यमंत्री सहित पुलिस अधीक्षक से की गई है।

बताया है कि यह मामला राजकीय इंटर कॉलेज जैतपुर का है,जहां अलंकार योजना के तहत विद्यालय की कृषि भूमि को सुरक्षित करने के लिए 1500 मीटर चहारदीवारी बनाई जा रही है,निर्माण का कार्य कार्यदाई संस्था आवास विकास परिषद को मिला है। इसका स्टीमेट 1.20 करोड़ का बना हुआ है।

> आवास विकास परिषद के अधिशाषी अभियंता वीरेंद्र कुमार गौड़ कहते हैं कि यदि पुरानी ईंट प्रयुक्त की जा रही है तो भुगतान में कटौती की जाएगी, स्पष्ट किया प्राक्कलन को तकनीकी व वित्तीय स्वीकृति लखनऊ स्तर से मिलती है।

वर्षों पुरानी पहले से बनी चहारदीवारी को तोड़ उसमें निकली हजारों ईंट दुबारा प्रयुक्त कर दी गई। बताया है कि छह माई मेला समिति के पवन कुमार, देवेश कुमार, चुन्नीलाल ने जब ठेकेदार से पुरानी ईंट प्रयुक्त करने पर आपत्ति की तो एक ईंट बालू सरिया सीमेंट बेचने वाले डम्प मालिक ने नेतागिरी न करने वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहने की धमकी दे डाली,अब स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गई है, मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से कर दी गई है,जांच शासन स्तर पर गठित टी ए सी से कराने की मांग की गई है।

> जिला विद्यालय निरीक्षक कहते हैं कि पुरानी ईंट दुबारा प्रयुक्त होने की जानकारी उन्हें नहीं है फिर भी यदि ऐसा है तो राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम सिंह को लिखित रूप से अवगत कराना चाहिए था, जो उन्होंने किस कारण नहीं कराया इसके लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा, क्या ठेकेदार व प्रधानाचार्य में कोई मिलीभगत है इस सवाल पर जिला विद्यालय निरीक्षक कहते हैं संभव है।

## धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा



जगम्मनपुर (जालौन)। ग्राम जगम्मनपुर स्थित छेरे बाबा मशान बाबा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ पर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से ओतप्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। डीजे और बैंड-बाजों पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर भक्त जमकर नाचे और पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। साप्ताहिक धार्मिक आयोजन के प्रथम दिन मंदिर परिसर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। महिलाओं ने विधि-विधान के साथ कलश में जल भरकर सिर पर धारण किया और श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल हुईं। कथा व्यास विवेक मिश्रा महाराज वृंदावन के नेतृत्व में निकली यह यात्रा बाबा साहब मंदिर स्थित पांच नदियों पर पहुंची, जहां विधिवत जल भरने के बाद यात्रा गांव के विभिन्न मंदिरों से होती हुई कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते-थिरकते आगे बढ़ते रहे। पूरा क्षेत्र जयकारों और भक्ति संगीत से गूंज उठा। कथा स्थल पर पहुंचकर कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत पुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं से प्रतिदिन भागवत कथा श्रवण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर परीक्षित वीरभान सिंह सेंगर, विमला देवी, सत्यवान सिंह सेंगर, बृजभान सिंह सेंगर, प्रताप भान सिंह, शिव भान सिंह, सीबी सिंह, रविंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह चंदेल, पवन गुप्ता, बलदाऊ तिवारी, तन्नू गुप्ता, श्याम चंदेल, आनंद सिंह, मनोज भैरो, गोपाल, रवि, सोमवीर, राघवेंद्र सिंह सेंगर, गोलू भदौरिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नशे में वाहन चलाने वालों पर जनपद पुलिस की सख्ती

> ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान में किए 65 चालान, सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक कार्रवाई से वाहन चालकों को दी नसीहत

महोबा, समृद्धि न्यूज।



जनपद में सड़क सुरक्षा, यातायात अनुशासन एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन पर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जनपद के प्रमुख टोल प्लाजा एवं मुख्य मार्गों पर पुलिस टीमों द्वारा सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान विशेष रूप से कबरई, खन्ना एवं महोबकंठ क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों पर केंद्रित रहा, जहां Breath Analyzer के माध्यम से यातायात पुलिस के साथ वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। सायंकालीन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेल्मेट वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट वाहनों, तीन सवारी बैठाकर वाहन संचालन करने वालों, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वालों, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वाले व्यक्तियों तथा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की गहन जांच एवं पूछताछ की गई। अभियान के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव एवं प्रेशर हॉर्न संबंधी कुल 65 चालान किए गए, जिन पर लगभग रुपया 6 लाख 50 हजार का शुल्क अधिरोपित किया गया। जनपद पुलिस की इस कार्रवाई से यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों में स्पष्ट रूप से सख्ती का संदेश गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर गश्त एवं प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित करें तथा कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखें।

## सर्राफा व्यापारी ग्राहकों को पुरानी ज्वैलरी को रिसाइकिल कर नई ज्वैलरी बनवाने को करें प्रोत्साहित: जिलाधिकारी

> व्यापारियों ने दिया आश्वासन देश की अर्थव्यवस्था को संबल देने के लिए सरकार का हर संभव करेंगे सहयोग

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।



रविवार को प्रधानमंत्री की बुलियन, सोना न खरीदने की अपील के आह्वान एवं मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश) के निर्देशों के अनुपालन में आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य कर विभाग जनपद जालौन द्वारा जनपद के सर्राफा व्यापारियों, ज्वैलर्स एसोसिएशन, बुलियन कारोबारियों, तथा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के मध्य एक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करना, विदेशी मुद्रा भंडार पर आ रहे दबाव को कम करना और सोने के आयात को नियंत्रित करना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर आए वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से समझाया गया और यह अपेक्षा की गई कि सभी व्यापारी देश हित में स्वेच्छा से सोने व चांदी की बुलियन (ईट, बिस्कुट) की खरीद-बिक्री को हतोत्साहित करेंगे। इस संबंध में सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त की गई तथा आश्वासन दिया गया कि वह 24 कैरेट खरा सोना बलियन एवं बार की बिक्री सीधे ग्राहकों को नहीं करेंगे। व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि युद्ध के कारण उपजी वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए वे देश की अर्थव्यवस्था को संबल देने के लिए सरकार का हर संभव सहयोग करेंगे। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी जालौन रिंकू सिंह राही, जलशक्ति मंत्री अरविंद चौहान, राज्य कर विभाग की ओर से उपायुक्त अमित कुमार यादव, सहायक आयुक्त आशीष मिश्रा, सर्राफा एसोसियेशन के अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता, प्रभंजन सर्राफा अग्रवाल कोंच, आशीष अग्रवाल सहित सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहें।

## मई गांव में लाखों की चोरी, नकदी समेत सोने-चांदी के जेवरात पार

रामपुरा (जालौन)। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मई में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना से गांव में दहशत का माहौल है। ग्राम मई निवासी कन्हई सिंह पुत्र नेकसे ने थाना रामपुरा में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 16 मई की रात लगभग 11 बजे से 17 मई की सुबह 3 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर के कमरे का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में रखी तीन सोने की चेन, छह सोने की अंगूठियां, दो सोने के मंगलसूत्र, दो जोड़ी सोने के झाले, एक जोड़ी सोने की झुमकी, सोने के सूई-धागा तथा पांच जोड़ी चांदी की पायल समेत करीब एक लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार घटना की जानकारी सुबह करीब 3.30 बजे उस समय हुई जब वह लघुशंका के लिए उठे। उन्होंने देखा कि कमरे का ताला टूटा पड़ा था और अंदर रखा सामान बिखरा हुआ था। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने की सर्राफा व्यापारियों के साथ बैठक



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**

देशहित में प्रधानमंत्री के आह्वान एवं मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में आज कलेक्ट्रेट सभागार, बाराबंकी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी, समस्त उपायुक्त राज्य कर, सर्राफा एसोसिएशन बाराबंकी तथा जनपद के प्रमुख सर्राफा व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव को कम करना तथा सोने के आयात को नियंत्रित करने के संबंध में संवाद स्थापित करना था। बैठक में राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ सर्राफा एसोसिएशन जनपद बाराबंकी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सोनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारीगण शशी शेखर गुप्ता, अनिल रस्तोगी, राजू वर्मा, संतोष कुमार सोनी, सुनील त्रिवेदी, नीरज सोनी, विकास गुप्ता, श्यामजी गुप्ता, मुरारी लाल, अजीत सोनी, अनन्त कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर पड़ रहे वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया तथा अपेक्षा की गई कि सभी व्यापारी देशहित में स्वेच्छा से सोने एवं चांदी की बुलियन (ईंट/बिस्कुट) की खरीद-बिक्री को हतोत्साहित करेंगे। इस संबंध में सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा पूर्ण सहमति व्यक्त की गई। व्यापारियों ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों एवं युद्धजनित आर्थिक प्रभावों को देखते हुए वे देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु शासन-प्रशासन का हर संभव सहयोग करेंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। घंटाघर क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा रात्रि गश्त बढ़ाने का अनुरोध भी किया गया, जिस पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान कुछ व्यापारियों द्वारा अपनी व्यावहारिक समस्याओं से भी अवगत कराया गया, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जीएसटी विभाग से उपायुक्त राज्य कर श्रीमती प्रेरणा सिंह, विकास कुमार सेठ, अंजू उपाध्याय तथा सहायक आयुक्त राज्य कर अंचल अग्रवाल, ज्योत्स्ना सिंह, राज्य कर अधिकारी रवि प्रकाश सिंह एवं कहकशाँ उपस्थित रहीं।

## समाज निर्माण में अनुदेशकों की अहम भूमिका : डीएम

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम अनुदेशकों के समर्पण एवं प्रेरणा को सम्मानित करने का अवसर है, जो समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में अनुदेशक संगठन के जिलाध्यक्ष दिवाकर अवस्थी गांधी ने बताया कि हम सभी अनुदेशक प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के साथ सभी का आभार व्यक्त करता हूं, सभी अनुदेशक शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सा हेतु भी आभार व्यक्त करता हूं। पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष रमाकांत,जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने मानदेय वृद्धि पर आभार व्यक्त करते हुए जल्द ही सरकार शिक्षकों को पूर्ण कालिक शिक्षक बनाएगी ऐसे विचार रखे। सहित अन्य पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री नवीन कुमार पाठक ने सभी अतिथियों एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी, सहायक वित्त व लेखाधिकारी राम जी लाल खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी प्रताप सिंह, फिजा मिर्जा,चंद्रशेखर सिंह, डीसी प्रशिक्षण विनीता मिश्रा, डीसी निपुण अमित कुमार, डीसी पीएम पोषण डॉ. पीयूष श्रीवास्तव,आशीष पाठक, सुभाष चंद तिवारी, ऋषि टंडन, रितु पाठक, दिलीप तिवारी, मनीष बैसवार, मंजुला सिंह, सुभाष तिवारी, सहित बड़ी संख्या में अनुदेशक उपस्थित रहे।

## स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर बाराबंकी।** पुलिस ने 148 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।जिसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार फतेहपुर मे पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके कब्जे से 148 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत हजारों रुपए बताई जा रही है।आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

फतेहपुर थाना पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग और गश्त कर रही थी।

## मानदेय वृद्धि पर अनुदेशकों का सम्मान, 17 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक वितरित

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों के अनुदेशकों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन शहर के नगरपालिका सभागार बाराबंकी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (खाद्य एवं रसद) सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे।जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय (?9000 से ?17,000) के प्रतीकात्मक चेक वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि सतीश चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में अनुदेशकों के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि मानदेय वृद्धि उनके सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंजिल नहीं, बल्कि एक पड़ाव है और आगे भी अनुदेशक के हित में कार्य जारी रहेंगे। बेसिक शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में हुये जो कि ऐतिहासिक कार्य है।परिषदीय विद्यालयों के इफ्रास्ट्रक्चर देने का कार्य भी हुआ है। मेरी अपील है कि बच्चों को बेसिक शिक्षा में तकनीकी शिक्षा के साथ जोड़ते हुये राष्ट्र प्रेम की भावना भी विकसित करना होगा,तभी हमारा देश विकसित भारत बनेगा। मा. जिला पंचायत अध्यक्ष राज रानी रावत ने बेसिक शिक्षा में कार्यरत अनुदेशकों के कार्यो की सराहना की।

विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत ने अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि होने पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। **लोक भवन से मुख्यमंत्री का सजीव संबोधन प्रसारित**-कार्यक्रम के दौरान जनपद लखनऊ में आयोजित अनुदेशक सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश स्तरीय अनुदेशक सम्मान समारोह में अपने उद्बोधन में कार्य के प्रति समर्पण हेतु समस्त अनुदेशक साथियों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक साथियों ने कभी अपनी मांगों हेतु आंदोलन नहीं किया इसके प्रति हम कृतज्ञ हैं। अनुदेशक साथियों से कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत अभियान का हिस्सा बने पढ़े भारत बढ़े भारत का संकल्प लेकर प्रत्येक नौनिहाल को विद्यालय तक पहुंचाने का कार्य करना है। मुख्यमंत्री जी ने अनुदेशक साथियों से निवेदन किया कि बच्चों की प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें उचित मार्गदर्शन देकर आत्मनिर्भर बनाने हेतु समर्पित रहे।

# एक सपना दिखाया गया 'स्मार्ट सिटी' वो सपना ही रह गया

- लखनऊ प्रयागराज हाईवे और सुल्तानपुर रोड को जोड़ने वाला लिंक मार्ग की बदहाल दशा
- जनप्रतिनिधि सिर्फ पकड़ाते 'लॉलीपॉप'



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** देश में डबल इंजन की सरकार चल रही है 2014 में जब केंद्र में एनडीए की सरकार बनी तो भारत के शहरों को स्मार्ट सिटी के तर्ज पर विकसित करने का नारा दिया गया। कहां जा सकता है कि शहर की रूपरेखा ऐसे तैयार की जाएगी या बदली जाएगी जिससे आवा गमन की सुविधा में कोई व्यवधान न हो मूलभूत सुविधाओं से व्यक्ति वंचित न हो शहर में लग रहे जाम से लोगों को परेशानी ना उठाना पड़े यह कह सकते हैं कि सरकार की मनसा थी कि शेरों को ऐसे विकसित किया जाए जहां पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो और शहर विकास की नई गाथा को बयां कर सके। मगर वह सपना सपना ही रह गया आज भी शहर की सड़के बदहाली की स्थिति में है। लोगों का जीवन नरकीय हो गया है शहर में कुछ ऐसे मोहल्ले आपको देखने को मिलेंगे।

**अभयदाता महराज मंदिर को जाने वाली सड़क है बदहाल**

बालापुर रायबरेली अभय दाता मंदिर परिसर की ओर जाने वाली सड़क काफी समय से टूटी-फूटी एवं खराब स्थिति में है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक सड़क का निर्माण/मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। बरसात के समय सड़क पर पानी भर जाता है जिससे आने-जाने में अत्यधिक कठिनाई होती है। दुर्घटना होने का भी खतरा बना रहता है। और उस रास्ते से सैकड़ों वीआईपी व नेताओं का भी आवागमन रहता है। इस सड़क के गड्ढे ऐसे लोगों व प्रशासन को दिखाई नहीं देते । जो यह सड़क दुर्घटनाओं जैसी समस्या को उत्पन्न कर रही है।

'अभयदाता मंदिर लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है मगर यहां की सड़क काफी समय से खराब है जब कि मंगलवार और शनिवार को काफी भीड़ होती है और इस दिन देर रात श्रद्धालु आते है रात के समय वापसी के वक्त रात होने की वजह से और सड़क खराब होने की वजह से लोग गिरकर चोटिल हो जाते है जबकि यहां पर रास्ते में लाइट भी नहीं लगी है नगर पालिका से कई बार कहा गया है मगर समस्या जस की तस है।' **ओमप्रकाश मिश्रा, मंदिर के पुजारी**

'मेरा जिला प्रशासन से अनुरोध है कि उक्त सड़क को संज्ञान में लेकर जल्द पूरा कराए क्योंकि उस सड़क से लोगों की आस्था भी जुड़ी है मंगलवार और शनिवार को हजारों श्रद्धालु अभय दाता के दर्शन करने को जाते है खासकर के मंगलवार वहां पर बहुत भीड़ होती है दर्शन करने के लिए लोग लाइनों मे लग जाते है देर रात तक दर्शन होते है वापसी के समय अंधेरा होने की वजह से लोग हर कर चोटिल भी हो जाते है।' **अमित प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, रायबरेली।**

## खबरें एक नजर में

### नदी में नहाते समय डूबने से मौत

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** नदी मे नहाते समय डूबकर मौत हुई है। 18 वर्षीय युवक जीतेन्द्र अपने दोस्तों के साथ नदी मे नहाने गया था। मामला हरचंदपुर थाना इलाके के मौहरी गांव का है। यहां बछरावां थाना इलाके के रहने वाले जीतेन्द्र अपने पांच दोस्तों के साथ नदी मे नहाने आये थे। नदी मे नहाते समय अचानक जीतेन्द्र गहरे पानी मे जाकर गुम हो गया। उसके सभी दोस्त घबराकर चीखने चिल्लाने लगे। आवाज़ सुनकर स्थानीय लोग वहां पहुँच गए और जीतेन्द्र को निकालने के लिए पानी मे कूद गए। जीतेन्द्र को सभी ने बाहर निकाल कर सीएचसी पहुँचाया जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित दिया।

### जीपीडीपी निर्माण को लेकर प्रधान ने की बैठक

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम पंचायत मसौली में विकास योजना (जीपीडीपी) के अंतर्गत आयोजित बैठकों में गांवों के समग्र विकास को लेकर व्यापक मंथन हुआ। पंचायत भवन परिसर में आयोजित बैठकों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने विकास से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा की और आगामी वार्षिक कार्ययोजना के लिए सुझाव दिए। विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत मसौली में ग्राम प्रधान नजमा अंसारी की अध्यक्षता में पंचायत घर बैठक की गई।जिसमें राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यकर्ता डॉ वीरेन्द्र कुमार त्यागी, डॉ विनय बहादुर पाण्डे समाज कार्य विभाग लखनऊ यूनिवर्सिटी, पंचायत सचिव संजीव कुमार सिंह अध्यक्षता में हुई बैठकों का आयोजन जिसमें पंचायत सहायक रजनीश कुमार,प्रधान प्रतिनिधि नफीस अंसारी व ग्राम पंचायत सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जायस थाना परिसर में आयोजित हुई व्यापारियों संग बैठक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अतिक्रमण और व्यापारियों की समस्याओं को लेकर थाना परिसर जायस में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी दुकानदार अपनी दुकानों के सामने किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं जैसी घटनाओं को रोका जा सके और आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। थाना प्रभारी ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता है। यदि किसी व्यापारी को किसी प्रकार की समस्या होती है तो पुलिस तत्काल उनके साथ खड़ी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आपकी सेवा ही हमारा कर्तव्य है और व्यापारियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कौशल, अनिल सोनी, वीरेंद्र सोनी, अमित अग्रवाल, मनीष केडिया, अविरल जैन सहित जायस के तमाम व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाने और प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## राहुल गांधी का आगमन 20 मई को, तैयारियां तेज



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि बीस मई को राहुल गांधी के प्रस्तावित आगमन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह अपने चरम पर है। उन्होंने बताया कि 20 मई को यह एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं,बल्कि अमेठी और गांधी परिवार के वर्षो पुराने आत्मीय,पारिवारिक रिश्ते का जीवंत प्रतीक है। यहां की जनता ने हमेशा गांधी परिवार को अपने परिवार का सदस्य माना है और यही अपनापन इस सम्मेलन की तैयारियों में साफ झलक रहा है। सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल स्वयं पदाधिकारियों के साथ इस ऐतिहासिक तैयारी की कमान संभाले हुए हैं। सांसद जी व वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में हर स्तर पर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की जा रही है, ताकि कार्यक्रम भव्य और सुव्यवस्थित हो सके। जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, न्याय पंचायत एवं नगर इकाइयों के पदाधिकारी, बूथ स्तर के कार्यकर्ता और वरिष्ठ कांग्रेसजन दिन-रात एक कर इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। गांव-गांव बैठकों का दौर जारी है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि राहुल जी का आगमन न केवल संगठन को नई दिशा देगा, बल्कि अमेठी के विकास और जनभावनाओं को भी नई मजबूती प्रदान करेगा। राहुल जी 20 मई को परिवार जनों के बीच सुबह 10:30 बजे गौरीगंज स्थित आवास पहुंचेंगे। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन कांग्रेस की विचारधारा, समर्पण और जनसेवा के संकल्प को और सुदृढ़ करने का अवसर है। क्षेत्र की जनता दिल से अपने प्रिय नेता के स्वागत को तैयार है और इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

## दो एसडीएम के कार्यक्षेत्र बदले

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जिलाधिकारी संजय चौहान ने दो उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव का आदेश जारी किया है। जिला मुख्यालय पर अतिरिक्त एसडीएम के पद पर तैनात नितेश राज को मुसाफिरखाना का नया उपजिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं मुसाफ़िर खाना एसडीएम अभिनव कनौजिया को वहां से हटाकर मुख्यालय गौरीगंज में डिप्टी कलेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। देर रात जारी इस आदेश के बाद प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। मुसाफिरखाना तहसील के अधिवक्ता पिछले कई महीनों से एसडीएम अभिनव कनौजिया के खिलाफ लामबंद थे।
विरोध स्वरूप तहसील परिसर में कई बार प्रदर्शन भी हुए।

# अवैध खनन पर पुलिस ने जेसीबी समेत ट्रैक्टर-ट्रॉली किया सीज




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना जामों पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर मय ट्राली और एक जेसीबी मशीन को सीज किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दतनपुर कटारी के जंगल में अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही जामो पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए खनन में इस्तेमाल हो रहे वाहन कब्जे को में ले लिया। जांच के दौरान वाहन चालकों से खनन अनुमति और वाहन संबंधित जरूरी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस ने एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी मशीन को सीज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।
यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में की गई। अवैध खनन पर पुलिस की लगातार सख्ती से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जिले में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में रविवार को मोहनगंज पुलिस द्वारा वांछित 4 अभियुक्त मो. तहरीम पुत्र नसीम, मो. तसलीम उर्फ नासिर पुत्र नसीम निवासीगण सिंहपुर मजरे ढोढनपुर, सकलैन पुत्र तौफीक निवासी तामामऊ थाना जायस व नदीम पुत्र सईद निवासी नगदैय्यापुर थाना जायस को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** फुरसतगंज थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा एयरपोर्ट कॉलोनी और राजीव गांधी विमानन विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के सामने हुआ, जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और पहचान करना भी मुश्किल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बुजुर्ग साइकिल से रायबरेली की ओर जा रहे थे, तभी अचानक पीछे से आए वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नंद हौसला यादव पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। मृतक की उम्र लगभग 60 से 65 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को बताए।




# अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय का डमी चेक देकर किया गया सम्मानित

- उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत : दिनेश प्रताप सिंह



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश के अनुदेशकों के मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष्य में अनुदेशक सम्मान समारोह व चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन लोक भवन, लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गोपाल सरस्वती इण्टर कॉलेज में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग, उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने प्रतिभाग किया, कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता उपस्थित रही। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जनपद के 18 अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय का डमी चेक वितरित किया गया, इसके साथ ही प्रत्येक विकास खण्ड के 02 एवं नगरीय क्षेत्र कुल 38 अनुदेशकों को उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मानदेय वृद्धि से जनपद के 547 अनुदेशक लाभान्वित हुए। उद्यान मंत्री ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक है। हम यहाँ उन अनुदेशकों का सम्मान करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी निष्ठा, परिश्रम और समर्पण से समाज को एक नई दिशा दी है। अनुदेशक केवल शिक्षक नहीं होते, बल्कि वे समाज के निर्माणकर्ता होते हैं। आपने कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बच्चों के भविष्य को संवारने का जो कार्य किया है। उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि भी की और उनके सम्मान को उनकी चौखट तक पहुंचाने का भी कार्य किया है, इसी क्रम में आज यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

- व्रत रखकर अखंड सौभाग्यवती होने का मांगा वरदान

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़**



पति को भगवान का दर्जा देने वाली सुहागिनों ने शनिवार को निर्जला व्रत रखा और उनकी दीर्घायु की कामना कर वट वृक्ष की परिक्रमा की। वट सावित्री व्रत के इस पर्व पर सोलह श्रृंगार किए महिलाओं ने कच्चे धागे को न केवल 108 बार बांधा बल्कि नंगे पैर वट वृक्ष की परिक्रमा कर धूप-दीप चलाकर विधि विधान से पूजा-अर्चना की। गौरतलब हो कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या को रायबरेली जिले के बछरावां ,शिवगढ़, महाराजगंज ,शहर कस्बे समेत अन्य क्षेत्रों की महिलाओं ने हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार गांव शहर के किनारे स्थित बरगद के पेड़ यानी वट वृक्ष की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर अपने पति के स्वस्थ होने एवं दीर्घायु होने की कामना करते हुए मंगल गीत गए इस दौरान व्रती महिलाओं ने सावित्री की कथा सुन कर विश्वास के प्रतीक वटवृक्ष से पति की दीर्घायु की प्रार्थना की वट सावित्री का व्रत रखने वाली शिवगढ़ कस्बे कि रहने वाली वाली सुहागिन रोशनी वर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बरगद के पेड़ की जड़ों में ब्रह्मा जी, तने में भगवान विष्णु और शाखाओं (डालियों) में साक्षात शिव जी का वास होता है. इसके साथ ही, सावित्री ने इसी पेड़ के नीचे अपने पति सत्यवान के प्राण वापस पाए थे. यही वजह है कि आज के दिन इस पेड़ की पूजा करने से तीनों देवों के साथ माता सावित्री का भी आशीर्वाद एक साथ मिल जाता है.आगे की जानकारी देते हुए वह बताती हैं कि वट सावित्री व्रत सिर्फ एक परंपरा नहीं बल्कि अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है।

# सीएम योगी ने प्रदेश को अपराध मुक्त बनायाः राज्य मंत्री कैलाश राजपूत

समृद्धि न्यूज़



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ताजपुर रोड स्थित सतराज वाटिका में राज्य मंत्री कैलाश राजपूत का जोरदार अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला, पगड़ी पहनाकर और माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार की उपलब्धियों की सराहना की गई और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री कैलाश राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने का अभियान सफलतापूर्वक चलाया है। इसके परिणामस्वरूप न केवल देश बल्कि विदेशों से भी बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है और युवाओं को भरपूर रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि जब अखिलेश यादव की सपा सरकार थी, तब पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का कोई ध्यान नहीं रखा जाता था। सरकारी नौकरियों में केवल एक विशेष जाति का ही वर्चस्व था। आज वही लोग पीडीए के नाम पर समाज को जातियों में बांटकर वोट बटोरना चाहते हैं, लेकिन जनता अब सब कुछ समझदार हो चुकी है। कैलाश राजपूत ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से ही वह इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचे के गिरने के बाद बाबू कल्याण सिंह ने प्रभु राम के सम्मान में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके जीवनकाल में ही राम मंदिर का शिलान्यास हुआ। इतिहास लिखा जाएगा तो बाबूजी का नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगा।

कोरोना काल का जिक्र करते हुए कैलाश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर जिस प्रकार जनता ने उनका साथ दिया, उसी प्रकार अब वाहनों के उपयोग को कम करना चाहिए। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि समय बहुत कम है। सभी मिलकर हर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दें और कोई कोर कसर न छोड़ें। कार्यक्रम का संयोजन सतेंद्र राजपूत एडवोकेट एवं राम प्रकाश वर्मा ने किया।

रामविष्णु की अध्यक्षता और भारत सिंह वर्मा के संचालन में आयोजित इस समारोह में मंचासीन रहे प्रमुख लोगों में नेलेश राजपूत, लज्जाराम वर्मा, केएल शर्मा, सिकंदरपुर के अध्यक्ष हरिहर सिंह सहित संजय वर्मा, अभय वर्मा, कवि हरि गोविंद शाक्य हरि, अनूप मिश्रा, राजेश पाठक, विनोद वर्मा, मनोज राजपूत (जहानगंज) और सोबरन सिंह वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोगों ने कैलाश राजपूत का अभिनंदन किया।

# बैशाखी बुद्ध पूर्णिमा पर निकली भव्य धम्म यात्रा

- 82 मीटर का पंचशील ध्वज रहा आकर्षण का केंद्र



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** सम्राट अशोक चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में त्रिविधि पावन पर्व बैशाखी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य धम्म यात्रा निकाली गई। प्रिया ओम शाक्य के संयोजन में आयोजित इस शोभायात्रा में 82 मीटर ऊँचा पंचशील ध्वज सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा का शुभारंभ दोपहर 2 बजे पश्चिमी बाईपास, नहर कोठी से हुआ और इसका समापन लक्षीराम स्थित निर्माणाधीन अशोक स्तंभ के समीप हुआ। शोभायात्रा में बाइक सवार, ढोल-नगाड़ों की थाप, और भक्ति गीतों पर थिरकते युवा शामिल रहे। काले रंग की 10 कारों पर तथागत गौतम बुद्ध सहित अन्य महापुरुषों की झांकियां सजाई गई थी। धम्म गुरु पूज्य भंते चेतसिक बोधि, समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय शाक्य, उपाध्यक्ष रचित शाक्य, संरक्षक ओमप्रकाश शाक्य एडवोकेट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य, राम प्रकाश शाक्य बड़े एवं अमित बौद्ध सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत**

यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा और स्टाल लगाकर स्वागत किया गया। पुरानी गल्ला मंडी के पास उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसियेशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एस. चंद्रा, रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल, नरेश गुप्ता गोल्डी, प्रभाकर गुप्ता, आशु गुप्ता, सुमित गुप्ता, नीरज, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुपम वर्मा, सुशांत गुप्ता सोनू, संजीव गुप्ता गांधी, बुलेट सक्सेना, दीपांक दुबे, सत्यनारायण वर्मा, रामू गुप्ता सहित व्यापारियों ने शर्बत व पानी के पाउच बांटे।

# आवास विकास कॉलोनी (अटल नगर) में पार्कों का सुंदरीकरण प्रारंभ



समृद्धि न्यूज़

- आवास विकास कल्याण समिति के प्रयास से शुरू हुआ कार्य

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आवास विकास कालोनी (अटल नगर) में आवास विकास कल्याण समिति के निरंतर प्रयासों से कालोनी के पाँच पार्कों के सुंदरीकरण का कार्य आवास विकास परिषद्, कानपुर द्वारा शुरू कर दिया गया है। समिति के अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने बताया कि सेक्टर-01 में दो पार्क, सेक्टर-02 में दो पार्क तथा सेक्टर-03 में एक पार्क शामिल हैं। इन पार्कों को हरे-भरे, आकर्षक और नागरिकों के लिए उपयोगी बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। यह कार्य पूरे क्षेत्र की सौंदर्यता और रहन-सहन की गुणवत्ता को नई ऊँचाई प्रदान करेगा। पार्कों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं को बेहतर वातावरण मिल सके। यहां के निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए समिति और विकास परिषद् का आभार व्यक्त किया है। कार्य का शुभारंभ आज अटल पार्क, सेक्टर-01 से किया गया। इस अवसर पर आवास विकास कल्याण समिति के अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी सहित सदस्य संतोष पाण्डेय, विजय शुक्ला, संतोष शुक्ल, अनुज दुबे, नवीन चाहान, अमित अग्निहोत्री, राजीव दुबे, विनोद चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री का भव्य स्वागत



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा राम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री का नगर में प्रथम आगमन पर पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इंजीनियर कंदर्पी दीक्षित उर्फ छैया (समाज सेवक) के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी के मुख्य उद्देश्यों से अवगत कराया तथा पार्टी को मजबूत बनाने, रणनीति तैयार करने और ब्राह्मण व सवर्ण समाज के हितों की रक्षा व नेतृत्व के लिए संगठन को आगे बढ़ाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद प्रत्याशी एडवोकेट पुरुषोत्तम तिवारी ने की। इस अवसर पर विनोद कुमार दुबे, कांग्रेस नेता गणेश तिवारी, संजीव दुबे, शरद गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता, शिवम चतुर्वेदी, आशुतोष दीक्षित, आशुतोष चतुर्वेदी, विवेक मिश्रा, अनुराग बाजपेई, शरद दुबे, अनुभव तिवारी, सुमित दुबे, पिकू पांडे, डॉक्टर अजीत मोहन तिवारी, सुवीन त्रिवेदी, नवीन शुक्ला, शिवम शुक्ला, अवनीश मिश्रा, राम दुबे, पुनीत दुबे, पिंटू चतुर्वेदी, अमित दुबे, हिमांशु त्रिवेदी, एडवोकेट वेद प्रकाश शुक्ला, मुकेश दुबे, आशु तिवारी, गोपाल दुबे आदि उपस्थित रहे।

# गौ रक्षा यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा

- छिबरामऊ में 3 जून को पहुंचेगी

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य द्वारा उत्तर प्रदेश में निकाली जा रही 81 दिवसीय 'गविष्ठि (गौ रक्षा) यात्रा' आगामी 3 जून को छिबरामऊ पहुंचेगी। यात्रा को लेकर क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में एक महत्वपूर्ण कार्ययोजना बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में यात्रा के स्वागत, जनसंपर्क, कार्यक्रम स्थल एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित गौ सेवकों एवं कार्यकर्ताओं ने यात्रा को सफल बनाने हेतु अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा गौ संरक्षण एवं गाय को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है, जिसमें जनसमर्थन जुटाने के लिए विभिन्न स्थानों पर गोष्ठी, प्रवचन एवं पादुका पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में गौ सेवक कृष्णा पांडेय, सपा नेता विवेक यादव, रामकिशोर दुबे, राजेश सिंह भदौरिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### शादी समारोह में आए युवक का पेड़ पर लटकता मिला शव

**कन्नौज।** सौरिख थाना क्षेत्र के नगरिया लालशाह गांव में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब शादी समारोह में आए एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान मुर्रा गांव निवासी देवदत्त मिश्रा के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक देवदत्त शनिवार देर शाम घर से नोएडा जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात उसका शव गांव के बाहर पेड़ पर लटका मिला। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी की बाइक व तमंचे समेत दो बदमाश गिरफ्तार

**तिर्वा, कन्नौज।** तिर्वा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध तमंचे के साथ दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को तिर्वा रोड स्थित धोबीघाट पुल के पास से पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम आकाश उर्फ रामपाल निवासी करहल, मैनपुरी और रविन्द्र उर्फ रिक्की निवासी चौथियाना, मैनपुरी बताए। तलाशी में उनके कब्जे से बिना नंबर प्लेट की चोरी की सुपर स्प्लेंडर बाइक, एक अवैध 315 बोर तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों पर चोरी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस समेत कई संगीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

### गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर बायोगैस प्लांट लगाने की तैयारी

**कन्नौज।** विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में रविवार को भूसा संग्रहण एवं हरा चारा उत्पादन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर निदेशक पशुपालन विभाग कानपुर मंडल डॉ. विजय वीर चंद्रयाल एवं मुख्य विकास अधिकारी ने की। बैठक में गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशों के लिए सालभर भूसा एवं हरा चारा उपलब्ध कराने हेतु किसानों और व्यापारियों से अनुबंध करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने मक्के के हरे चारे के उत्पादन पर विशेष जोर दिया। अपर निदेशक ने कहा कि सभी गौशालाओं में वर्मी कम्पोस्ट, गो-कास्ट और बायोगैस प्लांट स्थापित किए जाएं। गोबर एवं गौमूत्र से उत्पाद तैयार कर बाजार में बिक्री की योजना पर भी चर्चा हुई। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को गौशालाओं से जोड़ने पर बल दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बैठक में गौ आश्रय स्थलों के बेहतर प्रबंधन और समन्वय पर जोर दिया गया। इस दौरान पशुपालन विभाग एवं पंचायत राज विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## दुख दरिद्रता से मुक्ति के लिए मनाई गई शनि जयंती

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में दुख दरिद्रतासे से मुक्ति के लिए शनि जयंती मनाई गई। समापन के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा शनि देव की कृपा प्राप्त करने व कष्टों के निवारण के लिए हम सभी को शनि जयंती मनाना चाहिए। यदि शनि जयंती शनिवार को पड़े तो तो अति दुर्लभ व कल्याणकारी मानी जाती है। शनि जयंती पर हनुमान जी महाराज को चोला चढ़ाने से कृपा प्राप्त होती है। शनि जयंती के अवसर पर 15 मई को अखंड पाठ का शुभारंभ हुआ। 16 मई शनि यज्ञके साथ पाठ का विराम हुआ। इसमें विवेक शुक्ला, विवेक दुबे, अवधेश मिश्रा, अनूप मिश्रा, मुकेश मिश्रा, उपदेश अग्निहोत्री आदि ने रामायण वाचन किया।

# भीषण गर्मी में गोवंशों के लिए राहत बनी नगर पालिका की गोशाला



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज द्वारा संचालित गोशाला में गोवंशों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पालिका प्रशासन की ओर से लू और तेज गर्मी से बचाव के लिए व्यापक व्यवस्थाएं कराई गई हैं, जिससे गोवंशों को काफी राहत मिल रही है।

गोशाला परिसर में बने तीन टीन शेडों में गोवंशों के लिए कुल आठ पंखों की व्यवस्था की गई है, वहीं अतिरिक्त ठंडक के लिए एक कूलर भी लगाया गया है। टीन शेडों को खस की चटाइयों से ढका गया है, जिन पर दिन में चार से पांच बार पानी का छिड़काव कराया जाता है, ताकि वातावरण ठंडा बना रहे और गोवंशों को गर्मी से राहत मिल सके। गोवंशों के लिए स्वच्छ पेयजल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। पानी की हौद को प्रतिदिन सुबह साफ कर उसमें ताजा पानी भरा जाता है। इसके अलावा सप्ताह में दो बार गोवंशों को नहलाया जाता है, जिससे वे अत्यधिक गर्मी के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें। गोशाला की साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मचारी द्वारा दिन में चार बार सफाई कराई जा रही है। साथ ही मच्छर एवं मक्खियों से बचाव हेतु नियमित रूप से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया जा रहा है। गोशाला में दिन के समय दो केयर टेकर एवं एक सफाई कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि रात्रि में सुरक्षा और निगरानी के लिए चौकीदार तैनात रहता है। पालिका प्रशासन के अनुसार इन व्यवस्थाओं का संचालन मुन्नी देवी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के नेतृत्व तथा अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में गोशाला प्रभारी प्रसन्नजीत मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है।

# अध्यक्ष व प्रधानाचार्य ने छात्राओं को किया सम्मानित

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के मार्गदर्शन में नकलविहीन परीक्षा करायी गई। जिसमें भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकन्दरपुर कन्नौज में कक्षा 10की अव्वल छात्रा लक्षिता सिंह एवं विद्यालय में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक बृजकिशोर का बेटा समर्थ जो बोर्ड की इण्टरमीडिएट परीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार द्वारा सम्मानित किया इस शुभ अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश मिश्रा द्वारा दोनों बच्चों के अभिभावकों बृजकिशोर, महेन्द्र प्रताप सिंह को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रधानाचार्य द्वारा स्कूल बैग एवं समस्त कक्षा11की पुस्तकें दी व समर्थ को माला व बैग देकर सम्मानित किया इसी कडी में डॉ. के.के.झा प्रवक्ता द्वारा दोनों बच्चों को एक एक हजार रुपये देकर उत्साह वर्धन किया । विद्यालय के शिक्षक अभिभावक संघ के संयोजक योगेन्द्र प्रकाश शुक्ला एवं परीक्षा प्रभारी प्रवेश कुमार द्वारा दोनों बच्चों को मिष्ठान खिलाकर अभिभावकों को मिठाई भेंट की।छात्र समर्थ के द्वारा छात्र- छात्राओं को परीक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण टिप्स भी दिये कैसे हम एक एक मिनट को किमती बना सकते हैं। विद्यालय के गौरव को चार चांद लगाने वाले शिक्षकों जिसमें प्रमुख रूप से प्रवेश कुमार प्रवक्ता विषय अंग्रेजी में छात्र छात्राओं ने 97% श्यामू कुमार, सुनील सिंह भदौरिया के विषय गणित में 97%डॉ. के.के. झा विषय रसायन विज्ञान में 97%अब्दुल कादिर विषय कृषि विज्ञान में 98% एवं डी.डी.दीक्षित विषय रसायन विज्ञान में कृषि में 97%अंक छात्र छात्राओं ने प्राप्त किए।

# 36 स्वास्थ्य केन्द्रों पर सजा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला




**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** जनपद के 32 ग्रामीण एवं चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले में पहुंचे मरीजों को निःशुल्क जांच, उपचार और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देश पर स्वास्थ्य मेलों का निरीक्षण किया गया। स्वयं सीएमओ ने स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर मरीजों के उपचार की व्यवस्था देखी और मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए साथ ही कई मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया।

मेले में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण परामर्श, हेपेटाइटिस बी-सी जांच, टीबी स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण और आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाए गए।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मेले में कुल 1548 मरीजों को लाभ मिला, जिनमें 736 पुरुष, 611 महिलाएं और 201 बच्चे शामिल रहे। वहीं 26 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। सभी केन्द्रों पर चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की मौजूदगी रही।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**तालग्राम/कन्नौज।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालग्राम पुलिस ने दुष्कर्म के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम ने शनिवार को गश्त और संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। थाना तालग्राम में दर्ज मुकदमा संख्या 73/2026 धारा 64(1)/351(3) बीएनएस से संबंधित आरोपी राजपाल पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम नरुइया को रोहली-नरुइया संपर्क मार्ग स्थित बृम्हदेव तिराहे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विनय शर्मा, कांस्टेबल अनूपदत्त शर्मा और रिक्रूट कांस्टेबल अवधेश गिरि शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## अनुदेशक सम्मान समारोह में जनप्रतिनिधियों की दूरी बनी चर्चा का विषय

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित अंशकालिक अनुदेशक सम्मान समारोह में कई बड़े जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन कार्यक्रम में अपेक्षित मौजूदगी देखने को नहीं मिली।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, राज्य मंत्री कैलाश राजपूत और छिबरामऊ विधायक अर्चना त्रिपाठी को आमंत्रण भेजा गया था, मगर कार्यक्रम में केवल भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ही पहुंचे।

अन्य जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों की गैरमौजूदगी समारोह के दौरान चर्चा का विषय बनी रही।

# अंशकालिक अनुदेशकों को मिला सम्मान, बढ़े मानदेय से खिले चेहरे

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।** जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में अंशकालिक अनुदेशक सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में जिले के अंशकालिक अनुदेशकों को सम्मानित भी किया गया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 193 अंशकालिक अनुदेशक कार्यरत हैं। शासन द्वारा उनका मानदेय बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है, जबकि पहले उन्हें 9 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते थे। उन्होंने बताया कि बढ़ा हुआ मानदेय संबंधित खातों में भेजा भी जा चुका है।



उन्होंने कहा कि अब अंशकालिक अनुदेशकों को 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा भी मिलेगी। साथ ही महिला अनुदेशकों को गर्भावस्था के दौरान छह माह का अवकाश भी प्रदान किया जाएगा।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा व्यवस्था में अंशकालिक अनुदेशकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार द्वारा मानदेय वृद्धि किए जाने से उनमें नई ऊर्जा का संचार होगा और वे बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए और अधिक उत्साह के साथ कार्य करेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय को सराहनीय बताते हुए कहा कि बढ़ा हुआ मानदेय अंशकालिक अनुदेशकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और उनका मनोबल बढ़ेगा।

# जनआरोग्य मेले में पहुंचे सीएमओ, परखी जमीनी हकीकत

- पीएचसी जलालाबाद व अनौगी का किया औचक निरीक्षण
- अस्पताल के पास गंदगी देख साफ- सफाई कराने के दिए निर्देश

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** जनआरोग्य मेले के दौरान सीएमओ स्वदेश गुप्ता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद और अनौगी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ- सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जांच की। सीएमओ ने ओपीडी में पहुंचे मरीजों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए। कस्वा पीएचसी में अस्पताल के आस पास गंदगी देख साफ- सफाई करने और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने टीकाकरण, विभिन्न जांच सेवाओं और आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। जनआरोग्य मेले में ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। सीएमओ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान डॉ आमिर, फार्मासिस्ट शशांक कटियार, वार्ड बॉय रवि कुमार सहित आदि लोग रहे।

## निकवा अंडरपास से लूट का आरोपी गिरफ्तार

**तालग्राम/कन्नौज।** थाना तालग्राम पुलिस ने लूट की घटना में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट का माल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम शनिवार को गश्त और संदिग्ध वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की घटना में वांछित आरोपी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित निकवा अंडरपास के पास मौजूद है।

# चोरी करने आये बदमाशों को पकड़ने के दौरान चली गोली से अधिवक्ता के दो भतीजे घायल

- तीन घरों में बोला धावा, रहे असफल, ग्रामीणों ने दो को दबोचा
- एसपी मौके पर पहुंची, बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित


बदमाशों की गोली से घायल


घटना स्थल का निरीक्षण करती एसपी


जांच पड़ताल करते सीओ

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव कुइया में शनिवार देर रात सनसनीखेज वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गयी। डकैती के दौरान बदमाशों से संघर्ष में दो युवक घायल हो गये। वहीं दो बदमाशों को भी स्थानीय लोगों ने दबोच लिया और एक मौका पाकर फरार हो गया। इस घटना से पुलिस की भी नींद खुल गयी। मौके पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने भी जांच पड़ताल की और उन्होंने थानाध्यक्ष को घटना में शामिल आरोपियों की तुरन्त गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिये। जिसके लिए कई टीमें लगा दी गई है।

जानकारी के अनुसार बदमाशों ने सबसे पहले गांव कुइया निवासी नंदकिशोर पुत्र सूबेदार के घर पर धावा बोला। आरोप है कि चोरों ने घर की दीवार तक तोड़ डाली, लेकिन परिवार के जाग जाने के कारण वे चोरी करने में सफल नहीं हो सके और वहां से भाग निकले। इसके बाद बदमाशों ने पूर्व विधायक विजय सिंह के प्रतिनिधि अधिवक्ता राजेश पाठक के भतीजे के घर को निशाना बनाया। यहां विरोध होने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। बदमाशों के साथ संघर्ष के दौरान बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में अधिवक्ता के भतीजे भानु प्रकाश पाठक व वैभव पाठक घायल हो गए।

दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

घटना के दौरान ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए दो बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ पहुंच गये और पकड़े गए आरोपियों को कब्जे में ले लिया। बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस और अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने भी पहुंच गयी और जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई हैं। लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस लगातार गश्त कर रही है, जबकि ग्रामीणों में अभी भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

# पुल से नीचे गिरे युवक को थानाध्यक्ष ने अस्पताल में कराया भर्ती



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना अमृतपुर पुलिस का एक मानवीय चेहरा उस समय देखने को मिला। जब कस्बा गुजरपुर पमारान में एक युवक अचानक पुल के किनारे से नीचे जा गिरा। नीचे पड़े पत्थरों पर गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर चीख पुकार मच गई। जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष अमृतपुर इंद्रजीत सिंह बिना समय गंवाए पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल युवक दर्द से तड़प रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना अध्यक्ष ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए युवक को अपनी सरकारी गाड़ी से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया। घायल युवक की पहचान रोहित पुत्र कमलेश निवासी हुसैनपुर राजेपुर के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह की तत्परता और इंसानियत भरे व्यवहार की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि आज के दौर में पुलिस का ऐसा मानवीय रूप समाज में भरोसा मजबूत करता है। घटना के बाद क्षेत्र में अमृतपुर पुलिस की सक्रियता और संवेदनशील कार्यशैली चर्चा का विषय बनी हुई है।

# सीतापुर का हिस्ट्रीशीटर गैंग पुलिस के रडार पर

- बंद मकानों को बनाता था निशाना
- पांच सदस्यीय गिरोह पर दर्जनों मुकदमे दर्ज, कई जिलों में फैला नेटवर्क

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव कुइयां राजेपुर में सनसनीखेज वारदात की जांच में बड़ा खुलासा सामने आया है। मामले की कड़ियां अब जनपद सीतापुर के एक शातिर हिस्ट्रीशीटर गैंग से जुड़ती नजर आ रही हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह गिरोह लंबे समय से बंद पड़े मकानों को निशाना बनाकर चोरी, लूट और हमला जैसी वारदातों को अंजाम देता रहा है। थाना अध्यक्ष विश्विपुर जनपद सीतापुर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी एक संगठित पांच सदस्यीय गैंग का हिस्सा हैं। गिरोह के सदस्य पहले गांव और कस्बों में घूमकर बंद मकानों की रेकी करते थे और फिर मौका मिलते ही धावा बोल देते थे। पुलिस के अनुसार गैंग के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं और सभी आरोपी हिस्ट्रीशीटर श्रेणी में शामिल बताए जा रहे हैं। गिरोह में उमेश उर्फ टक्कल पुत्र हरनाम, कुलवंत पुत्र अवध बिहारी, अजय पुत्र बिच्छू, प्रेम मोहन पुत्र सियाराम, लालू व आकाश आदि के नाम सामने आए हैं। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं और अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना है। सूत्र बताते हैं कि कुइयां राजेपुर में हुई घटना का तरीका और इस गैंग की कार्यशैली में काफी समानता मिली है। इसी आधार पर पुलिस अब इस गिरोह की भूमिका को लेकर गंभीरता से जांच कर रही है। मामले के बाद आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस की कई टीमें गैंग के बाकी सदस्यों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं।

# सीएमओ को शिकायतों की जांच कर सात दिन के अंदर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश

- इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा की मासिक बैठक संपन्न


बैठक के दौरान डीएम व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित गतिविधियों एवं जनहित से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया।

डीएम ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी मानवीय सेवा, आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने निर्देशित किया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाने के लिए रेड क्रॉस की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाया जाए।

बैठक के दौरान जनपद के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों तथा नर्सिंग होम को रेड क्रॉस सोसाइटी का संस्थागत सदस्य बनाए जाने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान, आपदा प्रबंधन एवं जनसेवा कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा रेड क्रॉस की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा सकेगा। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त विद्यालयों में एनीमिया स्क्रीनिंग एवं निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बच्चों में खून की कमी की समय रहते पहचान कर उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास प्रभावित न हो। बैठक में एनीमिया एवं टीबी के प्रति व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर एनीमिया जागरूकता से संबंधित विशेष काउंटर स्थापित किए जाएं तथा पोस्टर एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाए। साथ ही टीबी उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं रेड क्रॉस के संयुक्त प्रयासों पर बल दिया गया। बैठक के दौरान राम मनोहर लोहिया अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में ब्लड स्टोरेज एवं जांच संबंधी अनियमितताओं की प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जांच के आदेश दिए गए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि मामले की विस्तृत जांच कर 7 दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत की जाए तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त रेड क्रॉस स्वयंसेवकों की सिविल डिफेंस टीम गठित करने एवं बालिकाओं हेतु आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र प्रारंभ करने पर भी सहमति बनी। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

## खबरें एक नजर में

### घर जा रहे युवक के साथ लूट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सुबह बस द्वारा दिल्ली से लौट रहे युवक से अज्ञात लोगों ने नगदी व मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी रामकिशोर रविवार सुबह 4 बजे दिल्ली से बस द्वारा वापस लौट रहा था, तभी 4 बजे सुबह बस ने हजियापुर चौराहे पर उतार दिया। जहां से कोई सवारी न होने के कारण पीड़ित पैदल अपने घर के लिए चल दिया। वहीं पीड़ित के बताए मुताबिक जब वह मंझना कस्बे के निकट पहुंचा तो इस दौरान सड़क के किनारे खड़ी पिकअप के पास तीन लोग अज्ञात खड़े थे। जिन्होंने रामकिशोर को रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित के बताएं गाली-गलौज का विरोध किया तो उक्त आरोपी गणों ने पीड़ित की जेब से 1000 नगद मोबाइल फोन तथा सामान रखने वाला बैग छीन लिया। पीड़ित रामकिशोर पैदल ही अपने घर पहुंचा और घर पहुंच कर घटना की जानकारी घर वालों को दी। तब घर से परिजनों को साथ लेकर पीड़ित थाने पहुंचा और थाना पुलिस को अपने साथ घटी घटना के बारे में जानकारी दी और पुलिस को लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### मां के डांटने पर आठ वर्षीय बेटे ने लगायी फांसी, मौत

**बहन के बाल खींच देने पर मां ने डांट दिया था**

**कमालगंज/जहानगंज, समृद्धि न्यूज।** खेल-खेल में बहन के बाल खींच देने पर मां ने अपने आठ वर्षीय पुत्र को डांट दिया। जिससे क्षुब्ध होकर बच्चे ने खिड़की से अंगोछा डालकर फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जहानगंज के गांव पट्टियां छेदा सिंह निवासी सुधीर दीक्षित ने बताया कि वे हवन-पूजन करके जीवन-यापन करते हैं। उनका पुत्र 8 वर्षीय गोपाल दीक्षित कक्षा 3 में पढ़ता था। शुक्रवार शाम करीब 6 बजे वह अपनी 10 वर्षीय बड़ी बहन श्रद्धा के साथ घर के बाहर खेल रहा था। खेल-खेल में दोनों भाई-बहन के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और गुस्से में गोपाल ने अपनी बहन के बाल खींच दिए। इसके बाद जब दोनों घर लौटे, तो उनकी मां ममता ने गोपाल को इस गलती के लिए डांट लगाई। कपड़े सुखाने गई मां, कुछ देर बाद जब वह वापस कमरे में लौटीं, तो सामने का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। 8 साल का मासूम गोपाल कमरे की खिड़की में अंगोछा बांधकर फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मां की चीख-पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर दौड़े। आनन-फानन में फंदे को काटकर बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना नहीं दी। तीन बहनें रिया, श्रेया और श्रद्धा हैं, जबकि एक डेढ़ साल का छोटा भाई शिवाय भी है। जहानगंज थानाध्यक्ष पूनम अवस्थी ने बताया घटना की कोई भी सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी और न ही अस्पताल से कोई मेमो आया था।

### कटर की गड़सी लगने से किशोर की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** लकड़ी काटते समय थ्रेसर से निकले कटर की गड़सी लगने से किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पौत्र के जेल जाने के सदमे में दादी की मौत

- सिपाही को पीटने का था मामला


मृतका का फाइल फोटो

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सिपाही को पीटने के मामले में जेल गये युवक के सदमे में आरोपी की दादी की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार यूपी 112 पुलिस के सिपाही विलसन को मारपीट किए जाने के मुकदमे में आरोपी गांव बरतल निवासी कन्हैया लाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पौत्र कन्हैया लाल के जेल जाने से लगे सदमे में उसकी लगभग 66 वर्षीय दादी कृपांति देवी पत्नी राम सिंह की शनिवार दोपहर बाद मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक कृपांति की तबीयत लगभग एक माह से खराब चल रही थी। शुक्रवार को पौत्र कन्हैया लाल के जेल जाने से बीमार कृपांति को सदमा लगा और शनिवार शाम लगभग 4 बजे कृपांति की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# विवाद सुलझाने आए युवक ने अपने साढ़ू को मारी गोली, घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** पारिवारिक विवाद सुलझाने आए युवक ने अपने साढ़ू पर फायरिंग कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर घायल को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पीड़ित के स्वजनों ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। थाना शमशाबाद के गांव शिवरैया निवासी जाहर सिंह कठेरिया कायमगंज के गऊ टोला निवासी आलोक कुमार के साथ रविवार दोपहर कंपिल के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी बहनोई सुमित व बहिन वीरेशा के बीच हुए विवाद को सुलझाने आया था। पंचायत के दौरान सुमित ने तमंचे से ममेरे साढ़ू आलोक कुमार पर फायरिंग कर दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान


रोते बिलखते मृतक के परिजन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव हमीरपुर के मजरा नगला हरी में युवक का शव घर की छत पर बने बरामदे में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

विवरण के अनुसार नगला हरी निवासी सूदन लाल के 26 वर्षीय पुत्र अनुज राजपूत का शव शाम घर के बरामदे में पंखे के कुंडे से अंगोछे के सहारे लटका मिला। देर शाम करीब 8 बजे पड़ोसियों की नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा। परिजनों के मुताबिक अनुज राजपूत समर/बोरिंग का कार्य करता था। वह पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार में एक पुत्र ऋतिक तथा दो पुत्रियां हिमांशी और खुशी हैं। मृतक के भाई रविकांत ने बताया कि घटना से पहले अनुज अपनी पत्नी दुर्गा देवी को छोड़ने मोहम्मदाबाद गए थे। घर लौटने के बाद यह घटना हो गई। घटना के कारणों को लेकर परिवार के लोग कुछ स्पष्ट नहीं बता सके। मृतक की ससुराल थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव भरखा में बताई गई है। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि घटना के संबंध में कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न


बैठक लेती डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति, वन बन्दोबस्त समिति एवं आर्द्रभूमि समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं गंगा स्वच्छता से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी (डी0एफ0ओ0) द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा जनपद हेतु वृक्षारोपण का कुल लक्ष्य 40,82,488 निर्धारित किया गया है, जिसमें वन विभाग को 21,00,000 तथा अन्य विभागों को 19,82,488 पौधारोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों द्वारा अब तक कार्ययोजना, स्थल चयन एवं गड्ढा खुदान संबंधी सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है, वे अनिवार्य रूप से 30 मई तक सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में गंगा नदी में गिरने वाले नालों को टैग करने हेतु त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बीबीगंज नाला हेतु पम्पिंग स्टेशन स्थापित करने तथा सोताबहादुरपुर नालों को 30 एमएलडी क्षमता में टैप करने के लिए गंगा प्रदूषण जल निगम को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक झुलसा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र में 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक झुलस गया। नारायणपुर गढ़िया निवासी हरिओम का कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार नारायणपुर गढ़िया निवासी हरिओम पुत्र समरपाल मौरम लदा ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। रास्ते में झूल रही 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन ट्रैक्टर से छू गई। जिससे हरिओम का माथा झुलस गया। ग्रामीणों ने तुरंत घायल हरिओम को बाइक से कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टर विकास पटेल ने उसका प्राथमिक उपचार किया।

# नगर पंचायत पेयजल सप्लाई में आ रहे कीड़े

**सभासद ने सोशल मीडिया पर डाला वीडियो**
**बाबू बोले समस्या का करा रहे है समाधान**



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज नगर पंचायत द्वारा जो पानी की सप्लाई नगर में पेयजल के रूप में स्थानीय लोगों को दी जा रही है। उसमें कीड़े आने की शिकायत कमालगंज नगर सभासद अशोक श्रीवास्तव एवं विक्की दिवाकर द्वारा की गई। जिसमें पेयजल सप्लाई में आ रहे कीड़ों का जिक्र किया गया एवं नगर के नागरिकों से अपील की गई कि पीने के लिए एवं खाना बनाने के लिए पानी देखकर उपयोग करें। वही कमालगंज की जनता में इस बात को लेकर आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यह नगर पंचायत की जिम्मेदारी है कि नियमित टंकी की सफाई करवा कर शुद्ध पर जल जनता को प्रदान किया जाए। नगर पंचायत के के सीनियर बाबू अजय तिवारी ने बताया की कई जगह पर जो पाइप लाइन पड़ी हुई है कुछ घरों की पाइपलाइन लीकेज हो जाती है जिसके कारण हो सकता है पेयजल में कीड़े आ गए हो। फिलहाल में इस मामले की जानकारी करवरकर समस्या का समाधान किया जाएगा। नागरिकों को इस मामले में परेशान होने की जरूरत नहीं है जो भी समस्या होगी उसे पर तुरंत ही कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में लगी आग, हजारों का सामान जला



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने समर आदि चलाकर किसी तरह आग पर काबू पाया। पीड़ित के अनुसार उसका लगभग हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव सिनौली निवासी फद्दन खाँ की झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीण जब तक मौके पर जुटे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, तब तक सब कुछ जल चुका था। पीड़ित परिवार के अनुसार इस अग्निकांड में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग से सिंचाई के लिए रखा एक इंजन पंप सेट पूरी तरह बर्बाद हो गया। घर में रखी 3 साइकिलें और 4 चारपाइयां जल गईं। झोपड़ी में रखा सारा गेहूं, आटा, अन्य राशन सामग्री और पहने-ओढ़ने के कपड़े जलकर राख हो गए। आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक गांव के लोग इकट्ठा होकर उसे बुझाने की कोशिश करते, तब तक गृहस्थी का सारा सामान खाक हो चुका था।

# अंशकालिक अनुदेशक के बढ़े हुए मानदेय का हुआ वितरण


चेक सौंपती डीएम व सांसद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान एवं उनके बढ़े हुए मानदेय वितरण के शुभारंभ हेतु एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अंशकालिक अनुदेशकों के समर्पण, योगदान एवं शिक्षा व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करना तथा प्रदेश सरकार द्वारा उनके कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों एवं योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा।

सांसद मुकेश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि, जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0 फतेहचन्द्र वर्मा, जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं मुख्य विकास अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विकास खण्डों से आए अंशकालिक अनुदेशक एवं बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अंशकालिक अनुदेशकों के योगदान, सरकार की योजनाओं एवं शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों पर आधारित प्रस्तुति दी गई। लखनऊ से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं अंशकालिक अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना तथा प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा एवं शिक्षकों के हित में लिए गए निर्णयों की सराहना की। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि अंशकालिक अनुदेशक ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा शिक्षकों एवं अनुदेशकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने कहा कि अंशकालिक अनुदेशक उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था की सशक्त नींव हैं। उनके अथक प्रयासों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मानदेय वृद्धि का निर्णय अनुदेशकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में पूर्व में 7,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये किए गए मानदेय को पुनः बढ़ाकर अब 17,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। इस निर्णय से जनपद के कुल 234 अंशकालिक अनुदेशक प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। मानदेय वृद्धि के फलस्वरूप जनपद में कुल व्यय 21.06 लाख रुपये से बढ़कर 39.78 लाख रुपये हो गया है, जिससे अनुदेशकों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आएगा तथा उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित होगा। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा अंशकालिक अनुदेशकों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे उन्हें आवश्यकता पड़ने पर गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। महिला अंशकालिक अनुदेशकों के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए 360 दिवस के मातृत्व अवकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जो उनके अधिकारों की सुरक्षा एवं सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विकास खण्ड से 03 अंशकालिक अनुदेशकों सहित कुल 21 अनुदेशकों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले अनुदेशकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि यह निर्णय उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला है और इससे उन्हें नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार श्परिवर्तन की बहती बयार, 9 वर्ष योगी सरकार के संकल्प के साथ शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार, नवाचार एवं विकास कार्य कर रही है, जिससे आने वाली पीढ़ी को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। अधिकारियों ने कहा कि हमारा लक्ष्य बेहतर शिक्षा, उन्नत भविष्य है तथा इसी उद्देश्य के साथ शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# फोटो क्लब द्वारा प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**▸ कार्यशाला में फोटोग्राफरों को नई तकनीकियों की दी गई जानकारियां**



कार्यशाला में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फोटोग्रफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश व फर्रुखाबाद फोटो क्लब द्वारा आठवां फोटो एग्जिबिशन एवं फोटोग्राफर कार्यशाला, सम्मेलन का आयोजन शहर के ठंडी सड़क स्थित एक गेस्ट हाउस पर आयोजित किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन लखनऊ से आए फोटोग्राफर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत मंडल प्रभारी अमित राठौर ने किया। सचिव सुरेंद्र सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष राजीव टंडन, संगठन मंत्री अमर सिंह, जोन प्रभारी लखनऊ आशीष श्रीवास्तव, दीपक कपूर आदि का स्वागत नगर अध्यक्ष मुकेश शुक्ला, जिला प्रभारी अमरीश श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने पुष्प गुच्छ भेंट कर माल्यार्पण किया। मुख्य मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव व विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र सिंह राठौड़ एवं आए हुए अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश का पूजन एवं माता सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश वर्मा ने कहा संगठन ही सफलता की पूंजी है, क्योंकि बिना संगठन से कोई कार्य नहीं हो सकता। फोटोग्राफी में एक व्यक्ति कोई भी कार्य नहीं कर सकता। उसके लिए पूरी टीम वर्क चाहिए। उन्होंने फोटोग्राफी के लिए सांझा सुरक्षा संकल्प योजना की घोषणा की यदि कोई फोटोग्राफर योजना में रजिस्ट्रेशन करता है और उसकी दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो सहायता के तौर पर 1 लाख रुपए की सहायता की जाएगी। सचिव सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि आज का समय चुनौतियों का है हम लोगों को नई तकनीक के साथ चलना होगा, तभी हम सफल होंगे। अमित राठौर मंडल प्रभारी ने शैलेंद्र सिंह राठौड़ को अपना संरक्षक घोषित किया। फ्यूजी कंपनी से राजकुमार तिवारी, पैनासोनिक कंपनी से सिद्धांत, टैलेंट कंपनी से अमित सक्सेना ने कैमरे की बारीकियां को लोगों को समझाया। कमरे में एआई का उपयोग भी बताया। संचालन सोनू शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अमित राठौर, रविंद्र भदोरिया, अनिल श्रीवास्तव, मुकेश शुक्ला, मनोज शर्मा, जोगिंदर सिंह, स्वतंत्र प्रकाश वर्मा, नंद किशोर चौरसिया, संदीप चौहान, अनुराग पांडे, सोनू शुक्ला, भारत सिंह, प्रदीप शाक्य, रजत गुप्ता, निलेश कटियार, अरविंद आनंद, पवन, अवधेश सिंह, बृजमोहन चौधरी, जितेंद्र, मिलन कटियार, नवनीत वाजपेई, सुशील कुमार, अरुणेश अग्निहोत्री सहित फर्रुखाबाद, बरेली, औरैया, एटा, इटावा, कासगंज, कन्नौज, छिबरामऊ, मैनपुरी, शाहजहांपुर, इटावा के लगभग 200 फोटोग्राफरों ने सहभागिता की।

# पुराना गनीपुर में इस्कॉन के भक्तों ने किया हरिनाम संकीर्तन


संकीर्तन करते भक्तगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत नवाबगंज के मोहल्ला पुराना गनीपुर स्थित शिव मंदिर में उस समय भक्ति की बयार बहने लगी, जब दिल्ली इस्कॉन मंदिर से आए भक्तों की टोली ने हरिनाम संकीर्तन के जरिए पूरे वातावरण को कृष्णमय कर दिया। इस आध्यात्मिक आयोजन में भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। दिल्ली से आए विशेष अतिथि अभिषेक प्रभु, मुकुल प्रभु और यशोदा नंदनदास ने भगवान की महिमा का गुणगान करते हुए मधुर संकीर्तन प्रस्तुत किया। जैसे ही इस्कॉन के भक्तों ने महामंत्र हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे का जाप शुरू किया। उपस्थित भक्त स्वयं को रोक नहीं पाए और भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। संकीर्तन के पश्चात भगवान को भोग लगाया गया और उपस्थित सभी भक्तों को बड़े ही प्रेम भाव से प्रसाद पवाया गया। मंदिर परिसर में देर तक जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। इस भक्तिमय आयोजन में श्रीकृष्ण गुप्ता, रामजी दुवे, रानू गुप्ता, भूरे दीक्षित, अनुज गुप्ता, दीपक गुप्ता, रामफेरे दिवाकर, दिनेश गुप्ता, शिवम दीक्षित, सर्वेश सक्सेना, अंकित सक्सेना, कोमल, सीता देवी, कमलेश, कमलेश गुप्ता के अलावा क्षेत्र के श्रद्धालुगण भी मौजूद रहे।

# यज्ञ एवं वैदिक जीवनशैली से व्यक्ति के विचार शुद्ध होतेः संदीप आर्य


यज्ञ में आहूतियां डालते लोग

**▸ साप्ताहिक वैदिक यज्ञ व भजन सत्संग का हुआ आयोजन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य समाज कमालगंज में रविवार को साप्ताहिक वैदिक यज्ञ, भजन एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वैदिक यज्ञ एवं सत्संग का लाभ प्राप्त किया। संपूर्ण वातावरण वैदिक मंत्रों, भजनों एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से भक्तिमय बना रहा।

आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि वर्तमान समय में समाज के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती युवाओं के चरित्र एवं संस्कारों को सुरक्षित रखना है। आधुनिक भौतिकतावाद एवं पाश्चात्य प्रभाव के कारण युवा वर्ग अपनी संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है, जिसके कारण समाज में अनेक प्रकार की सामाजिक एवं नैतिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि वैदिक यज्ञ, सत्संग एवं आर्य समाज की शिक्षाएं युवाओं को अनुशासन, संयम, राष्ट्रभक्ति एवं सदाचार का मार्ग प्रदान करती हैं। यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव जीवन को पवित्र एवं संस्कारित बनाने की वैज्ञानिक प्रक्रिया है। यज्ञ एवं वैदिक जीवनशैली से व्यक्ति के विचार शुद्ध होते हैं तथा उसमें सेवा, त्याग, अनुशासन एवं मानवता के गुण विकसित होते हैं। उपस्थित युवाओं ने नियमित रूप से यज्ञ एवं सत्संग से जुड़कर वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण, राष्ट्र उन्नति एवं समाज में सद्भावना की कामना के साथ आहुतियां प्रदान कीं। कार्यक्रम में सुरेंद्र कटियार, सार्थक, नीतीश राठौर, गौरव सिंह, आनंद यादव, प्रियांशु, रोशन सिंह, शाहिल कुमार, राजन, आकांक्षा राठौर, सुरभि दीक्षित, स्तुति दुबे आदि उपस्थित रहे।

# भीकमपुर में तीन दिवसीय ब्लॉक प्रिंटिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन

**▸ ब्लॉक प्रिंटिंग कला को नए डिज़ाइन दृष्टिकोण व समकालीन उत्पाद विकास से जोड़ना**


ब्लॉक प्रिंटिंग कार्यशाला का निरीक्षण करते रंजीत सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला उद्योग केंद्र फर्रुखाबाद और आईआईटी कानपुर के रंजीत सिंह रोज़ी शिक्षा केंद्र द्वारा 15 से 17 मई तक भीकमपुर में तीन दिवसीय ब्लॉक प्रिंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला का विषय ब्लॉक प्रिंट्स की पुनर्कल्पना एवं पुनर्स्थापन है। जिसका उद्देश्य जनपद की पारंपरिक ब्लॉक प्रिंटिंग कला को नए डिज़ाइन दृष्टिकोण एव समकालीन उत्पाद विकास से जोड़ना है। यह कार्यशाला भीकमपुर क्षेत्र स्थित ब्लॉक प्रिंटर अजय की यूनिट में आयोजित की गई है। कार्यशाला की शुरुआत सोनाली जिंदल उपायुक्त उद्योग के उत्साहपूर्वक सम्बोधन से हुई। उन्होंने कारीगरों के रजिस्ट्रेशन, कारीगर पहचान पत्र और योजनाओं की जानकारी दी। रीता सिंह समन्वयक रोजी शिक्षा केंद्र ने कहा यह प्रयास लुप्त होती कला को पुनर्जीवित करके बाहर गए कारीगरों को जिले मे वापस लाना और युवाओं को इससे जोड़ना भी है। कार्यशाला में प्रतिभागियों एवं कारीगरों के साथ प्रिंटिंग की पारंपरिक एवं समकालीन संभावनाओं पर संवाद और प्रयोग किए गया है। कार्यशाला में डिज़ाइन, रंग संयोजन, प्रिंट संरचना एवं उत्पाद विकास से जुड़े विभिन्न व्यवहारिक सत्र संचालित किए जा रहे हैं। डिजाइन प्रोफेसर्स की टीम उपस्थित रहेगी। प्रोफेसर सत्यकी राय, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ डिजाइन, आईआईटी कानपुर एवं एक प्रसिद्ध फिल्म मेकर हैं। वहीं प्रोफेसर सतरूपा ठाकुर टेक्सटाइल्स में विशेषज्ञता रखती हैं तथा प्रिंटिंग में उनकी विशेष रुचि है। कार्यशाला जनपद की समृद्ध ब्लॉक प्रिंटिंग परंपरा को समकालीन डिज़ाइन सोच एवं नए बाज़ारों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यशाला का क्रियान्वन जनरल मैनेजर जिला उद्योग केंद्र के सहयोग से किया गया। तीन टेक्सटाइल डिजाइनरों द्वारा किया गया। अनुमेहा सेंगर, शिखा तिवारी, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, जैस्मिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# साइबर अपराध से निपटने के लिए विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन


कार्यशाला में मौजूद पुलिस कर्मी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** रविवार को पुलिसकर्मियों के लिए साइबर अपराध से निपटने हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और पुलिस बल को आधुनिक तकनीकों से लैस करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में साइबर एक्सपर्ट आशीष मिश्रा ने थाने के समस्त पुलिसकर्मियों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए। कार्यशाला के दौरान आशीष मिश्रा ने वर्तमान समय में हो रहे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों और ठगी के नए तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराधी किस प्रकार भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं और इनसे बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं। साइबर एक्सपर्ट ने पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इनमें साइबर अपराध की शिकायत मिलते ही शुरुआती गोल्डन ऑवर में की जाने वाली त्वरित कार्रवाई शामिल थी। उन्होंने सोशल मीडिया फ्रॉड, वित्तीय धोखाधड़ी और फिशिंग लिंक्स की जांच करने के तकनीकी तौर-तरीके भी साझा किए। साथ ही पुलिसकर्मियों से आम जनता को भी अपने स्तर पर जागरूक करने का आग्रह किया, ताकि लोग ऐसी ठगी का शिकार न हों। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने इस अवसर पर कहा इस तरह के प्रशिक्षण सत्रों से पुलिस बल की कार्यक्षमता में सुधार होता है। अब पुलिसकर्मी साइबर अपराधियों से निपटने और पीड़ितों को जल्द से जल्द राहत दिलाने में अधिक सक्षम होंगे।

इस कार्यशाला में नवाबगंज थाने के उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी और आरक्षियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने साइबर अपराधों से जुड़े अपने सवालों और शंकाओं का समाधान भी कराया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक


छात्राओं को जागरुक करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने जगह-जगह छात्राओं व महिलाओं को जागरुक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

महिला थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षणेत्तर संघ से राजेश निराला ने दिया त्याग पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी एजूकेशनल मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे। संघर्ष समिति के तीन बार प्रदेश संयोजक राजेश निराला ने शिक्षणेत्तर संघ की राजनीति से अपने आपको अलग करते हुए संगठन की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र देकर संगठन से नाता तोड़ लिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के ही नहीं बल्कि सभी वरिष्ठ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं। संगठन की जिला एवं प्रदेश कार्यकारिणी से बातचीत हो गयी है। मुझे इस बार का कष्ट रहेगा कि जिस संगठन को मैंने फर्रुखाबाद में स्थापना की थी वह मेरे सामने समाप्त हो चुका। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में नये संगठन की स्थापना कर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करें। युवा लोगों को आगे आकर संगठन चलाना चाहिए।

### ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का उद्घाटन 24 मई को होगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती इकाई द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की तैयारी एवं आगामी कार्यक्रम हेतु साधारण सभा की बैठक नगर के मदन मोहन कनोड़िया जूनियर विद्यालय लोहाई रोड पर सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ संस्कार भारती ध्येय गीत गाकर किया गया। कार्यशाला संयोजक अनुराग अग्रवाल ने बताया कि ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 21 मई से 20 जून तक चलने वाली कार्यशाला का उद्घाटन 24 मई नगर के मदन मोहन कनोडिया इण्टर कालेज खतराना में आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला में कथक, मेंहदी, सौंदर्य कला, चित्र कला, डिज़ाइनर सिलाई, नाट्य कला, मूर्ति कला, लोक नृत्य, कत्थक, योग आदि विधाओं का कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्कार भारती सदस्यता शुल्क को भी जल्द से जल्द जमा करने का आवाहन किया गया। अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने सभी का धन्यवाद दिया। संचालन सचिव गौरव मिश्रा ने किया। बैठक के प्रमुख रूप से प्रमोद अग्रवाल, सुरेंद्र पाण्डेय, अमन अवस्थी, सुबोध शुक्ला, ऋषि दत्त शर्मा, दीपक मिश्रा, शशिकन्त शक्ला, अर्पन् शाक्य, भावना गुप्ता, रुची मिश्रा, अरुणेन्द्र, स्नेहा श्रीवास्तव, शिल्पी रस्तोगी, पूनम मौर्या, आदेश अवस्थी, संजय गर्ग, समरेंद्र शुक्ल, अरविंद दीक्षित, नवीन मिश्र, नरेंद्र नाथ मिश्रा, राम बाजपेई, रजनी लौंगवानी, पारुल सैनी, किरण त्रिवेदी, अनुराग अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### महंगाई को लेकर कांग्रेस 18 मई को करेगी विरोध प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 18 मई को समय 04 बजे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार पेट्रोल डीजल सीएनजी और घरेलू वस्तुओं की मंहगाई को लेकर सभी कांग्रेस जन टाउनहॉल स्थित गांधी की प्रतिमा पर इकट्ठा होंगे और बढ़ती हुई मंहगाई का विरोध प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने दी है।

# समाज में लोगों को नारद की तरह लोकहित में मार्गदर्शन करना चाहिए


नारद ऋषि का पूजन करते अतिथि


कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नारद जयंती समारोह समिति के द्वारा नारद जयंती के उपलक्ष में श्याम नगर विद्या मंदिर में नारद जयंती संपन्न हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व कुलपति रंगनाथ मिश्रा व मुख्य वक्ता सुरेंद्र पांडे, सुरेंद्र पांडे ने नारदजी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा नारद लोकहित में पूरी सृष्टि में भ्रमण करते हुए प्रचार प्रसार करते थे। नारद ब्रह्मा के मानस पुत्र कहे जाते हैं। देव ऋषि नारद नारायण जी के अनन्य भक्त थे। रंगनाथ मिश्रा ने कहा समाज में लोगों को नारद जी की तरह लोकहित सामाजिक में समाज का मार्गदर्शन करते रहना चाहिए। जहां गलत हो रहा है यहां पर भी नजर होनी चाहिए, ठीक करने की क्षमता भी होनी चाहिए। संचालन ऋषि दत्त शर्मा, गुडडू पंडित ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था कार्यक्रम संयोजक आकाश श्रीवास्तव, तेजसिंह राजपूत ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में राजेंद्र त्रिपाठी, नारायण, राज किशोर, वेदराम, सुभाष दीक्षित, रामजी त्रिवेदी, गौरव मिश्रा, बंटी, अरविंद दीक्षित, नवदीप मिश्रा, अमरदीप यादव, बंटी यादव, शशि भूषण यादव, राज किशोर यादव, शिवानंद, श्रवण कुमार, आशीष गुप्ता, अवधेश पांडे, अनिल प्रताप सिंह, कुलभूषण श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# ढाईघाट पर अखंड रामायण पाठ के बाद हुआ विशाल भण्डारे का आयोजन


प्रसाद ग्रहण करते साधु-संत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद ढाईघाट पर स्वर्गीय चंद्र प्रकाश अग्रवाल पिक्कू बाबू के नारायण आश्रम पर अखंड रामायण पाठ के अवसर पर रविवार को भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने हवन भी किया गया। भंडारे में सैकड़ो संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल की ओर से व्यवस्था की गई। संतों को भोज कराया गया और दक्षिणा देकर विदा किया गया। पंडित शरद ने मंत्रोंच्चार के बीच भण्डारा आयोजित किया। इस मौके पर उमेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कुर्मी क्षत्रिय महासभा का अधिवेशन सम्पन्न नहीं बुलाये गये क्षेत्रीय विधायक


कार्यक्रम में मौजूद डा0 शरद गंगवार आदि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कुर्मी क्षत्रिय सभा लखनऊ का प्रादेशिक अधिवेशन कार्यक्रम कम्पिल मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएम गंगवार, प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 कुलदीप गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष डा0 शरद गंगवार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अविवेशन को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएम कटियार ने एकता में ही शक्ति है इसी मार्ग पर चलने को कहा। नगर पालिका अध्यक्ष डा0 शरद गंगवार ने कहा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा में कई साथियों के सहयोग से पुनरुत्थान हुआ। इस सभा का लखनऊ तक सीमित नहीं बल्कि इसका विस्तार पूरे देश में हो चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कायमगंज नगर पालिका अध्यक्ष डा0 शरद गंगवार ने की। वहीं कार्यक्रम में चर्चा रही कि क्षेत्रीय विधायक व उनके पति डा0 अजीत गंगवार को कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया। इसको लेकर अधिकांश लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

# बच्चों ने कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन जज की परीक्षा की पास


रेफरी चयन के दौरान मौजूद कराटे कोच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कराटे एसोसिएशन फर्रुखाबाद के नेतृत्व में जनपद से तीन बच्चों ने कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के जज की परीक्षा पास कर ली। यह परीक्षा लखनऊ के पारा मार्किट मे पैरामाउंट बिल्डिंनिंग मे संपन्न हुई। परीक्षा को जनपद से पास करने वाले चार लोग हो गए है। सबसे पहले जनपद से पारस भारद्वाज ने पास की थी, आज वो रेफरी ए ग्रेड है। पुष्कर भारद्वाज रेफरी बी ग्रेड और अब अभ्या मिश्रा जज बी ग्रेड और विष्णु सक्सेना ने जज बी ग्रेड पास की। इनकी इस उपलब्ध पर कोच पारस भारद्वाज ने बधाई दी और कहा कि आज कराटे एसोसिएशन लगातार तरक्की कर रहा है। संरक्षक मिथलेश अग्रवाल, सुमन राठौर, बबिता पाठक, लालजी साक्सेना, अनुपम यादव ने बधाई दी है।

## खबरें एक नजर में

### खीरी में बेटे पर मां से मारपीट का आरोप, थाने पहुंची पीड़िता

**निघासन खीरी।** तिकुनियां थाना क्षेत्र के कुशाही पंचायत भैडोरी गांव में एक महिला ने अपने ही बेटे पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता जमीला पत्नी नवी अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को करीब 11 बजे उसके बेटे हसीब अहमद ने घर में विवाद के दौरान ईंट के टुकड़े और डंडे से हमला कर दिया। महिला का आरोप है कि बेटे ने गाली-गलौज करते हुए बाल पकड़कर पीटा और घूंसे-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसके दाहिने पैर और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने बताया कि आरोपी आए दिन उसके साथ मारपीट करता है और जान से मारने की धमकी देता है। घटना से परेशान महिला ने तिकुनियां थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**निघासन खीरी।** पढुआ थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। जहां गांव निवासी एक मां ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव के ही सूरज कुमार पुत्र शिवकुमार 14 मई की रात करीब 11 बजे घर से बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से अपने साथ ले गया। परिजनों ने किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। मामले में पढुआ पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महंगाई और पेट्रोल संकट के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन आज

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि और रसोई गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस पार्टी अब खुलकर सड़क पर उतरने जा रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी महराजगंज ने 18 मई, सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के सामने विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में होने वाला यह प्रदर्शन सुबह 11 बजे शुरू होगा, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल होंगे। पार्टी नेताओं का कहना है कि आज आम जनता महंगाई की मार से कराह रही है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। वहीं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और कई क्षेत्रों में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी ने लोगों का जीवन और भी कठिन बना दिया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश और केंद्र सरकार जनता की मूल समस्याओं को हल करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। पेट्रोल-डीजल की किल्लत के कारण परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो रही है, खेती-किसानी पर संकट गहरा रहा है और रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसके बावजूद सरकार केवल दावे और प्रचार में व्यस्त है, जबकि आम आदमी राहत की उम्मीद लगाए बैठा है। जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज़ बनकर संघर्ष करती रही है और आगे भी सड़क से लेकर सदन तक जनता के अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि 18 मई का धरना केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि जनता के दर्द और आक्रोश की आवाज़ होगा, जिसे प्रशासन और सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस जनआंदोलन को सफल बनाएं और महंगाई व पेट्रोल संकट के खिलाफ अपनी आवाज़ बुलंद करें।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में 89 फरियादियों ने विभिन्न विभागों की फरियाद की मौके पर 4 शिकायतों का हुआ निस्तारण



**महराजगंज।** तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम की अध्यक्षता में आज शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर कुल 89 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही 4 शिकायतों का निस्तारण कर शेष 85 शिकायतो को अविलंब निस्तारण करने के लिए सम्बंधित विभागों को सौंप दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के आये 89 शिकायतों में, शिक्षा स्वास्थ्य विकास, बिजली, थाना, चकवन्दी एवं जमीन के मामले छाये रहे। जिसको गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र गौतम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सप्ताह भर के अन्दर शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित कराकर शिकायत कर्ताओं को संतुष्ट किया जाय और सम्बंधित विभागों से निस्तारित करायें गये शिकायत को तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय। इस दौरान तहसीलदार मजिस्ट्रेट वशिष्ठ वर्मा, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी विभिन्न ब्लाकों के खंड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी वीरेंद्र यादव, व कानूनगो लेखपाल सहित तहसील स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी, एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में नौतनवां निचलौल एवं सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई।

### श्रीगंगा दशहरा महोत्सव की तैयारी की बैठक में बांटी गई जिम्मेदारी

**प्रतापगढ़।** श्रीगंगा दशहरा महोत्सव मां बेल्हा देवी धाम की बैठक मां बेल्हा देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 21वां श्री गंगा दशहरा महोत्सव की रूपरेखा तय की गई। गंगा दशहरा महोत्सव 26 मई को मनाया जाएगा जिसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। 26 मई को पूरे मंदिर परिसर को फूल मालाओं व विद्युत झालरों से सजाया जाएगा। शाम को 21000 दीपों से सभी घाटों और मंदिर को प्रकाशमय करके भव्य मां सई गंगा की महा आरती होगी। मां गंगा के अवतरण की झांकियो के साथ भजन संध्या की प्रस्तुति होगी ।जो देर रात तक चलेगी एवं प्रसाद का वितरण होगा ।समिति के अध्यक्ष मां बेल्हा देवी धाम के प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह मुन्ना भैया ने सभी तैयारियां पूर्ण करने की सलाह दी है। नए घाटों पर भी प्रकाश आदि की व्यवस्था करने का समिति को जिम्मेदारी दी ।आयोजन की पूरी रूपरेखा समिति के संयोजक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य रखी। मंगला प्रसाद (रघ्घु पंडा) को समय से सारी व्यवस्थाएं पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई ।इस अवसर पर मोनू पंडा, मंगला प्रसाद पंडा,जगदंबा प्रसाद (जग्गू पंडा),सुरेश मास्टर, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, आलोक, अरविंद, प्रदीप, मनोज पंडा, मनीष, गोलू ,राजू, पवन पटवा, बाबा सिंह, मुकेश आदि उपस्थित रहे।

### हलिया ब्लॉक में आरोग्य मेला का आयोजन 207 मरीजों का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 47 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 37 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 41नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमदगंज चिकित्सक बालकृष्ण मिश्रा ने 43 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूडपेली चिकित्सक मनीष कुमार ने 39 मरीजों का उपचार किया कुल 207 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा लिया ।सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मेले को सफल बनाने के लिए दिनभर सेवाएं दीं। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल, आदि मौजूद रहे।

### दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के गड़बड़ा पुल पर रविवार की शाम दो बाइको की टक्कर होने से एक बाइक सवार दो युवक घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जंहा पर उपचार चल रहा है हलिया थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव निवासी 18 वर्षीय सत्यम व 22 वर्षीय संजय बाइक से कंही जा रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के गड़बड़ा पुल पर पहुँचे की दूसरी बाइक से टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे व फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है सूचना मिलने पर दोनों घायलों के परिजन भी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच गए है इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की बाइक की टक्कर में दो युवक घायल होकर उपचार के लिए आये थे उपचार किया जा रहा है।

# जिले के अनुदेशकों को बड़ी सौगात, बढ़े मानदेय पर गूंजी तालियां

- राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर बोले- शिक्षा के प्रहरी हैं अनुदेशक
- राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने किया अनुदेशकों का सम्मान, अनुदेशकों के खातों में बढ़ा मानदेय हुआ अंतरित, सीएम के कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के रॉयल पैराडाइज में रविवार को बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित ÷शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण÷ कार्यक्रम ने उत्सव का माहौल बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारागार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सीएम के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। सीएम के भाषण को सुनकर अनुदेशकों ने खूब तालियां बजाई। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन बीएसए प्रवीण तिवारी ने किया।



**सम्मानित हुए अनुदेशक, खातों में पहुंचा बढ़ा मानदेय:** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में अनुदेशक रुचि वर्मा, शैलप्रिया, मंजू मिश्रा, कामता प्रसाद, परमजीत सिंह, रविंद्र सिंह राना, कन्हैयालाल राजवंशी, करन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, नीरज कुमार को बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षामित्रों को बढ़े हुए 17 हजार रुपये मानदेय के चेक भी प्रदान किए गए। साथ ही जिले के सभी 826 अनुदेशकों के खातों में बढ़ा हुआ मानदेय अंतरित कर दिया गया।

**अनुदेशक शिक्षा के प्रहरी, 17 हजार मानदेय से मजबूत होगा परिवार व शिक्षा व्यवस्था - राज्यमंत्री:** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि यह ऐतिहासिक पल है, जब सरकार अनुदेशकों और शिक्षामित्रों के बीच खुशियां लेकर पहुंची है। सरकार ने मानदेय बढ़ाकर उनके योगदान और सम्मान को नई पहचान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अनुदेशक ऐसा कार्य करें कि वे व्यवस्था की मजबूरी नहीं, बल्कि आवश्यकता बन जाएं। बच्चों को केवल शिक्षा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनमें संस्कार और नैतिक मूल्यों का बीजारोपण करना भी शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षा और संस्कार के समन्वय से ही मजबूत समाज और बेहतर राष्ट्र का निर्माण संभव है।

राज्यमंत्री ने कहा कि अनुदेशक वास्तव में शिक्षा व्यवस्था के प्रहरी हैं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी बेसिक शिक्षा को मजबूती देने का काम किया। अब अनुदेशकों को बढ़ा हुआ मानदेय सीधे उनके बैंक खातों में मिलेगा, जिससे उन्हें आर्थिक संबल प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि अब अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे अधिक उत्साह के साथ शिक्षण कार्य कर सकेंगे। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय अनुदेशकों के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।

# धरने की चेतावनी के बाद हरकत में आया बिजली विभाग, रकेहटी को निघासन टाउन फीडर से जोड़ा

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत रकेहटी में ग्रामीण क्षेत्र जैसी बिजली आपूर्ति को लेकर व्यापारियों के विरोध के बाद विद्युत विभाग ने कार्रवाई करते हुए कस्बे को निघासन टाउन फीडर से जोड़ दिया है। विभाग का दावा है कि अब रकेहटी क्षेत्र को करीब 21.30 घंटे बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

इससे पहले व्यापार मंडल रकेहटी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत खंड निघासन को ज्ञापन देकर नगर पंचायत क्षेत्र के अनुरूप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की थी। व्यापारियों ने चेतावनी दी थी कि समस्या का समाधान न होने पर



अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि रकेहटी को नगर पंचायत का दर्जा मिले करीब पांच वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक यहां की बिजली व्यवस्था ग्रामीण फीडर से संचालित की जा रही थी। आरोप लगाया कि क्षेत्र में 24 घंटे में मुश्किल से 10 घंटे ही बिजली मिल रही थी और लगातार कटौती से व्यापार प्रभावित हो रहा था। रात में अंधेरा रहने से चोरी और अन्य घटनाओं का भी भय बना रहता था।व्यापारियों ने यह भी बताया कि रकेहटी तक नई विद्युत लाइन का निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका था, लेकिन उसे निघासन टाउन फीडर से नहीं जोड़ा गया था। इस संबंध में दो मई को तहसील दिवस में भी ज्ञापन दिया गया था।मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग ने 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सिंगाही के अंतर्गत रकेहटी फीडर देहात से जुड़े कुछ गांवों की लाइन हटाकर निघासन टाउन फीडर से टैपिंग कर सप्लाई चालू कर दी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नई व्यवस्था लागू होने से नगर पंचायत क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब नियमित और बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। एसडीओ विकास यादव ने बताया कि कस्बे की शेष लाइनों को भी नगर पंचायत सप्लाई से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। कार्य पूरा होने के बाद पूरे रकेहटी कस्बे को नगर पंचायत के अनुसार बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। टैपिंग और चेंजिंग कार्य के दौरान एसडीओ सिंगाही निशांत कुशवाहा, अवर अभियंता दिलीप कुमार, संविदाकर्मी राम निवास, अनवर व त्रिमोहन लाइनमैन समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। व्यापार मंडल संरक्षक रमेशचंद्र तिवारी, अध्यक्ष जगत नारायण गुप्ता, महामंत्री संदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और विधानसभा अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी भी मौजूद रहे।

# नकब लगाकर लाखों की चोरी, जेवरात और नकदी लेकर फरार हुए चोर



**ईसानगर, खीरी।** थाना ईसानगर क्षेत्र के ग्राम मझगई निवासी एक परिवार के घर में देर रात नकब लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित परिवार ने थाना ईसानगर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित योगेश्वर बाजपेयी के अनुसार 16 मई 2026 की रात करीब दो बजे अज्ञात चोर घर के पीछे से नकब लगाकर अंदर घुस आए और कमरे में रखा सामान खंगाल दिया। सुबह जागने पर परिवार को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। तहरीर के मुताबिक चोर घर से सोने-चांदी के जेवरात सहित करीब 32 हजार रुपये की नगदी उठा ले गए। चोरी गए सामान में सोने की माला, नथुनी, पायल, झुमकी, अंगूठी समेत अन्य जेवर शामिल बताए गए हैं। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# खमरिया में अलमारी तोड़कर 25 लाख के जेवर उड़ाए

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- इंडस्ट्रियलिस्ट के घर को निशाना बनाकर चोर ले गए नगदी व ज्वैलरी, खेत में मिले खाली डिब्बे

खमरिया थाना क्षेत्र के मोहम्मदापुर गांव में शनिवार रात चोरों ने एक इंडस्ट्रियलिस्ट के घर में धावा बोलकर अलमारी का लॉकर तोड़ दिया और करीब 25 लाख रुपये कीमत के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गए। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।



मोहम्मदापुर गांव निवासी दधीच कटियार का गांव के बाहर स्कूल के पास प्रेस मड के रोल बनाने का कारखाना है। बताया गया कि घटना वाली रात दधीच कटियार अपने प्लांट पर मौजूद थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घर के अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। इसी दौरान चोर घर के पिछले हिस्से से अंदर दाखिल हुए और बाहर बने जीने के सहारे दूसरी मंजिल तक पहुंच गए। चोरों ने दधीच कटियार के कमरे को निशाना बनाते हुए वहां रखी अलमारी का लॉकर तोड़ दिया। अलमारी में रखे 20 हजार रुपये नगद समेत करीब 25 लाख रुपये कीमत के जेवरात चोर उठा ले गए। पीड़ित के अनुसार चोरी हुए सामान में सोने का एक हार, सोने का मंगल टीका, सोने की एक कंठी, सोने की एक चैन, सोने का लब, सोने की एक हाय, सोने का ओम, चांदी की तीन जोड़ी पायल, सोने की दो अंगूठी, एक लाकेट सोने का और सोने का मंगलसूत्र शामिल है। पीड़ित ने बताया कि चोर ज्वैलरी के डिब्बे एक झोले में भरकर ले गए और घर के पीछे खेत में जेवर निकालने के बाद खाली डिब्बे फेंक गए। सुबह जानकारी होने पर परिवार के होश उड़ गए। घटना की सूचना खमरिया पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# राम मंदिर बना, धारा 370 हटी, अब विकासवाद की राजनीति आगे बढ़ रही



**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- गोला में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शुरू, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं को दिया संदेश

राम जन्मभूमि का निर्माण होगा तो हुआ, धारा 370 हटेगी तो हटाई गई। राजनीति संकल्प और निष्ठा से चलती है। यह बात उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने गोला में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के उद्घाटन सत्र में कही। कुंज बिहारी राठी सभागार में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग में उन्होंने कहा कि संगठन आधारित राजनीति ही देश को मजबूत बना सकती है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनसंघ के समय जिन संकल्पों की बात कही गई थी, उन्हें आज पूरा किया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण से लेकर कश्मीर से धारा 370 हटाने तक के फैसलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह सब कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत हुआ है। कोरोना काल में भारत ने 120 देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराकर अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने कहा कि आज देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और पेट्रोलियम भंडारण से लेकर आधारभूत संरचना तक बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया था। उन्होंने कहा कि आज गरीबों को मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना के तहत इलाज, प्रधानमंत्री आवास और बेहतर सड़क जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे एयरपोर्ट और जेवर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का भी उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर संगठन की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पद के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रहित के लिए काम करते हैं।उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के सभी 11 सत्र पूरी गंभीरता और अनुशासन के साथ संपन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, विधायक अमन गिरी, मंजू त्यागी, शशांक वर्मा, सौरभ सिंह सोनू, लोकेंद्र प्रताप सिंह, विनोद शंकर अवस्थी समेत कई नेता मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा ने किया। इससे पहले डॉ. दिनेश शर्मा ने प्रशिक्षण स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।द्वितीय सत्र में अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण ही कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि संगठन का विस्तार उनके बिना संभव नहीं है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने चरित्रवान और सशक्त युवाओं की आवश्यकता बताई। तृतीय सत्र में उत्तराखंड से आए राजीव भंडारी ने संगठनात्मक मजबूती और प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता सदर विधायक योगेश वर्मा ने की। प्रशिक्षण वर्ग में गोला मंडल अध्यक्ष विनोद रस्तोगी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू', जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा, रविंद्र कटियार, राजीव मिश्रा, शौर्य सक्सेना, ज्योतिर्मय बरतरिया, अनूप शुक्ला, धीरज बाजपेयी समेत विभिन्न मंडलों और ब्लॉकों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## आईएमए की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन



**प्रतापगढ़।** आईएमए प्रतापगढ़ के डॉक्टरों ने रविवार को विश्व रक्त चाप के अवसर पर कंपनी बाग में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया ।इस शिविर में 100 से ज्यादा लोगों के रक्त चाप और ब्लड शुगर की जांच किया गया। अनियंत्रित रक्तचाप और ब्लड शुगर लेवल के लोगों डॉक्टरों द्वारा उनको उचित सलाह और इलाज के बारे में बताया गया। इस शिविर में आईएमए प्रतापगढ़ ब्रांच की प्रेसिडेंट डॉ. शशि प्रभा गुप्ता, डॉ. एसएस गुप्ता, डॉ. आरपी चौबे, डॉ. संजय कपूर, डॉ. एके कुलश्रेष्ठ, डॉ. नितिन पांडे, डॉ. सम्यक उपाध्याय, दवा कंपनी प्रतिनिधियों में संतोष पांडेय, अजय पांडेय आदि एवं स्वयंसेवकों ने इस शिविर को आयोजित करने में अपना महत्पूर्ण योगदान दिया।

## नवागत थानाध्यक्ष ने संभाली फरेंदा थाने की कमान

**महराजगंज।** जनपद की पुलिस व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी ने बड़े पैमाने पर फेर बदल किया है। इसी क्रम में पनियरा थाने से स्थानान्तरित होकर आए उपनिरीक्षक राघवेन्द्र सिंह को फरेंदा थाने की कमान सौंपी गई है। पूर्व में रहे थानाध्यक्ष फरेंदा योगेन्द्र राय को अपराध शाखा भिटौली स्थानांतरित किया गया है। लेकिन थाना प्रभारी फरेंदा के लिए फरेंदा में हुई चोरी की घटनाएं, नगर में बढ़ती जाम की समस्या, अवैध खनन, अवैध शराब आदि सवाल खड़े हैं ।इन सवालों को कैसे हल करेंगे जो एक चुनौती है। जब की इसके पूर्व दर्जनों चोरी की घटनाएं घटी है जिसका आज तक खुलासा नहीं हो पाया है ।जो एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित बिरसा मुंडा मूर्ति के आगे से पुलिस ने शनिवार की रात में मुखबिर की सूचना पर आरोपित को चाकू के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है एसआई सुरेंद्र राम मय हमराह हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र गुप्ता व जगदीश यादव के साथ अदवा कालोनी में गस्त कर रहे थे की मुखबिर की सूचना पर हथेड़ा गांव स्थित बिरसा मुंडा मूर्ति के आगे से आरोपित बडौही गांव निवासी अनिल को चाकू के साथ गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को निजी मुचलके पर छोड़ दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की आरोपित को चाकू के साथ गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# पंचशील पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया फ्रूट डे, बच्चों ने सीखा स्वस्थ खाने का महत्व

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के मवई कला गांव स्थित पंचशील पब्लिक स्कूल में फ्रूट डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को फलों के फायदे और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की थीम और फ्रूट्स अरे नेचर कैंडी रखी गई थी। बच्चों को बताया गया कि फल प्रकृति की ओर से मिली सबसे अच्छी मिठाई हैं और रोजाना फल खाने से शरीर स्वस्थ रहता है।छोटे बच्चों ने फ्रूट फैंसी ड्रेस में तरह-तरह के फलों की वेशभूषा पहनकर सबका मन मोह लिया।



इसके साथ ही और आयोजन किया गया। विजेताओं को देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चे खेल-खेल में स्वस्थ भोजन की आदत सीखते हैं। स्कूल ने बताया कि बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और फल खाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रबंधक आलोक मौर्य सहित अध्यापक मौजूद रहे।

# मलमास में कोटार नाथ धाम मंदिर में विशेष तैयारियां

- 15 सफाई कर्मी तैनात, महीने भर चलेगा रामचरित मानस पाठ



**हलिया (मिर्जापुर)।** मलमास माह के अवसर पर कोटार नाथ शिव धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छता के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है और धार्मिक अनुष्ठान पूरे महीने चलेंगे।मंदिर परिसर में साफ-सफाई के लिए एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने 15 सफाई कर्मी तैनात किए हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए परिसर को लगातार साफ रखा जा रहा है।मलमास माह में रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया है, जो पूरा एक महीना चलेगा। श्रद्धालु प्रतिदिन पाठ में शामिल होकर पुण्य लाभ ले रहे हैं।मंदिर मार्ग और परिसर के आसपास की सभी दुकानें सज गई हैं। ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह ने बताया कि सोमवार को मंदिर में भीड़ सबसे ज्यादा होती है। मलमास के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। प्रशासन और मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से व्यवस्था बनाए रखने और स्वच्छता में सहयोग की अपील की है।